वेबर ने वैधता के तीन आधार बताए हैं–तार्किकता, परम्परा एवं भावनाएँ। घरों में माता–पिता की सत्ता की वैधता प्रथा के आधार पर टिकी होती है। स्कूल में शिक्षकों की सत्ता कानूनी तार्किकता के आधार पर होती है। किसी धर्मगुरु की सत्ता भावनाओं या निष्ठा के आधार होती है। वैधता के ये स्वरूप शक्ति या सत्ता को समझने के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि जिस प्रकार की वैधता का दावा होगा, उसी के अनुरूप आज्ञाकारिता का स्वरूप भी होगा; उसी के अनुरूप प्रशासनिक स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी जिसका उद्देश्य आज्ञाकारिता को बनाए रखना होगा तथा इस वैधता के स्वरूप के अनुसार ही सत्ता का क्रियान्वयन और उसके परिणाम होंगे। वेबर के विश्लेषण में सत्ता को समझने से पूर्व वैधता की इस अवधारणा को समझना आवश्यक है क्योंकि वेबर ने सत्ता के जिन स्वरूपों का विश्लेषण किया है वे सभी वैध सत्ताएँ ही हैं। इस सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि में अब वेबर के शक्ति और सत्ता के सम्बन्ध में विचारों को स्पष्ट किया जा सकता है।

2.2 शक्ति की अवधारणा का स्पष्टीकरण : अर्थ एवं परिभाषाएँ

व्यक्ति समाज में अकेले नहीं रहते अपितु एक–दूसरे के साथ रहते हैं। समाज में रहते हुए उनके लिए समाज की राजनीति से सम्बन्ध रखना अनिवार्य नहीं है, न ही राजनीतिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेना ही अनिवार्य है। परन्तु एक साथ रहने के कारण उनके सम्बन्धों में एक–दूसरे का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जो अन्य व्यक्तियों को अपने किसी गुण अथवा किसी अन्य आधार के कारण प्रभावित करते हैं। शक्ति तथा सत्ता को समझने के लिए पहले प्रभाव (Influence) को समझना जरूरी है क्योंकि शक्ति प्रभाव का ही एक प्रकार है।

समाज में निरन्तर संघर्ष होते रहते हैं क्योंकि आज विभिन्नता तथा असहमति व्यक्ति के सामाजिक जीवन की अनिवार्य दशाएँ बन चुकी हैं। संघर्षों का प्रमुख कारण समाज में सीमित साधनों का पाया जाना है। 'साधन' शब्द का अभिप्राय वह माध्यम है जिसके द्वारा कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार को प्रभावित कर सकता है। **हैराल्ड लैसवैल** (Harold Lasswell) के अनुसार प्रभाव से अभिप्राय दूसरे व्यक्तियों की नीतियों को प्रभावित करना है। प्रभाव किसी व्यक्ति की अपनी इच्छानुसार दूसरे व्यक्तियों को बदलने की क्षमता है। वेबर ने लिखा है कि प्रत्येक प्रभाव शक्ति या सत्ता नहीं कहा जा सकता। उदाहरण के लिए–एक व्यक्ति जो किसी वस्तु का एकाधिकारी स्वामित्व रखता हो, वह इसके विनिमय में रुचि रखने वाले पक्ष को अपनी शर्तों पर सौदा करने के लिए बाध्य कर सकता है, जबकि उसके पास ऐसा करने की कोई शक्ति अथवा सत्ता नहीं है। इसी प्रकार, किसी विशेष प्रकार के गुण या श्रेष्ठता से भी कोई व्यक्ति प्रभावकारी स्थिति में आ जाता है; जैसे–शारीरिक सौन्दर्य या खेल में कुशलता या बौद्धिक प्रतिभा।

कुछ परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं जिसमें अनुपालन की सम्भावना बहुत कम होती है तथा ऐसी परिस्थिति में कर्ता का अन्य व्यक्तियों से अपनी बात मनवाने के लिए काफी प्रयास करना पड़ता है। यदि इस प्रयास में वह बल का प्रयोग करता है अथवा प्रयोग करने की धमकी देता है तो उसे शक्ति कहा जाता है। इस प्रकार, शक्ति प्रभाव का ही एक विशेष प्रकार है। शक्ति किसी व्यक्ति की नकारात्मक अथवा सकारात्मक अनुमोदन (Sanction) द्वारा दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार को प्रभावित करने की क्षमता है। सकारात्मक अनुमोदन पुरस्कार के रूप में हो सकता है, जबकि नकारात्मक अनुमोदन किसी वस्तु से वंचित

करने, नुकसान पहुँचाने या दण्ड देने की धमकी के रूप में हो सकता है। क्योंकि शक्ति दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार को प्रभावित करने की क्षमता है, इसलिए यह एक सापेक्षिक वि"ोषता है, न कि व्यक्तिगत वि"ोषता। वेबर ने '"ाक्ति' को परिभाषित करते हुए लिखा है कि, '"ाक्ति वह सम्भावना है जिसमें एक व्यक्ति ऐसे सामाजिक सम्बन्ध में होता है कि वह प्रतिरोध के बावजूद भी अपनी इच्छा को मनवा सके, चाहे इस सम्भावना का आधार कुछ भी हो।"

शक्ति का प्रयोग प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दोनों रूपों में किया जा सकता है। परन्तु सभी परिस्थितियों में शक्ति के दावे (Assertion) के लिए लगभग एक जैसे दाँव–पेच ही अपनाए जाते हैं। एक व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुकूल अन्य व्यक्तियों से अनुपालन या आज्ञाकारिता के लिए मूल रूप से तीन प्रकार के दबावों का प्रयोग कर सकता है–**प्रथम**, व्यक्ति अन्यों से अनुपालन के लिए किसी प्रकार के लाभ, वांछनीय वस्तु अथवा सामाजिक द"ाा का प्रलोभन दे सकता है। एक माता द्वारा खरीददारी के समय बच्चे को अच्छे व्यवहार के लिए चाकलेट देना, एक मिल–मालिक द्वारा श्रमिकों को अनुपस्थित न रहने तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए बोनस देना, अथवा किसी सफल राजनीतिक नेता द्वारा अपने समर्थकों को अच्छे पदों पर नियुक्ति में सहायता देना आदि अनुपालन के लिए प्रयुक्त इस प्रकार के कुछ उदाहरण हैं। **द्वितीय**, व्यक्ति अन्यों से अनुपालन के लिए किसी प्रकार की हानि या दण्ड–भय की धमकी दे सकता है। उदाहरणार्थ–नागरिक जानते हैं कि वैधानिक नियमों का उल्लंघन करने पर अथवा एक ताना"ाही शासन में ताना"ाह का विरोध करने पर उन्हें कैद की सजा हो सकती है। **तृतीय**, व्यक्ति अनुपालन के लिए सूचना अथवा लोगों के मूल्यों, मनोवृत्तियों व भावों को कार्य साधन बना सकता है। उदाहरणार्थ–कुछ एक पत्रकारों को सबल इसलिए माना जाता है कि उनके द्वारा लिखित लेख व प्रस्तुत सूचना वि"वसनीय होती है। एक राजनीतिक नेता जनता पर शासन बनाए रखने के लिए लोगों की मनोवृत्तियों व भावों को कार्य साधन बना सकता है। वास्तव में, व्यक्ति किस सीमा तक अन्य लोगों को अपनी शक्ति द्वारा प्रभावित कर सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कितनी दक्षता से वह इन दबावों का प्रयोग करता है।

शक्ति के दो प्रमुख लक्षण हैं–(1) यह **सम्बन्धमूलक** (Relational) होती है तथा (2) यह **स्थितिपरक** (Situational) होती है। शक्ति, यद्यपि व्यक्ति की किसी अन्य को प्रभावित करने की क्षमता है, फिर भी यह सरल व्यक्तिगत लक्षण न होकर मूल रूप से सम्बन्धमूलक है। शक्ति सदैव दो अथवा दो से अधिक कर्ताओं के बीच क्रिया"ाील होती है। यदि एक कर्ता शक्ति रखते हुए भी दूसरों को प्रभावित नहीं कर पाता है, तो उसकी शक्ति व्यर्थ हो जाती है। यह व्यवहार की तुलना एवं मूल्यांकन का आधार है। उदाहरणार्थ–एक धनवान के पास अपार धन एवं एक साहित्यकार के पास अपार प्रतिभा है। यदि हम यह पूछें कि इन दोनों में कौन अधिक शक्ति"ाली या सबल है, तो उत्तर देना कठिन हो जाएगा क्योंकि ऐसी स्थिति में दोनों के गुणों में असमानता होने के कारण किसी को भी शक्ति"ाली नहीं कहा जा सकता। इसका कारण यह है कि दोनों में शक्ति व्यक्तिगत वि"ोषता तो है परन्तु उनकी प्रभावित करने की क्षमता का पता नहीं है। धनवान व्यक्ति को हम उस स्थिति में शक्ति"ाली कहेंगे जबकि उसका धन साहित्यकार के लेखन को प्रभावित करेगा और साहित्यकार को शक्ति"ाली तब कहा जाएगा जबकि उसकी रचनाएँ धनवान को प्रभावित करेंगी।

शक्ति स्थितिपरक होती है अर्थात् इसे कर्ता किसी वि"ोष स्थिति में ही प्रयुक्त कर सकता है। उदाहरणार्थ–एक न्यायाधी"ा किसी मुकदमे में अपनी शक्ति का प्रयोग केवल न्यायालय के भीतर सम्बन्धित पक्षों पर ही कर सकता है। इसी प्रकार, लोकसभा का अध्यक्ष संसद सदस्यों पर अपनी शक्ति का प्रयोग सदन में ही कर सकता है और सदन के बाहर संसद सदस्यों पर उसकी शक्ति निष्क्रिय होती है। अतः यद्यपि शक्ति सम्बन्धमूलक है, फिर भी इसमें स्थितियाँ भी महत्त्वपूर्ण होती हैं।

शक्ति के प्रयोग में एक अन्य कारक महत्त्वपूर्ण है जिसे हम आ"ाय (Intention) कहते हैं। **दहल** (Dahl) ने अपनी परिभाषा में शक्ति द्वारा प्रभावित होने वाले व्यक्ति के आ"ाय को महत्त्व दिया है। 'अ' की 'ब' पर शक्ति उसी सीमा तक कही जाएगी जबकि 'अ' 'ब' से उसके आ"ाय के विरोध के बावजूद अपनी बात को मनवाने में सफल हो जाता है। परन्तु इस तर्क को स्वीकार करने में सबसे बड़ी कठिनाई यह है कि शक्ति द्वारा प्रभावित होने वाले व्यक्ति (उदाहरणार्थ 'ब') के आ"ाय का पता लगाना कठिन है। केवल कुछ–एक व्यक्तिगत सम्पर्क की स्थितियों में ही ऐसा सम्भव हो सकता है। उदाहरणार्थ–एक छात्र तो यह स्वीकार कर सकता है कि उसके व्यवहार को परिवर्तित करने (अर्थात् उसके आ"ाय से अन्य प्रकार का व्यवहार करने) में उसके प्राध्यापक का महत्त्वपूर्ण योगदान है परन्तु अन्य स्थितियों, वि"ोष रूप से राजनीतिक स्थितियों, में यह इतना सरल नहीं है। उदाहरणार्थ–किसी भी कारखाने के प्रबन्धक यह स्वीकार नहीं करेंगे कि उनकी नीति ट्रेड यूनियन के प्रतिकूल है जो कि उनकी यथार्थ नीति से भिन्न है। इस प्रकार, कोई भी राष्ट्र यह स्वीकार नहीं करेगा कि उसके कार्य या नीति किसी शक्ति"ाली राष्ट्र के प्रभाव के कारण परिवर्तित हो रही है।

यदि 'आ"ाय' शब्द का प्रयोग शक्ति को प्रयुक्त करने वाले व्यक्ति के सन्दर्भ से किया जाता है, तो आ"ाय सम्बन्धी उपुर्यक्त समस्या को काफी सीमा तक कम किया जा सकता है। इसके लिए हमें शक्ति की परिभाषा दहल की परिभाषा से भिन्न शब्दों में देनी होगी। यह कहा जा सकता है कि 'अ' के पास 'ब' पर शक्ति उसी स्थिति में होगी जबकि 'अ' 'ब' से अपने आ"ाय के अनुरूप कार्य ले सके। अन्य शब्दों में, हमें प्रभावित होने वाले व्यक्ति के आ"ाय के स्थान पर प्रभावित करने वाले (या शक्ति का प्रयोग करने वाले) व्यक्ति के आ"ाय को अधिक महत्त्व देना होगा। इसमें हमें यह देखने की कोई आव"यकता नहीं कि प्रभावित होने वाला व्यक्ति क्या स्वीकार करता है या क्या स्वीकार नहीं करता, अपितु हमें केवल यह देखना होगा कि प्रभावित करने वाले व्यक्ति का क्या आ"ाय है और प्रभावित होने वाला उसी आ"ाय के अनुरूप प्रभावित हुआ है या नहीं। परन्तु यह दृष्टिकोण भी प्रथम दृष्टिकोण की तरह समस्याहीन नहीं है। इसमें यदि शक्ति"ाली (उदाहरणार्थ–'अ') के आ"ाय का प्रभावित होने वाले (उदाहरणार्थ–'ब') को पता नहीं है, परन्तु फिर भी वह प्रभावित हो रहा है तो इस स्थिति में हमारे लिए यह कह पाना कठिन हो जाएगा कि 'अ' 'ब' पर शक्ति का प्रयोग कर रहा है। कुछ भी हो, शक्ति की परिभाषा तथा इसके प्रयोग के आ"ाय के महत्त्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

किसी भी कर्ता के पास राजनीतिक शक्ति स्थायी रूप से नहीं रहती। **पारसन्स** (Parsons) ने शक्ति की तुलना मुद्रा से की है। जिस प्रकार मुद्रा में परिचालन होता है, ठीक उसी प्रकार शक्ति में भी परिचालन होता है। उन्होंने शक्ति को समझने के लिए शून्य–योग (Zero-sum) संप्रत्यय को विकसित किया है अर्थात् यदि किसी के पास सकारात्मक शक्ति है तो उससे प्रभावित होने वालों के पास नकारात्मक शक्ति है और इन दोनों का योग शून्य होगा। उन्होंने स्रोतों के आधार पर शक्ति को तीन प्रकार का बताया है–"ाारीरिक शक्ति, भौतिक शक्ति तथा प्रतीकात्मक शक्ति। वास्तव में, शक्ति के अनेक स्रोत (यथा बल, सम्मान, धन–दौलत, व्यक्तिगत आकर्षण, प्रेम, प्रभाव, सत्ता व संगठन आदि) हो सकते हैं।

2.3 वैध शक्ति के रूप में सत्ता की अवधारणा का स्पष्टीकरण : अर्थ एवं परिभाषाएँ

राजनीतिक शक्ति समाज में स्थायित्व बनाए रखने, इसका संचालन करने तथा समाज में निरन्तरता बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण योगदान देती है। कुछ विद्वानों का कहना है कि राजनीतिक शक्ति में बल प्रयोग

किया जाता है अथवा प्रयोग करने की धमकी दी जाती है जिससे व्यक्तियों को अनुपालन करने के लिए बाध्य किया जाता है तथा इसी से समाज में स्थायित्व आता है, परन्तु वास्तव में, ऐसा नहीं है। समाज में स्थायित्व इसलिए नहीं आता कि राजनीतिक शक्ति में बल प्रयोग किया जाता है अपितु इसलिए आता है कि शक्ति को वैधता मजबूत करती है। जब राजनीतिक शक्ति के साथ वैधता को जोड़ दिया जाता है तो उसे सत्ता कहते हैं। वेबर के अनुसार सत्ता का सम्बन्ध शक्ति से है। वैध शक्ति (Legitimate power) को ही सत्ता कहा जाता है। सत्ता द्वारा ही सामाजिक क्रिया का परिसंचालन होता है तथा इसी के द्वारा समाज में स्थायित्व बना रहता है अथवा सामाजिक व्यवस्था का निर्धारण होता है। वेबर की सत्ता सम्बन्धों की चर्चा, अर्थात् कुछ व्यक्तियों के पास शक्ति कहाँ से आती है तथा वे यह अनुमान क्यों लगाते हैं कि अन्य व्यक्तियों को उनका अनुपालन करना चाहिए, वास्तव में, उनके आद"ार प्रारूप का ही एक उदाहरण है जिसमें वह सत्ता का तीन श्रेणियों में वर्गीकरण प्रस्तुत करते हैं।

इस प्रकार, शक्ति को जब वैधानिक रूप दे दिया जाता है तो उसे सत्ता कहा जाता है। सत्ता को मानना अथवा इसका पालन करना एक ऐच्छिक कार्य है। सत्ता ही समाज में स्थायित्व का वास्तविक आधार है। सत्ता केवल राजनीतिक क्रियाओं अथवा परिस्थितियों तक ही सीमित नहीं है अपितु सामाजिक जीवन के प्रत्येक पहलू में सत्ता क्रिया"ाील है तथा देखी जा सकती है। राजनीतिक तथा सामाजिक पहलुओं में अन्तर केवल इतना है कि पहले में सत्ता इसके साथ जुड़ी हुई है, जबकि दूसरे में शक्ति तथा सत्ता का वितरण समान रूप से नहीं है।

अतः वैधता अथवा औचित्यपूर्णता शक्ति शब्दावली के सभी शब्दों में जुड़ी हुई है। जब हम 'प्रभाव', '"ाक्ति' और 'सत्ता' की विवेचना करते हैं तो बार–बार हमारा ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित किया जाता है कि वे वैधता प्राप्त करने पर ही प्रभाव"ाली हो सकती हैं तथा हम इसी आधार पर दूसरों का व्यवहार परिवर्तित करने में सफल हो सकते हैं। बल प्रयोगात्मक या दमनात्मक शक्ति प्राचीनकाल में प्रभावकारी रही होगी परन्तु राजनीतिक विकास के परिणामस्वरूप इस प्रकार की शक्ति का प्रयोग कम होने लगा है और यदि होता भी है तो उसके पीछे जन–समर्थन होता है। शक्ति के प्रयोग के पीछे जन–समर्थन या सहमति ही वैधता है।

यदि सरकार को जनता वैध स्वीकार नहीं करती है तो सरकार के प्रति अवि"वास प्रकट किया जाता है। कई बार युद्ध और क्रान्तियों द्वारा सरकार का तख्ता तक पलट दिया जाता है। वास्तव में, कोई भी सरकार हिंसा, दण्ड या दमन के आधार पर अपना अस्तित्व नहीं बनाए रख सकती। वैधता जनता के मन में उसके प्रति वि"वास पैदा करती है और जनसाधारण उसे नैतिक दृष्टि से सही और उचित मानने लगता है। इस प्रकार का वि"वास राज्य व्यवस्था की सभी संरचनाओं, कार्यविधियों, नीतियों, अधिकारियों तथा नेताओं के प्रति होना ही वैधता कहलाता है। प्रजातन्त्रीय राज्यों में वैधता का महत्त्वपूर्ण स्थान है तथा इसके रहने पर द्वन्द्व एवं विवाद भी राज्य–व्यवस्था को कभी विभंग नहीं कर सकते।

वैधता के कारण ही अधीनस्थ अधिकारी अपने से उच्च अधिकारियों का आदे"ा मानते हैं। वैधता सारी व्यवस्था को सुचारु बना देती है। वास्तव में, वैधता के अभाव में शक्ति केवल बल (Force) है तथा इसके न होने पर शासकों का भी विरोध किया जाता है। वैधता एक विचार नियम है जो किसी व्यक्ति को शक्ति के प्रयोग का अधिकार देता है। 'वैधता' (Legitimacy) शब्द व्युत्पत्ति की दृष्टि से लैटिन भाषा के 'Legitimus' शब्द से बना है जिसका अर्थ 'विधि द्वारा गठित शक्तियों या न्यायाधी"ाो' से है। इसे 'वैधानिक' (Lawful) शब्द का समानार्थक माना जाता है। वैधता कोई नैतिक भावना या व्यक्तिनिष्ठ अवधारणा नहीं है। यह एक वि"वास है जिसके अनुसार नागरिकों तथा अधीनस्थों को शासन के कार्यों में उनके सही होने का

वि"वास रहता है। यह न्याय स्थापना की आव"यकता की भावना पर आधारित है। प्रजातन्त्र में वैधता प्राणस्वरूप होती है।

शक्ति एवं सत्ता '"ाक्ति शब्दावली' की दो प्रमुख अवधारणाएँ हैं। वैध अनुमोदन या संस्थागत शक्ति को ही सत्ता कहा जाता है। दोनों में पाई जाने वाली प्रमुख असमानताएँ निम्नांकित हैं–

(1) शक्ति दण्डभय द्वारा व्यक्तियों से अनुपालन करवाने की क्षमता है, जबकि सत्ता का अनुपालन ऐच्छिक कार्य होता है।

(2) समाज में सत्ता शक्ति की अपेक्षा अधिक प्रभाव"ाली मानी जाती है।

(3) शक्ति वैध तथा अवैध दोनों प्रकार की होती है, जबकि सत्ता केवल वैध शक्ति को ही कहा जाता है।

(4) सत्ता की अपेक्षा शक्ति एक अधिक व्यापक अवधारणा है। अधिकां"ा विद्वान् यह मानते हैं कि सत्ता शक्ति का एक वि"ोष प्रकार है।

(5) क्योंकि सत्ता वैध शक्ति है इसलिए इसके साथ वैधता सदैव जुड़ी रहती है। अन्य शब्दों में, शक्ति को वैधता प्रदान करके सत्ता में परिवर्तित किया जा सकता है।

(6) समाज के स्थायित्व एवं निरन्तरता में सत्ता का योगदान शक्ति से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

अतः हम यह कह सकते हैं कि सत्ता शक्ति का वैध रूप है। यदि कोई पिता अपने बच्चों को किसी कार्य के लिए डाँटता है या मारता है तो उसे वैध माना जाएगा और सत्ता कहा जाएगा क्योंकि बच्चों को समाज के अनुकूल व्यवहार करना सिखाना, पिता, माता व परिवार का मुख्य कार्य है। यदि कोई बदमा"ा मुहल्ले वालों को किसी कार्य के लिए तंग करता है तो उसे शक्ति कहा जाएगा क्योंकि बदमा"ा के पास मुहल्ले वालों से उनकी इच्छा के विरुद्ध कार्य करवाने का कोई अधिकार नहीं है।

2.4 सत्ता के विभिन्न प्रकार

मैक्स वेबर ने सत्ता को वैधता प्रदान करने वाले स्रोतों को तीन प्रकार का बताया है–

(1) चमत्कारिक स्रोत,

(2) परम्परागत स्रोत, तथा

(3) तार्किक स्रोत।

इन स्रोतों के आधार पर वेबर ने सत्ता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया है। ये हैं–

(1) चमत्कारिक सत्ता–इस प्रकार की सत्ता में व्यक्ति का अनुपालन उसकी चमत्कारिक वैयक्तिक वि"ोषताओं (गुणों) के कारण किया जाता है, चाहे ये गुण नैतिक हों या धार्मिक या अन्य किसी प्रकार के। चमत्कारिक सत्ता का आधार व्यक्ति के अपने गुण हैं। चमत्कार से अभिप्राय उन व्यक्तिगत गुणों से है जो किसी व्यक्ति को अन्य साधारण व्यक्तियों से भिन्न करते हैं। चमत्कारिक गुणों को अलौकिक, अतिमानवीय अथवा विशेष प्रकार की शक्ति या गुणों से सम्बन्धित माना जाता है। उदाहरण के लिए–धार्मिक नेताओं को इस श्रेणी में रखा जा सकता है। चमत्कारी सत्ता एक अपवाद स्वरूप होती है। अतिमानवीय, अतिप्राकृतिक शक्ति–सम्पन्न व्यक्ति भी एक क्रान्तिकारी नायक, सेनानायक, ताना"ााह अथवा सामाजिक हो सकता है। इस सत्ता का आधार सत्ताधारी के प्रति अनुयायियों की असीम भक्ति होती है। इस भाँति, वह सत्ता तार्किकता पर आधारित नहीं होती। इसका स्वरूप भावात्मक होता है। इस सत्ता में व्यवहार की सीमाओं और आद"ार्ों का निर्धारण स्वयं नेता करता है। यह दोनों ही प्रकार की हो सकती है–रचनात्मक भी और विध्वंसात्मक भी। प्राचीन समाजों में शिकार करने में अद्भुत कुशलता दिखाने वाले अथवा युद्ध में अद्वितीय कौशल दिखाने वाले व्यक्तियों को चमत्कारिक माना जाता था। यदि चमत्कारिक गुणों का प्रभाव अधिक देर

तक नहीं रहता, तो इन गुणों से युक्त व्यक्ति सोचता है कि उसकी जादुई शक्ति या दैवी शक्ति ने उसका साथ छोड़ दिया है।

(2) परम्परागत सत्ता–परम्परागत सत्ता में शक्ति की वैधता प्राचीनकाल से चली आ रही है व्यवस्था अथवा प्रतिमानों के कारण मिलती है। इस प्रकार की सत्ता पूर्व–आधुनिक समाजों में पाई जाती है। परम्परागत सत्ता में किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह को केवल इसलिए उच्च माना जाता है क्योंकि उनको परम्परागत रूप से ही उच्च माना जा सकता है। ऐसी सत्ता में आज्ञाकारिता का आधार श्रद्धा होती है। व्यक्ति आदेशों का पालन इसलिए करता है क्योंकि वह उन प्रथाओं में श्रद्धा रखता है जो आदे"ाकर्ता को आदे"ा देने योग्य स्थिति में रखे हुए हैं। इस भाँति, आज्ञाकारिता व्यक्ति–वि"ोष के प्रति होती है। पति–पत्नी के बीच पति की सत्ता का आधार परम्पराएँ ही हैं। पैतृकवाद, आयु की वरिष्ठता, पितृसत्तात्मक आदि इसी सत्ता के अन्य उदाहरण हैं। परम्परागत सत्ता मनमाने ढंग से नहीं लगाई जा सकती। प्रथाएँ ऐसी सत्ता के अधिकार व दायित्वों का दायरा तय करती है।

(3) तार्किक वैधानिक सत्ता–इस प्रकार की सत्ता में वैधता पद नियुक्ति के साथ जुड़ी हुई है। तार्किक वैधानिक सत्ता का पालन पद पर नियुक्त व्यक्ति के कारण नहीं किया जाता अपितु उस वैधानिक व्यवस्था द्वारा किया जाता है जो कि उस पद के साथ जुड़ी हुई है। उदाहरण के लिए–किसी मेयर के पास जो सत्ता है वह मेयर के पद पर उसकी नियुक्ति के कारण है, न कि उस पद पर नियुक्त व्यक्ति के कारण। आधुनिक समाजों तथा प्र"ाासन में सत्ता का यही प्रकार अत्यधिक महत्त्वपूर्ण हो गया है। कानूनी सत्ता अधिकारी या नेता के व्यक्तिगत गुणों पर आधारित नहीं होती। इस प्रकार, परम्पराएँ भी इस सत्ता की वैधता के लिए स्रोत नहीं हैं। कानूनी सत्ता का आधार अवैयक्तिक नियमों की स्वीकृति है, उनकी वैधता में वि"वास है। अधिकारी अपने आदे"ाों को वैध समझता है और उनके पालन करने वाले भी उन्हें ऐसा ही समझते हैं। उदाहरणार्थ–एक जज, सैनिक अधिकारी, कॉलेज के प्राचार्य आदि सभी अपने पद के अनुसार कानून द्वारा लिखित सत्ता का प्रयोग करते हैं।

सत्ता के इन तीन विभिन्न प्रकारों का वर्णन करते समय यह बात ध्यान देने योग्य हैं कि वेबर केवल वि"ाुद्ध प्रकारों का वर्णन करते हैं तथा वह इस बात के प्रति जागरूक थे कि आनुभविक वास्तविकता में सत्ता की वैधानिकता का केवल मिश्रण ही पाया जाता है। इस प्रकार यद्यपि **हिटलर** का प्रभुत्व काफी सीमा तक उसके चमत्कारिक गुणों के कारण था, फिर भी जर्मन कानून की संरचना में तार्किक–वैधानिक सत्ता के तत्त्वों तथा राष्ट्रीय समाजवाद की अपीलों में परम्परागत तत्त्व भी विद्यमान थे।

वेबर का सत्ता सम्बन्धों का वर्गीकरण अनेक प्रकार से महत्त्वपूर्ण कहा जा सकता है। वेबर का समाज"ाास्त्रीय योगदान इस बात में निहित है कि वे राजनीतिक सिद्धान्तकारों से भिन्न सत्ता को नेताओं तथा अनुयायियों के परस्पर सम्बन्धों के आधार पर परिभाषित करते हैं। यद्यपि वेबर चमत्कार की कोई ठोस परिभाषा नहीं देते फिर भी वेबर के ये विचार महत्त्वपूर्ण हैं कि नेता की भूमिका उसके अनुयायियों के उसके मि"ान के बारे में वि"वास से आँकी जा सकती है। जिसके जितने अधिक अनुयायी होंगे उसे उतना ही अधिक चमत्कारी कहा जा सकता है।

2.5 चमत्कारिक, तार्किक तथा परम्परागत सत्ता में भेद

चमत्कारिक सत्ता दैनिक जीवन तथा सांसारिक क्षेत्र की वास्तविकता से परे है। इस अर्थ में यह तार्किक सत्ता (वि"ोष रूप से नौकर"ााही) तथा परम्परागत सत्ता से भिन्न है। तार्किक तथा परम्परागत सत्ता का सम्बन्ध क्रिया के नियन्त्रण से सम्बन्धित दैनिक जीवन में वि"िाष्ट प्रकारों से है। नौकर"ााही सत्ता

इसलिए तार्किक है क्योंकि यह नियमों पर आधारित है, जबकि चमत्कारिक सत्ता प्रमुख रूप से अतार्किक (Irrational) है क्योंकि यह नियमों से परे हैं। परम्परागत सत्ता उन विधियों या कार्य करने के ढंगों से सम्बन्धित है जो भूतकाल से लिए गए हैं इसलिए यह भी कुछ नियमों पर आधारित है, जबकि चमत्कारिक सत्ता भूतकाल का विरोध करती है तथा इस अर्थ में यह एक वि"ाष्ट क्रान्तिकारी शक्ति कही जा सकती है। चमत्कारिक सत्ता में सम्पत्ति अथवा उच्च स्थिति वाले समूहों का कोई महत्त्व नहीं है तथा वैधता का आधार व्यक्तिगत चमत्कार है। जब तक व्यक्ति के चमत्कार को लोगों द्वारा मान्यता मिली हुई है तथा जब तक अनुयायी इससे सन्तुष्ट हैं तब तक यह सत्ता बनी रहती है।

2.6 सत्ता की अवधारणा की आलोचना

मैक्स वेबर का सत्ता का सिद्धान्त जहाँ पर एक ओर समाज"ाास्त्रीय सिद्धान्तों में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है, वहीं पर अनेक विद्वानों ने इस सिद्धान्त की आलोचना की है। **एटजियोनी** (Etzioni) ने वेबर के सिद्धान्त में निम्नलिखित प्रमुख कमियाँ बताई हैं–

(1) एटजियोनी की आलोचना का प्रथम बिन्दु वेबर की सत्ता का तीन श्रेणियों में विभाजन है। उनका कहना है कि तार्किक–वैधानिक, परम्परागत तथा चमत्कारिक सत्ता को पूर्ण रूप से एक–दूसरे से भिन्न करना कठिन है तथा वास्तविकता यह है कि सत्ता के अनेक मिश्रित रूप हो सकते हैं। उदाहरण के लिए–प्राचीन मिस्र में अनेक ऐसे प्र"ाासनिक संगठन थे जिनमें परम्परागत तथा नौकर"ाही सत्ता के तत्त्व एक साथ विद्यमान थे। प्राचीन चीन में भी सत्ता के मिश्रित रूपों का उल्लेख मिलता है। इन विचारों को यदि ध्यानपूर्वक देखा जाए तथा वेबर के आद"ार्ा प्रारूप के बारे में विचारों को सामने रखा जाए तो यह पता चलता है कि वेबर ने स्वयं इस कठिनाई को स्वीकार किया तथा यह बताया कि उसका सत्ता का वर्गीकरण आद"ार्ा प्रारूप है, न कि वास्तविकता का पूर्ण वर्णन। वास्तव में, यह आलोचना वेबर की सत्ता की अवधारणा की नहीं है अपितु उसकी आद"ार्ा प्रारूप की अवधारणा की है।

(2) एटजियोनी की आलोचना का दूसरा बिन्दु संगठन की संरचना की प्रकृति है। वेबर का कहना है कि प्रत्येक सत्ता निरन्तर रहती है, जबकि एटजियोनी इस बात पर बल देते हैं कि संगठन की संरचना की प्रकृति में परिवर्तन से सत्ता के स्रोत में भी परिवर्तन हो जाता है अर्थात् हो सकता है कि कानूनी सत्ता चमत्कारिक सत्ता में बदल जाए या परम्परागत सत्ता में बदल जाए। वह सैनिक संगठन के उदाहरण द्वारा अपने तर्क की पुष्टि करते हैं। सैनिक संगठन में कानूनी सत्ता की सभी वि"ोषताएँ पाई जाती हैं परन्तु युद्ध काल में नियमों की व्यवस्था प्रायः भंग–सी हो जाती है तथा इस संगठन में चमत्कारिक सत्ता के गुण आ जाते हैं। एटजियोनी के इस तर्क में काफी बल दिखाई देता है परन्तु इसकी भी सबसे बड़ी कमी यह है कि यह आरोप वेबर के आद"ार्ा प्रारूप के विचारों को सामने रखकर नहीं लगाया गया है।

(3) एटजियोनी; वेबर के इस मत से भी सहमत नहीं है कि चमत्कारिक सत्ता केवल उच्चतम पदों पर नियुक्त व्यक्तियों के पास ही होती है। क्योंकि वेबर ने इस सत्ता का स्रोत व्यक्तिगत गुणों से माना है, इसलिए यह सत्ता किसी भी व्यक्ति के पास हो सकती है, चाहे वह उच्च पद पर नियुक्त है अथवा निम्न पद पर। हो सकता है कि निम्न पद पर नियुक्त व्यक्ति भी अपने गुणों के आधार पर अपने से ऊँचे पदों पर नियुक्त व्यक्तियों को प्रभावित कर दे।

एटजियोनी की इन आलोचनाओं के बावजूद वेबर का सत्ता का सिद्धान्त समाज"ाास्त्रीय सिद्धान्तों में मुख्य स्थान रखता है।

2.7 सारांश

मैक्स वेबर का समाजशास्त्र को एक महत्त्वपूर्ण योगदान उनका सत्ता का सिद्धान्त है। इसी सिद्धान्त के आधार पर उन्होंने नौकरशाही की अवधारणा स्पष्ट करने का प्रयास किया है। सत्ता को शक्ति का एक रूप माना जाता है। शक्ति को किसी व्यक्ति के नकारात्मक अथवा सकारात्मक अनुमोदन द्वारा दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार को प्रभावित करने की क्षमता कहा जाता है। यदि शक्ति का आधार वैधता होता है, तो उसे सत्ता कहा जाता है। इस प्रकार वैध शक्ति को ही सत्ता कहा जाता है। वेबर ने सत्ता को वैधता प्रदान करने वाले तीन प्रमुख आधारों (चमत्कार, परम्परा तथा तार्किक वैधानिकता) के अनुरूप तीन श्रेणियों में विभाजित किया है–चमत्कारिक सत्ता (जिसमें सत्ता का अनुपालन व्यक्ति के चमत्कारिक गुणों के आधार पर होता है), परम्परागत सत्ता (जिसमें वैधता का आधार प्राचीनकाल से चली आ रही परम्पराएँ होती हैं) तथा तार्किक वैधानिक सत्ता (जिसमें वैधता का आधार व्यक्ति का वैधानिक पद होता है)। अनेक विद्वानों ने वेबर के सिद्धान्त की इस आधार पर आलोचना की है कि व्यवहार में सत्ता के इन तीनों स्वरूपों में भेद करना कठिन है।

2.8 शब्दावली

प्रभाव – इससे अभिप्राय किसी व्यक्ति की अपनी इच्छानुसार दूसरे व्यक्तियों को बदलने की क्षमता से है। इसमें दूसरे व्यक्ति स्वेच्छा से अनुपालन करते हैं तथा अनुपालन हेतु किसी प्रकार की धमकी नहीं दी जाती है।

शक्ति – शक्ति दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार को उनकी इच्छा के विरुद्ध बलपूर्वक प्रभावित करने की क्षमता है। इसमें प्रभावित करने वाला व्यक्ति अन्य व्यक्तियों के प्रतिरोध के बावजूद अपनी बात मनवाने में सफल रहता है।

सत्ता – जब शक्ति को वैधानिक रूप प्रदान कर दिया जाता है, तो उसे सत्ता कहते हैं। सत्ता का अनुपालन अन्य व्यक्ति स्वेच्छा से इसलिए करते हैं क्योंकि इसके पीछे वैधानिक व्यवस्था होती है।

चमत्कारिक सत्ता – जब किसी व्यक्ति का अनुपालन अन्य व्यक्ति उसके चमत्कारिक गुणों के आधार पर करते हैं, तो उसे चमत्कारिक सत्ता कहते हैं।

परम्परागत सत्ता – जिस शक्ति की वैधता का आधार प्राचीनकाल से चली आ रही परम्पराएँ होती हैं, उसे परम्परागत सत्ता कहते हैं।

तार्किक सत्ता – इस प्रकार की सत्ता में वैधता पद नियुक्ति के साथ जुड़ी होती है।

2.9 अभ्यास प्रश्न

1. वेबर के विचारों के सन्दर्भ में प्रभाव, शक्ति एवं सत्ता की अवधारणाएँ स्पष्ट कीजिए।
2. सत्ता किसे कहते हैं? इसके प्रमुख आधार कौन–से हैं? संक्षेप में समझाइए।
3. वेबर द्वारा प्रतिपादित सत्ता की अवधारणा स्पष्ट कीजिए।
4. वेबर के सत्ता के सिद्धान्त की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए।

2.10 संदर्भ ग्रन्थ सूची

Amitai Etzioni (1964), **Modern Organizations**, ***Prentice-Hall***, Englewood Cliffs, N.J.

H. D. Lasswell, Quoted by T. B. Bottomore (1964), **Elites and Society**, Penguin Books, London.

M. Haralambos and R. M. Heald (1991), **Sociology : Themes and Perspectives**, Oxford University Press, Delhi.

Max Weber (1922), **Economy and Society**, University of California Press, New York.

Max Weber (1949), **The Methodology of Social Sciences**, The Free Press, New York.

Max Weber (1947), **The Theory of Social and Economic Organization** (Edited by Talcott Parsons), Oxford University Press, New York.

Robert A. Dahl (1981), **Political Man : The Social Bases of Politics**, The Johns Hopkins University Press, Baltimore.

Talcott Parsons (1963) On the Concept of Political Power in **Proceedings of the American Philosophical Society**, Vol. 107, No. 3 (June 19, 1963), pp. 232-262.

इकाई 3 धर्म तथा अर्थव्यवस्था : प्रोटेस्टैण्ट इथिक एवं पूँजीवाद
Religion & Economy:Protestant Ethic & Capitalism

इकाई की रूपरेखा

3.0 उद्देश्य
3.1 प्रस्तावना
3.2 धर्म की अवधारणा का स्पष्टीकरण : अर्थ एवं परिभाषाएँ
3.3 अर्थव्यवस्था की अवधारणा का स्पष्टीकरण : अर्थ एवं परिभाषाएँ
3.4 प्रोटेस्टैण्ट इथिक एवं पूँजीवाद
3.5 सारांश
3.6 शब्दावली
3.7 अभ्यास प्रश्न
3.8 संदर्भ ग्रन्थ सूची

3.0 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई में मैक्स वेबर के धर्म तथा अर्थव्यवस्था के बारे में विचारों को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने अपने अध्ययन में इन दोनों में कार्य–कारण सम्बन्ध स्थापित किया है। उनका धर्म का अध्ययन प्रोटेस्टैण्ट इथिक से सम्बन्धित है, जबकि अर्थव्यवस्था को उन्होंने यूरोप में पाए जाने वाले पूँजीवाद तक अपने को सीमित रखा है। आशा है कि इस इकाई को पढ़ने के बाद, आप :

- धर्म की अवधारणा को समझ सकेंगे;
- अर्थव्यवस्था की अवधारणा की व्याख्या कर सकेंगे;
- वेबर के प्रोटेस्टैण्ट इथिक एवं पूँजीवाद के आदर्श प्रारूपों को स्पष्ट कर पाएँगे; तथा
- वेबर द्वारा प्रतिपादित धर्म एवं अर्थव्यवस्था में सम्बन्धों की समीक्षा कर पाएँगे।

3.1 प्रस्तावना

समाजशास्त्र का सम्बन्ध धार्मिक घटनाओं के सार के अध्ययन से नहीं है अपितु धर्म द्वारा प्रभावित व्यवहार के अध्ययन से है क्योंकि यह विशेष अनुभवों तथा विशिष्ट धारणाओं एवं लक्ष्यों पर आधारित है। समाजशास्त्री को धार्मिक जीवन के अर्थपूर्ण व्यवहार का ही अध्ययन करना चाहिए। समाजशास्त्री को अपना ध्यान धार्मिक व्यवहार से उत्पन्न अन्य क्रियाओं (जैसे नैतिक, आर्थिक, राजनीतिक, कलात्मक इत्यादि) के प्रभाव पर केन्द्रित करना चाहिए तथा उन संघर्षों का पता लगाने का प्रयास करना चाहिए जो कि धार्मिक मूल्यों में विजातीयता के परिणामस्वरूप उत्पन्न होते हैं।

वेबर ने समाजशास्त्र में धर्म को विशेष महत्त्व दिया है। इनका कहना है कि समाजशास्त्र की धार्मिक घटना के सार के अध्ययन में कोई रुचि नहीं है अपितु धर्म द्वारा निर्धारित व्यवहार के अध्ययन में है। धार्मिक जीवों के अर्थपूर्ण व्यवहार का समाजशास्त्रियों द्वारा अध्ययन किया जाना चाहिए। धर्म के समाजशास्त्रीय अध्ययन आर्थिक अथवा राजनीतिक और विशेष रूप से नैतिकता सम्बन्धी समाजशास्त्रीय

अध्ययन भी हैं। यद्यपि वेबर ने अपना जीवन एक अर्थशास्त्री के रूप में शुरू किया, फिर भी धर्म का समाजशास्त्र उनके अध्ययनों का केन्द्रीय बिन्दु बना रहा। वेबर का प्रोटेस्टैण्ट इथिक का अध्ययन उनका इस क्षेत्र में किया गया महत्त्वपूर्ण अध्ययन है जिसमें वे प्रोटेस्टैण्ट इथिक का आदर्श प्रारूप बनाकर अन्य धर्मों से इसकी तुलना करते हैं तथा इनमें भिन्नता बताते हैं। वह इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि प्रोटेस्टैण्ट इथिक के उपदेश इस प्रकार के हैं कि इनके दूरगामी आर्थिक परिणाम होते हैं तथा इनसे पूँजीवाद की आत्मा विकसित होती है।

3.2 धर्म की अवधारणा का स्पष्टीकरण : अर्थ एवं परिभाषाएँ

धर्म मनुष्य के जीवन का एक अनिवार्य तत्त्व है। धर्म की विशेषताओं, आदर्शों और जीवन को संगठित करने से सम्बन्धित उसके कार्यों को देखते हुए यह स्वीकार कर लेना पड़ता है कि धर्म एक ऐसा अमूर्त तत्त्व है जो मनुष्य की बुनियादी आवश्यकताओं से भी बढ़कर महत्त्वपूर्ण है। **डेविस** (Davis) के शब्दों में, ''मानव समाज में धर्म इतना सार्वभौमिक, स्थायी एवं व्यापक है कि धर्म को स्पष्ट रूप से समझे बिना हम समाज को नहीं समझ सकते हैं।'' इसी कारण धर्म काफी लम्बे समय से अध्ययन एवं चिन्तन का विषय रहा है।

कुछ पाश्चात्य विद्वानों का कथन है कि धर्म केवल सभ्य समाज के साथ ही जुड़ा हुआ है, परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है। धर्म जनजातियों में भी किसी–न–किसी रूप में पाया जाता है। वास्तविकता यह है कि सभ्य समाज के धर्म की पृष्ठभूमि जनजातीय समाज से ही निर्मित हुई है और सभ्य जीवन का धर्म जनजातीय धर्म का ही संशोधित एवं परिवर्तित रूप है। यद्यपि धर्म सभी ज्ञात समाजों में विद्यमान है, तथापि धार्मिक विश्वास और व्यवहार एक संस्कृति से दूसरी संस्कृति में बदलते रहते हैं। धर्म के साथ अनेक अनुष्ठान जुड़े हुए होते हैं। प्रार्थना करना, गुणगान करना, भजन गाना, विशेष प्रकार का भोजन करना या न करना, उपवास रखना आदि आनुष्ठानिक कार्य ही हैं। समाजशास्त्र में धर्म का अध्ययन धार्मिक या ईश्वरमीमांसीय अध्ययन से भिन्न है।

गिलिन एवं **गिलिन** (Gillin and Gillin) के अनुसार सामाजिक विज्ञानों में धर्म की वास्तविकता के सन्दर्भ में उसकी सत्यता या असत्यता का अध्ययन नहीं किया जाता, वरन् सामाजिक जीवन के एक पहलू के रूप में धर्म का अध्ययन किया जाता है। समाजशास्त्र की मुख्य रुचि यह ज्ञात करने में है कि धर्म समाज में कैसे कार्य करता है तथा अन्य संस्थाओं से इसका क्या सम्बन्ध है। विभिन्न समाजों के तुलनात्मक अध्ययनों द्वारा धर्म की भूमिका की समीक्षा करने का प्रयास किया जाता है। धर्म, धार्मिक विश्वास, व्यवहार एवं संस्थाएँ संस्कृति के अन्य पक्षों को जिस रूप में प्रभावित करती हैं, इसे ज्ञात करने में भी समाजशास्त्रियों की विशेष रुचि होती है। धर्म एक पवित्र क्षेत्र है। **दुर्खीम** एवं **वेबर** द्वारा धर्म पर किए गए अध्ययन धार्मिक या ईश्वरमीमांसीय अध्ययनों से पूर्णतः भिन्न हैं। संक्षेप में, यह कहा जा सकता है कि समाजशास्त्र की रुचि धर्म का अलग क्षेत्र के रूप में अध्ययन करने में नहीं है, अपितु इसे समाज की अन्य संस्थाओं के साथ सम्बन्धों के सन्दर्भ में ही देखा जाता है। साथ ही, समाजशास्त्र में धर्म के अध्ययन में अधिकतर तुलनात्मक पद्धति का प्रयोग किया जाता है। धर्म किसी व्यक्ति की निजी आस्था का मामला ही नहीं होता, अपितु इसका सार्वजनिक स्वरूप भी होता है। धर्म का यही सार्वजनिक स्वरूप समाज की अन्य संस्थाओं के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण होता है।

धर्म अलौकिक शक्तियों में विश्वास एवं इनकी उपासना पर आधारित है। धर्म का सम्बन्ध हमारी मानसिक प्रवृत्ति से होता है जिसका प्रादुर्भाव हमारे विचारों और संस्कारों द्वारा होता है। 'धर्म' शब्द 'धृ' धातु

से बना है जिसका अर्थ धारण करना है अर्थात् जिसके द्वारा ब्रह्माण्ड धारण किया जाता है। अधिकतर धर्म को किसी अतिमानवीय शक्ति के प्रति विश्वास, किसी पवित्र वस्तु के प्रति विश्वास या किसी आध्यात्मिक शक्ति के प्रति विश्वास के रूप में देखा जाता है। यह एक प्रकार से विश्वासों, प्रतीकों, मूल्यों एवं क्रियाओं की संस्थागत प्रणाली है जो मनुष्यों के समूहों को जीवन के परम लक्ष्यों या प्रश्नों का समाधान प्रदान करती है। विभिन्न विचारकों ने धर्म की भिन्न–भिन्न परिभाषाएँ प्रस्तुत की हैं। कुछ प्रमुख परिभाषाएँ निम्न प्रकार हैं–

टॉयलर (Tylor) के अनुसार–''धर्म आध्यात्मिक शक्ति पर विश्वास है।'' टॉयलर ने अपनी परिभाषा में धर्म को प्रत्यक्ष रूप से आध्यात्मिक विश्वास के साथ सम्बन्धित किया है। जब मनुष्य अपनी शक्ति और विवेक से किसी घटना के कारण को समझने में असमर्थ हो जाता है तो वह भय और श्रद्धा के फलस्वरूप किसी–न–किसी अलौकिक शक्ति पर विश्वास करने लगता है। यही धर्म है।

मैलिनोव्स्की (Malinowski) के अनुसार–''धर्म क्रिया की एक विधि और साथ ही विश्वासों की एक व्यवस्था भी है। धर्म एक समाजशास्त्रातय तथ्य होने के साथ ही एक व्यक्तिगत अनुभव भी है।'' मैलिनोव्स्की ने धर्म को विश्वासों पर आधारित एक व्यवस्था माना है जिसे पूरा करने के लिए अनेक प्रक्रियाओं से होकर गुजरना पड़ता है। साथ ही, मैलिनोव्स्की ने धर्म को एक ऐसा तथ्य माना है जो सम्पूर्ण समाज को सामूहिक रूप से प्रभावित करने के साथ–साथ व्यक्तिगत रूप से समाज के प्रत्येक सदस्य को भी प्रभावित करता है।

मजूमदार एवं **मदन** (Majumdar and Madan) के अनुसार–''धर्म किसी अलौकिक और अतीन्द्रिय शक्ति के भय का एक मानवीय प्रत्युत्तर है। यह व्यवहार की अभिव्यक्ति अथवा परिस्थितियों से किए गए अनुकूलन का वह रूप है जो अलौकिक शक्ति की धारणा से प्रभावित होता है।'' मजूमदार एवं मदन के अनुसार जब मनुष्य अतीन्द्रिय (परामानवीय) शक्ति से भयभीत हो जाता है तो वह धर्म के रूप में ही अपने भय को अभिव्यक्त करता है। इस तरह से, धर्म असामान्य परिस्थितियों को सामान्य बनाने के लिए किया गया मानवीय प्रयास है जो अतिमानवीय धारणा पर विश्वास करके ही सफल हो सकता है।

जॉनसन (Johnson) के अनुसार–''धर्म कम या अधिक रूप में उच्च अलौकिक व्यवस्था या प्राणियों, शक्तियों, स्थानों एवं अन्य तत्त्वों के सम्बन्ध में विश्वासों एवं व्यवहारों की एक स्थिर प्रणाली है।'' इस परिभाषा से धर्म के बारे में निम्नलिखित बातें स्पष्ट होती हैं–

(1) धर्म ईश्वर या ईश्वरों के सम्बन्ध में विश्वासों व व्यवहारों की प्रणाली है।

(2) उच्च अलौकिक प्राणियों से अभिप्राय ईश्वर अथवा देवताओं से है।

(3) अलौकिक शक्तियों से तात्पर्य पवित्र भावनाओं अथवा आत्माओं से है।

(4) स्थानों का अर्थ स्वर्ग, नरक आदि से है।

(5) अन्य तत्त्वों से तात्पर्य आत्मा से है।

(6) उच्च अलौकिक से तात्पर्य है–जिसकी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जाँच न की जा सके।

इस प्रकार, धर्म को किसी–न–किसी रूप में अतिमानवीय शक्ति पर विश्वास के रूप में ही स्पष्ट किया गया है। इसके विपरीत, **डॉ० राधाकृष्णन्** द्वारा धर्म की दी हुई परिभाषा, धर्म को सीधे–सीधे सामाजिक रूप देती है। उन्हीं के शब्दों में, ''जिन सिद्धान्तों के अनुसार हम अपना दैनिक जीवन व्यतीत करते हैं, जिसके द्वारा हमारे सामाजिक सम्बन्धों की स्थापना होती है, वही धर्म है। वह जीवन का सत्य है और हमारी प्रकृति को निर्धारित करने वाली शक्ति है।''

धर्म के दो पक्ष हैं–आन्तरिक पक्ष (Internal aspect) तथा बाह्य पक्ष (External aspect)। प्रथम पक्ष में विचारों का समूह, संवेग व भावनाएँ, धार्मिक प्रथाएँ तथा मानव के ईश्वर से सम्बन्धित कार्यों के सम्बन्ध में विश्वास आदि आन्तरिक बातें सम्मिलित होती हैं, जबकि द्वितीय पक्ष में प्रार्थना की प्रथा, धार्मिक उत्सव,

स्मृतियाँ आदि आते हैं। इनके माध्यम से धार्मिक विश्वास की अभिव्यक्ति की जाती है। इसी में धार्मिक संस्थाएँ–जैसे चर्च, मन्दिर, मसजिद आदि भी आते हैं।

3.3 अर्थव्यवस्था की अवधारणा का स्पष्टीकरण : अर्थ एवं परिभाषाएँ

अर्थव्यवस्था संगठनों एवं संसाधनों की एक ऐसी प्रणाली है जो किसी समाज में वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन एवं वितरण को सुगम बनाती है अथवा किसी–न–किसी रूप में इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निष्पादित करती है। अर्थव्यवस्था ही यह निर्धारित करती है कि समाज के सदस्यों में संसाधन किस प्रकार से वितरित होंगे, वस्तुओं एवं सेवाओं का मूल्य क्या होगा तथा किन वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार अथवा विनिमय होगा। **जेम्स पाल** (James Paul) एवं सहयोगियों ने अर्थव्यवस्था को परिभाषित करते हुए लिखा है कि, "अर्थव्यवस्था वह सामाजिक अधिकार क्षेत्र (Social domain) है जो संसाधनों के उत्पादन, प्रयोग एवं प्रबन्धन से सम्बन्धित क्रियाओं, सम्भाषणों तथा भौतिक अभिव्यक्ति से आबद्ध होता है।" इस शब्द का आज सर्वाधिक प्रयोग 'किसी समाज की आर्थिक व्यवस्था' हेतु किया जाता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि जिस व्यवस्था या ढाँचे के अन्तर्गत समस्त आर्थिक क्रियाओं का वर्णन किया जाता है उसे अर्थव्यवस्था कहते हैं। इसका तात्पर्य किसी क्षेत्र, प्रदेश या देश की आवश्यकताओं की सन्तुष्टि से भी है। जिस क्षेत्र, प्रदेश या देश में आवश्यकताओं की सन्तुष्टि जितनी अधिक होगी, वहाँ की अर्थव्यवस्था उतनी ही अधिक मजबूत मानी जाएगी।

अर्थव्यवस्था किसी समाज की वह प्रकार्यात्मक उप–व्यवस्था है जो समाज के अनुकूलन की समस्या को हल करती है। इसीलिए इसे अनुकूलनकारी उप–व्यवस्था (Adaptive sub-system) भी कहा गया है। अर्थव्यवस्था को एक सामाजिक उप–व्यवस्था के रूप में परिभाषित करते हुए **नील जे० स्मेलसर** (Neil J. Smelser) ने लिखा है, ''अर्थव्यवस्था को एक सामाजिक उप–व्यवस्था के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि वह सीमित वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग में लगी इकाइयों के मध्य परस्पर अन्तर्सम्बन्धों से बनती है।'' उदाहरण के लिए–उत्पादन की प्रक्रिया को लेते हैं। उत्पादन की आवश्यकताओं की पूर्ति में अनेक इकाइयों का संकुल भाग लेता है। अर्थव्यवस्था की एक सीमा पर उच्च शिक्षा और विज्ञान की वे संरचनाएँ हैं जो ज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रदान करती हैं जिन्हें उत्पादन के भूमि रूपी कारक में शामिल किया जा सकता है। अर्थव्यवस्था की दूसरी सीमा पर गृहस्थ और शिक्षा संस्थाएँ हैं जो उत्पादन के लिए प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित श्रम की पूर्ति करती हैं। अर्थव्यवस्था की तीसरी सीमा पर बैंक, सरकार और अन्य वित्तीय संरचनाएँ होती हैं जो उत्पादन के लिए आवश्यक पूँजी की पूर्ति करती हैं। इसी प्रकार, अर्थव्यवस्था की अन्तिम सीमा पर वे विशिष्ट संरचनाएँ हैं जो इस व्यवस्था के लिए संगठनात्मक नियमों का निर्देशन करती हैं। उत्पादन के ये चारों कारक किसी फर्म में माँग और पूर्ति की शक्तियों द्वारा निर्धारित दर पर प्रवेश पाते हैं। तब फर्म वस्तुओं का उत्पादन करती है। उत्पादन के पश्चात् बाजार और विनिमय की प्रक्रिया और माँग एवं पूर्ति के यन्त्रविन्यास से गुजरते हुए एक निश्चित मूल्य पर वस्तुएँ उपभोक्ताओं तक पहुँचती हैं। इस प्रकार, हम देखते हैं कि अर्थव्यवस्था प्रकार्यात्मक रूप में समाज की एक पृथक् उप–व्यवस्था है। वह समाज के लिए आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन और वितरण करती है।

उपर्युक्त अर्थ में अर्थव्यवस्था ऐसी सुविधाओं को उत्पन्न करती है जो सामान्य रूप से परिवार, समुदाय, राज्य आदि सभी के लिए आवश्यक है। यहाँ यह भी स्मरण रखने योग्य है कि हम अर्थव्यवस्था को जब समाज की एक प्रकार्यात्मक उप–व्यवस्था के रूप में देख रहे हैं तो हम उससे जुडे मूर्त समूहों जैसे कल–कारखाने, व्यापारिक फर्मों तथा श्रम–संघों का वर्णन नहीं कर रहे हैं। हमारा ध्यान इन मूर्त समूहों के

बीच संस्थात्मक सम्बन्धों पर केन्द्रित है। यहाँ यह भी स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि अर्थव्यवस्था ही समाज के अनुकूलन की समस्या से जुड़ी नहीं है। परिवार, नातेदारी और सरकार जैसी संरचनाएँ भी उसमें भाग लेती हैं और अर्थव्यवस्था भी इन अन्य संरचनाओं के विशिष्ट प्रकार्यों में सहायता देती है। परन्तु अनुकूलन में प्रमुख भूमिका अर्थव्यवस्था की ही है।

3.4 प्रोटेस्टैण्ट इथिक एवं पूँजोवाद

वेबर के अनुसार धर्म का समाजशास्त्रीय अध्ययन एक प्रकार से आर्थिक, राजनीतिक तथा विशेष रूप से नैतिकता सम्बन्धी समाजशास्त्रीय अध्ययन भी है। यद्यपि वेबर ने अपना समाजशास्त्रीय जीवन अर्थशास्त्र के बारे में विचार व्यक्त करने से शुरू किया, फिर भी धर्म का समाजशास्त्र उनके अध्ययन का केन्द्र बिन्दु रहा है। वेबर ने प्रमुख रूप से धार्मिक व्यवहार का नैतिकता तथा आर्थिक घटनाओं पर प्रभाव का अध्ययन किया तथा राजनीति और शिक्षा पर प्रभाव पर भी अपने विचार व्यक्त किए। इनके अनुसार धार्मिक व जादुई क्रियाएँ सापेक्षिक रूप से तार्किक हैं क्योंकि ये अनुभवों के सामान्य नियमों पर आधारित हैं। इसलिए इन क्रियाओं को लक्ष्य निर्धारित क्रियाओं (Goal-oriented activities) की परिधि से बाहर रखना ठीक नहीं है। वेबर ने धर्म के समाजशास्त्र में दैवी शक्ति की अवधारणा को केन्द्रीय बिन्दु माना है, यद्यपि कुछ धर्म (जादुई अथवा आत्मवादी) ईश्वर को नहीं मानते तथा 'आत्माओं' को महत्त्व देते हैं। उदाहरण के लिए–बौद्ध धर्म में ईश्वरीय शक्ति के विचार नहीं पाए जाते। धर्म के समाजशास्त्र के लिए जो बात महत्त्वपूर्ण है वह है प्राकृतिक शक्तियों के सम्बन्ध में व्यक्ति की धार्मिक क्रियाएँ अथवा व्यवहार। क्योंकि ये शक्तियाँ सामान्य अवलोकन क्षेत्र से बाहर हैं, इसलिए इनके प्रतीकों को व्यक्ति की क्रियाएँ समझते समय सामने रखा जा सकता है।

वेबर का धर्म के समाजशास्त्र से सम्बन्धित सबसे प्रमुख अध्ययन 'प्रोटेस्टैण्ट इथिक एण्ड द स्प्रिट ऑफ केपिटेलिज्म' माना जाता है। पूँजीवाद के तत्त्व रोम, चीन तथा भारतीय समाजों में भी पाए जाते हैं, परन्तु इन तत्त्वों से इन समाजों में तार्किकता नहीं आई जो कि आधुनिक पूँजीवाद की विशेषता है। यह घटना (पूँजीवाद) केवल पश्चिमी देशों तक ही सीमित है। प्रश्न यह है कि आधुनिक पूँजीवाद केवल पश्चिमी देशों में ही क्यों विकसित हुआ, अन्य देशों में क्यों नहीं? इस प्रश्न के उत्तर में वेबर ने प्रोटेस्टैण्ट इथिक तथा पूँजीवाद की आत्मा का अध्ययन किया और इनमें कार्य–कारण सम्बन्धों की प्रामाणिकता को सिद्ध किया। प्रोटेस्टैण्ट इथिक जीवन की तार्किकता का एक आधार है जिसने पूँजीवाद की आत्मा को विकसित करने में सहायता दी है। फिर भी, यह पूँजीवाद का केवल मात्र तथा पर्याप्त कारण नहीं है। प्रोटेस्टैण्ट इथिक पूँजीवाद का एकमात्र कारण नहीं है अपितु विभिन्न कारणों में से एक कारण है जो पूँजीवाद के कुछ पहलुओं को विकसित करता है। कौन से विचार अथवा मूल्य पूँजीवाद की आत्मा को विकसित करते हैं? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए वेबर ने प्रोटेस्टैण्ट समूहों–जैसे केलविनिस्ट (Calvinist), प्रीटिस्ट (Pretist), मैथोडिस्ट (Methodist), बेपटिस्ट (Bapatist) इत्यादि का अध्ययन करके इनके आधारभूत उपदेशों तथा शिक्षाओं का पता लगाया।

यद्यपि मैक्स वेबर की यह मान्यता थी कि आर्थिक कारण मानव समाज में मौलिक कारण है, फिर भी वह इस बात से इनकार नहीं करते कि अन्य कारणों की समाज में कोई भूमिका ही नहीं है। वेबर ने आर्थिक कारणों के अतिरिक्त, मूल्यों की भूमिका की ओर भी काफी ध्यान दिया। वास्तव में, इनके अनुसार जितने अधिक कारकों को ध्यान में रखा जाए उतना ही अच्छा है। मार्क्स तथा वेबर के विचारों में आर्थिक कारणों को महत्त्वपूर्ण मानने की दृष्टि से मौलिक अन्तर नहीं पाया जाता।

पश्चिमी यूरोप में पूँजीवाद का विकास एक विशिष्ट अथवा अनुपम घटना है। मैक्स वेबर ने इस प्रश्न पर विचार करना शुरू किया कि पूँजीवाद का विकास केवल पश्चिमी समाजों में ही क्यों हुआ अन्य समाजों में क्यों नहीं, जबकि वहाँ की परिस्थितियाँ भी पश्चिमी देशों के समान ही थीं? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए वेबर ने विभिन्न समाजों की तुलना की तथा यह पाया कि यद्यपि परिस्थितियाँ कुछ गैर–पश्चिमी समाजों में भी ऐसी थीं कि पूँजीवाद विकसित हो सकता था, परन्तु वास्तव में नहीं हुआ क्योंकि उन समाजों तथा पश्चिमी समाजों के धार्मिक आचारों में भिन्नता थी। पश्चिमी देशों में धार्मिक आचार ऐसे हैं कि उनका आर्थिक जीवन पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार, वेबर का यह अध्ययन तुलनात्मक विधि पर आधारित है।

वेबर के पूँजीवादी एवं प्रोटेस्टैण्ट धर्म के अध्ययन में समाजशास्त्र तथा इतिहास का संकलित रूप दिखाई देता है क्योंकि यह ऐतिहासिक घटना का समाजशास्त्रीय अध्ययन है। इस अध्ययन में भी वेबर आदर्श प्रारूप की अवधारणा की सहायता लेते हैं तथा प्रोटेस्टैण्ट इथिक का आदर्श प्रारूप बनाकर इसकी अन्य धर्मों से तुलना करके उनमें अन्तर देखने का प्रयास करते हैं।

प्रोटेस्टैण्ट ईसाई धर्म का एक मत है। 'इथिक' से अभिप्राय व्यवहार के आचार या नियम (Code of conduct) हैं, जबकि पूँजीवाद एक आर्थिक घटना है और 'स्प्रिट' से अभिप्राय अनिवार्य विशेषताएँ या मानसिक शक्ति (Essential features or mentality) है। वेबर के मतानुसार प्रोटेस्टैण्ट इथिक के प्रमुख तत्त्व तार्किकता, लाभ की इच्छा, परिश्रम, बचत एवं पूँजी संग्रह, साहस तथा नौकरशाही संगठन है। वेबर का उद्देश्य प्रोटेस्टैण्ट धर्म के व्यवहार के नियमों तथा पूँजीवाद की मानसिक शक्ति में पाए जाने वाले पारस्परिक सम्बन्धों का अध्ययन करना था। इसके लिए उन्होंने ईसाई धर्म का विस्तृत अध्ययन किया तथा इसकी तुलना संसार के अन्य प्रमुख धर्मों से की। इस तुलना से वेबर ने यह उपकल्पना बनाई कि पश्चिमी यूरोप में प्रोटेस्टैण्ट इथिक का पाया जाना पूँजीवाद की आत्मा का कारण है। वेबर मानते हैं कि आधुनिक पश्चिमी पूँजीवाद का उदय प्रोटेस्टैण्ट इथिक की मान्यताओं का परिणाम है। आधुनिक पूँजीवाद की आत्मा प्रोटेस्टैण्टवाद तथा इसके व्यवहार के नियमों एवं व्यावहारिक नैतिकता में समाई हुई है।

वेबर ने धर्म के अध्ययन में 'प्रोटेस्टैण्ट इथिक' तथा 'आधुनिक पूँजीवाद' के आद"ार प्रारूप निर्मित किए तथा यह द"ार्ाने का प्रयास किया कि यूरोप में आधुनिक पूँजीवाद के उदय के कारण प्रोटेस्टैण्ट इथिक है अर्थात् प्रोटेस्टैण्ट इथिक कारण है, जबकि आधुनिक पूँजीवाद इसका परिणाम। इनके इन्हीं दो आद"ार प्रारूपों को निम्नवत् प्रस्तुत किया जा सकता है–

(अ) प्रोटेस्टैण्ट इथिक का आदर्श प्रारूप–सर्वप्रथम वेबर प्रोटेस्टैण्ट इथिक को आद"ार प्रारूप बनाते हैं जिससे वह यह जानने का प्रयास करते हैं कि इनमें कौन–कौन से व्यवहार नियम (आचार) हैं जिन्हें पूँजीवाद की आत्मा कहा जा सकता है। वेबर ने प्रोटेस्टैण्ट धर्म के आचारों का तथा इसके उपदे"ाकों, वि"ोषकर **बेन्जामिन फ्रैंकलिन**, की क्रियाओं के आधार पर यह सिद्ध कर दिया कि प्रोटेस्टैण्ट धर्म के दैनिक जीवन से सम्बन्धित व्यावहारिक आचार आधुनिक पूँजीवाद की आत्मा से मिलते हैं। इन उपदे"ाों में से कुछ उपदे"ा इस प्रकार हैं–भगवान की सेवा केवल वास्तविक जगत अर्थात् पृथ्वी पर ही की जा सकती है। किसी व्यक्ति की जीवन स्थिति कैसी भी क्यों न हो, उससे किसी कार्य की आ"ाा क्यों न की जाती हो, वह जो वि"ोष कार्य कर रहा है उसे अपनी क्षमता के अनुसार ठीक उसी प्रकार से करना चाहिए तभी वह भगवान की सेवा कर सकता है। इथिक का दूसरा पहलू यह है–अपने कार्य के परिणामस्वरूप व्यक्ति जो कमाता है उसे व्यर्थ अथवा फिजूल में ही खर्च नहीं करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, प्रोटेस्टैण्ट इथिक अपने कार्य में ईमानदारी व उत्साही होने पर बल देता है। इसमें व्यवस्थित एवं युक्तिकरण जीवन को प्राथमिकता दी गई हैं। सत्यता तथा ईमानदारी से व्यक्ति जितना भी पैसा कमाता है वह पापरहित कार्य है। इसके

अतिरिक्त दिन भर परिश्रम करना, मितव्ययिता एवं पैसों का बचाना भी दैवी आदे"ा के अनुसार आव"यक माना जाता है।

वेबर के अनुसार प्रोटेस्टैण्ट इथिक में निर्धारित व्यवहार के इन आचारों के कुछ नि"चत आर्थिक परिणाम होते हैं। इथिक का एक पहलू वैराग्य (Asceticism) अर्थात् सरल जीवन व्यतीत करने का उपदे"ा देता है न कि फिजूलखर्ची से भरा जीवन व्यतीत करने का। ये आदे"ा एक ओर व्यक्ति को सरल जीवन व्यतीत करने को कहते हैं तो वहीं दूसरी ओर कड़ी मेहनत तथा ईमानदारी से काम करने पर बल देकर आर्थिक बचत पर भी बल देते हैं। इन्हें वेबर पूँजीवाद की आत्मा का प्रमुख आधार मानता है।

(ब) पूँजीवाद का आदर्श प्रारूप–वेबर पूँजीवाद का भी आद"ार् प्रारूप बनाते हैं जो कि एक आर्थिक घटना है। पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत उद्योग, व्यापार और वाणिज्य बड़े पैमाने पर संगठित एवं संचालित होते हैं तथा ये निजी क्षेत्र में पाए जाते हैं। उत्पादन में व्यावसायिक दृष्टिकोण, व्यापक उत्पादन तथा श्रम–विभाजन व वि"ोषीकरण, व्यावसायिक निष्ठा तथा व्यावसायिक कु"ालता इत्यादि भी पूँजीवादी व्यवस्था की विषे"ाताएँ हैं तथा ये ही आधुनिक पूँजीवाद की आत्मा अथवा पूँजीवाद का आद"ार् प्रारूप हैं। जो व्यक्ति अपने कार्य व व्यवसाय में कु"ाल हैं वे धन और प्रतिष्ठा दोनों ही पाते हैं तथा जो अकु"ाल हैं तथा पुराने व्यवसायों में लगे हुए हैं उनका पतन जरूरी है।

वेबर पूँजीपतियों के व्यवहार की ओर भी ध्यान देते हैं तथा कहते हैं कि उनका व्यवहार वि"ोष प्रकार के आचारों द्वारा संचालित होता है। इस सम्बन्ध में वह **बेन्जामिन फ्रैंकलिन** द्वारा पूँजीपतियों तथा बड़े उद्योगपतियों के बच्चों को दिए गए उपदे"ाों का उल्लेख करता है जो प्रोटेस्टैण्ट विचारों द्वारा प्रभावित और उनके अनुरूप हैं। कुछ उपदे"ा इस प्रकार हैं–समय ही धन है, ईमानदारी सर्वोच्च नीति है, कार्य ही पूजा है, अपना कार्य ईमानदारी से करना ई"वर की पूजा करना है। जल्दी सोना और उठना व्यक्ति को स्वस्थ, धनी और बुद्धिमान बनाता है। वेबर पूँजीपतियों तथा उद्योगपतियों के बच्चों को प्रोटेस्टैण्ट इथिक से सम्बन्धित इन उपदे"ाों की तुलना दुनिया के अन्य धर्मों से करते हैं तथा इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि केवल प्रोटेस्टैण्ट धर्म ऐसा है जिसके आचार में दूरगामी आर्थिक परिणाम हैं। अन्य किसी धर्म के इतने अधिक एवं स्पष्ट आर्थिक परिणाम नहीं हैं।

प्रोटेस्टैण्ट इथिक की आद"ार् प्रारूप की तुलना अन्य धर्मों से करके तथा पूँजीवाद की आत्मा का आद"ार् प्रारूप बनाकर वेबर इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि प्रोटेस्टैण्ट धर्म के विचार आर्थिक विकास से जुड़े हैं तथा दोनों तरह के मूल्यों में काफी समानता है। इन दोनों में परस्पर सम्बन्ध पाया जाता है जिसे वेबर कार्य–कारण सम्बन्ध कहते हैं क्योंकि जहाँ पर प्रोटेस्टैण्ट इथिक पाया जाता है वहीं पूँजीवाद की आत्मा विकसित होती है। अपने तर्क की पुष्टि वह ऐतिहासिक प्रमाणों के आधार पर करते हैं। इंग्लैण्ड, अमेरिका तथा होलैण्ड इत्यादि दे"ाों में पूँजीवाद का सर्वोत्तम विकास हुआ क्योंकि इन दे"ाों में अधिकां"ा व्यक्ति प्रोटेस्टैण्ट धर्म के ही अनुयायी हैं। दूसरी ओर, इटली तथा स्पेन इत्यादि दे"ाों में पूँजीवाद अधिक विकसित नहीं हो सका क्योंकि वहाँ अधिकां"ा कैथोलिक धर्म के अनुयायी रहते हैं तथा कैथोलिक धर्म की मान्यताएँ प्रोटेस्टैण्ट धर्म की मान्यताओं से पूर्णतः भिन्न है। इतना ही नहीं, वेबर कुछ गैर–पि"चमी दे"ाों का भी अध्ययन करते हैं (जैसे भारत तथा चीन) जहाँ की परिस्थितियाँ ऐसी थीं कि वहाँ पूँजीवाद विकसित हो सकता था परन्तु यह विकसित नहीं हुआ क्योंकि इन दे"ाों में भी भिन्न प्रकार का इथिक पाया जाता है जिसके आर्थिक परिणाम नहीं है।

अपने अध्ययन के आधार पर वेबर यह निष्कर्ष निकालते हैं कि प्रोटेस्टैण्ट इथिक तथा पूँजीवाद की आत्मा में कार्य–कारण सम्बन्ध है। प्रोटेस्टैण्ट इथिक पूर्वगामी (Antecedent) है, जबकि पूँजीवाद की आत्मा

इसका परिणाम (Consequence) है। ऐतिहासिक दृष्टि से भी प्रोटेस्टैण्ट इथिक का अस्तित्व पहले से है, जबकि पूँजीवाद की आत्मा का विकास बाद में हुआ। यद्यपि वेबर ने अनेक ऐसे प्रमाण दिए हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि प्रोस्टेस्टैण्ट इथिक ही आधुनिक पूँजीवाद के विकास का कारण है, फिर भी धर्म पूँजीवाद की उत्पत्ति और विकास का एकमात्र कारण नहीं है। इसे सबसे अधिक प्रभाव"ाली कारक कहा जा सकता है। केवल इसी दृष्टि से वेबर के विचार कार्ल मार्क्स से भिन्न माने जाते हैं।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट हो जाता है कि वेबर ने प्रोटेस्टैण्ट इथिक एण्ड द स्प्रिट ऑफ केपिटेलिज्म के अपने अध्ययन में धर्म तथा पूँजीवाद के आदर्श प्रारूप बनाकर यह सिद्ध कर दिया है कि ये आदर्श प्रारूप तुलनात्मक अध्ययनों में सहायक हैं। वेबर यद्यपि प्रोटेस्टैण्ट इथिक को पूँजीवाद की आत्मा को अत्यधिक प्रभावित करने वाला कारक मानते हैं फिर भी इसे पूँजीवाद का एकमात्र कारक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि अन्य देशों में; विशेषकर साम्यवादी देशों में भी उद्योग अत्यधिक विकसित हैं यद्यपि इन देशों की धार्मिक मान्यताएँ पूर्णतः भिन्न हैं। लेकिन वेबर यह कहते हैं कि धर्मों के आर्थिक आचारों के आधार पर ही उस समाज की आर्थिक तथा सामाजिक संरचना निर्धारित होती है। वह हिन्दू धर्म का विस्तृत अध्ययन करके बताते हैं कि हिन्दू धर्म में कर्म व पुनर्जन्म आदि के सिद्धान्त की प्रधानता है तथा भौतिक उन्नति प्राप्त करने की किसी प्रेरणा अथवा रुचियों का उपदेश इसमें नहीं दिया गया है अपितु केवल आध्यात्मिक उन्नति की प्रेरणा दी गई है। भारत में परम्परावाद ने आर्थिक विकास की गति रोकी है। भारत के आर्थिक और संस्थात्मक विकास ने एक ऐसी सांसारिक नीति को जन्म दिया जो संग्रहण की प्रवृत्ति को निम्न श्रेणी में रखती है। इसलिए यहाँ पूँजीवाद में सहायक दशाएँ विकसित नहीं हो पाईं।

यद्यपि वेबर ने पूँजीवाद के विकास में सहायक केवल एक पक्ष अर्थात् धर्म पर ही अपना ध्यान केन्द्रित किया है फिर भी यह अध्ययन पूर्णतः वैज्ञानिक अध्ययन है। वास्तव में, वेबर की यही मान्यता थी कि सामाजिक विज्ञानों में किए जाने वाले अध्ययन एक–तरफा हैं क्योंकि सामाजिक वैज्ञानिक केवल उसी पक्ष की ओर अधिक ध्यान देता है जिसे वह महत्त्वपूर्ण मानता है।

3.5 सारांश

समाजशास्त्र में धर्म का अध्ययन समाज के अन्य पक्षों के सन्दर्भ में किया जाता है। वेबर के समाजशास्त्र में धर्म का अध्ययन केन्द्र–बिन्दु रहा है। उन्होंने प्रोटेस्टैण्ट इथिक की तुलना विश्व के अन्य सभी प्रमुख धर्मों की आचार संहिता से करने के पश्चात् यह निष्कर्ष निकाला कि प्रोटेस्टैण्ट इथिक से सम्बन्धित जो आर्थिक मान्यताएँ हैं, वे किसी अन्य धर्म में विद्यमान नहीं हैं। उन्होंने प्रोटेस्टैण्ट इथिक एवं पूँजीवाद की आत्मा के आदर्श प्रारूप बनाए तथा इन दोनों में कार्य–कारण सम्बन्ध स्थापित किया। उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि पश्चिम में पूँजीवाद के विकास का कारण प्रोटेस्टैण्ट धर्म की आचार संहिताएँ हैं, जिनके दूरगामी आर्थिक परिणाम होते हैं। यद्यपि वेबर ने पूँजीवाद के विकास का कारण प्रोटेस्टैण्ट धर्म को माना है तथापि उनका मत था कि धर्म के अतिरिक्त अन्य कारक भी पूँजीवाद के विकास में सहायक हो सकते हैं। अन्य शब्दों में यह कहा जा सकता है कि प्रोटेस्टैण्ट धर्म को ही पूँजीवाद का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता है।

3.6 शब्दावली

धर्म – धर्म से अभिप्राय किसी–न–किसी रूप में अतिमानवीय शक्ति पर विश्वास तथा उसके बारे में पाई जाने वाली भावना से है। यह अलौकिक सत्ता पर

केन्द्रित विश्वासों, मूल्यों, आस्था, पवित्रता की धारणा, कर्मकाण्डों आदि का पुँज है।

अर्थव्यवस्था – सामाजिक समूहों की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सीमित संसाधनों, तकनीकों तथा कार्यों का संगठन एवं आवंटन अर्थव्यवस्था कहलाता है।

प्रोटेस्टैण्ट इथिक – प्रोटेस्टैण्ट ईसाई धर्म का एक मत है। 'इथिक' से अभिप्राय व्यवहार के आचार या नियम हैं। इस नाते प्रोटेस्टैण्ट इथिक से अभिप्राय प्रोटेस्टैण्ट धर्म से सम्बन्धित आचार व्यवहार के नियमों से है।

पूँजीवाद – पूँजीवाद एक आर्थिक घटना है, जिसमें बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है तथा स्वामित्व निजी क्षेत्र में केन्द्रित होता है।

आदर्श प्रारूप – आदर्श प्रारूप से अभिप्राय किसी घटना, वस्तु अथवा वर्ग विशेष की समस्त अनिवार्य विशेषताओं का सम्पूर्ण अथवा लगभग सम्पूर्ण रूप से चित्रण करने का प्रयास है।

3.7 अभ्यास प्रश्न

1. धर्म एवं अर्थव्यवस्था की अवधारणाएँ स्पष्ट कीजिए।
2. धर्म को परिभाषित कीजिए तथा वेबर द्वारा प्रतिपादित प्रोटेस्टैण्ट इथिक का आदर्श प्रारूप स्पष्ट कीजिए।
3. वेबर द्वारा प्रतिपादित प्रोटेस्टैण्ट इथिक एवं पूँजीवाद की आत्मा के आदर्श प्रारूप संक्षेप में समझाइए।
4. वेबर के धर्म के समाजशास्त्र को दिए गए योगदान की समीक्षा कीजिए।
5. धर्म को परिभाषित कीजिए। वेबर के धर्म सम्बन्धी अध्ययन के सन्दर्भ में पूँजीवाद से इसका सम्बन्ध स्पष्ट कीजिए।
6. पूँजीवाद एवं धर्म का अर्थ बताइए तथा वेबर के मतानुसार इनमें पाए जाने वाले सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।

3.8 संदर्भ ग्रन्थ सूची

B. Malinowski (1948), **Magic, Science and Religion and Other Essays**, Beacon Press, Boston.

D. N. Majumdar and T. N. Madan (1963), **An Introduction to Social Anthropology**, Asia Publishing House, Bombay.

E. B. Tylor (1873), **Primitive Culture : Researches Into the Development of Mythology, Philosophy, Religion, Art, and Custom**, Volume 1, J. Murray, London.

Emile Durkheim (1912), **The Elementary Forms of the Religious Life**, Sage Publications, Inc., Beverly Hills, CA.

Emile Durkheim (1982), **The Rules of Sociological Method**, The Free Press, New York.

Harry M. Johnson (1960), ***Sociology* : A Systematic Introduction**, Routledge and Kegan Paul, London.

J. L. Gillin and J. P. Gillin (1948), **Cultural Sociology**, The Macmillan Company, New York.

James, Paul, *Magee, Liam, Scerri, Andy and Steger, Manfred B. (2015),* **Urban Sustainability in Theory and Practice : Circles of Sustainability**, *Routledge. London.*

Kingsley Davis (1949), **Human Society**, The Macmillan Company, New York.

Neil J. Smelser (1976), The Sociology of Economic Life, Prentice-Hall, Cliffs, N.J.

Max Weber (1930), **The Protestant Ethic and the Spirit of Capitalism**, Unwin Hyman, London & Boston.

M. Haralambos and R. M. Heald (1991), **Sociology : Themes and Perspectives**, Oxford University Press, Delhi.

Max Weber (1949), **The Methodology of Social Sciences**, The Free Press, New York.

Max Weber (1951), **The Religion of China : Confucianism and Taoism**, The Free Press, New York.

Max Weber (1963), **The Sociology of Religion**, The Free Press, New York.

Max Weber (1964), The Religion of India : : The Sociology of Hinduism and Buddhism, Grand Rapids, MI, U.S.A.

S. Radhakrishnan (1947), Religion and Society, George Allen And Unwin Ltd., London.

इकाई 4– प्रतीकात्मक अन्तकियावाद (Symbolic Interactionism)

इकाई की रूपरेखा

4.0 उद्देश्य

4.1 प्रस्तावना

4.2 प्रतीकात्मकवाद का अर्थ

4.3 प्रतीको के भेद एवं महत्व

4.4 अन्तकिया की परिभाशा एवं अर्थ

4.5 प्रतीकात्मक अन्तकियावाद

4.5.1 कूले का प्रतीकात्मक अन्तकियावाद का सिद्धांत

4.5.2 मीड का प्रतीकात्मक अन्तकियावाद का सिद्धांत

4.5.3 हरबर्ट ब्लूमर का प्रतीकात्मक अन्तकियावाद का सिद्धांत

19.6 सारांश

19.7 पारिभाषिक शब्दावली

19.8 अभ्यास/बोध प्रश्नों के उत्तर

19.9 संदर्भ ग्रन्थ सूची

19.10 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

19.11 निबंधात्मक प्रश्न

4.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आपके द्वारा संभव होगा–

- प्रतीको के अर्थ, परिभाषा व प्रकार को समझना,

- प्रतीकात्मक अन्तक्रिया को जानना,
- प्रतीकात्मक अन्तक्रिया के विभिन्न पक्षों को समाज संदर्भ में समझना,
- प्रतीकात्मक अन्तक्रिया के संबध में विभिन्न विद्वानों द्वारा प्रस्तुत विचारो को जानना,

4.1 प्रस्तावना

इस प्रस्तुत इकाई में आपको प्रतीकात्मक अन्तःक्रिया के बारे में समझाया जायेगा कि किस प्रकार से व्यक्ति समाज में प्रतीकों, संकेतों व चिन्हों आदि को प्रयोग करते है और भाषा के सामाजिक पक्ष को समझाने का कार्य करते है। समाज के संपर्क से मानव का समाजीकरण होता है और वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बनता है। सामाजिक संपर्क के अभाव में मानव की शरीर रचना कितनी ही सुन्दर क्यों न हो वह विकसित नहीं हो सकती। समाज में ही मनुष्य अनेक अंन्तक्रियाए अन्य लोगों से अपनी जरूरतों के संदर्भ में करता है और अपनी आव"यकताओं को पूरा करता है। इसी अन्तक्रिया के दौरान वह कुछ अपने हाव भाव, संकेत, प्रतीक आदि का प्रयोग करता है जिसमें भाषा की अभिव्यक्ति संकेत आदि द्वारा होती है। प्रतीकात्मक अन्तक्रिया में व्यक्ति अथवा समूह की भाषा, हावभाव या भाव –भंगिमाओं को संचार एवं पारस्परिक अन्तक्रिया का प्रमुख आधार माना जाता है। इसमें भाषा के व्याकरण या शब्दको"ा में उल्लेखित अर्थ को महत्व नही दिया जाता बल्कि सामाजिक पक्ष पर वि"ोष ध्यान दिया जाता है। इसमें भाषा के सामाजिक पक्ष को समझाने पर जोर दिया जाता है। इस इकाई में आपको आगे प्रतीकात्मक अन्तक्रिया व प्रतीको को समझातें हुये आगे इस पर विभिन्न विचारों– कूले, मीड व हरबर्ट ब्लूमर आदि को प्रस्तुत किया जायेगा।

4.2 प्रतीकात्मकवाद का अर्थ

यहा पर हम प्रतीकात्मकवाद के अर्थ एवं परिभाषा के बारे में आपको अवगत करायेगें कि किस प्रकार समाज में मानव समाज में अपने व्यवहार व अन्तक्रिया के द्वारा प्रतीको, संकेतो व चिन्हो आदि द्वारा अपने भाषा के सामाजिक पक्ष को समझाने का प्रयास करता है। यहा पर हम आपको प्रतीकात्मकवाद के अर्थ को बताते है।

आर0एन0मुकर्जी (2002) प्रतीकात्मकवाद प्रतीकों को व्यवहार में लाने की एक विधि या नियम की ओर संकेत करता है। इस प्रकार प्रतीकात्मकवाद का प्रत्यक्ष सम्बन्ध प्रतीकों से हैं। प्रतीक शब्द से ही स्पष्ट है कि बहुधा व्यक्ति को जो कुछ भी व्यक्त करना है, उसके समग्र वह साफ–साफ व्यक्त नहीं करता है, वरन विभिन्न चीजों तथा भावों को व्यक्त करने के लिए कुछ ऐसे चिन्हों या प्रतीकों का व्यवहार करता है जिनके

माध्यम से वह अपने वास्तविक भाव की ओर देखने या सुनने वालों को संकेत करता हैं देखने या सुनने वाला इन चिन्हों, प्रतीकों या संकेतों से ही यथार्थ की कल्पना कर लेता है। उदाहरणार्थ, एक कलाकार सांप को एक टेडी–मेडी रेखा के संकेत या प्रतीक से अभिव्यक्त करता है, इसी प्रकार नृत्य में एक वि"ोष मुद्रा के द्वारा क्रोध, भय, अनुराग, उल्लास आदि को अभिव्यक्त करता है। नर्तकी अपने सुख से यह नहीं कहती कि वह डर गई है पर उसकी एक वि"ोष मुद्रा उसके मन के भाव को द"र्ाक के सामने स्पष्ट व्यक्त करती है। रोज के जीवन में भी हमें इसी प्रकार के अनेक संकेतों का द"र्ान होता है। उदाहरण– क्रॉस का चिन्ह ईसाइयों के धार्मिक जीवन का प्रतीक है और इस एक प्रतीक से ही ईसा मसीह के जीवन से सम्बद्ध अनेक घटनाए स्पष्ट व्यक्त हो जाती है। राष्ट्रीय झण्डा राष्ट्र के राजनीतिक जीवन का प्रतीक होता है और उसके पीछे अनेक शहीदों के बलिदान की कहानी छिपी होती है। इसी प्रकार रेल लाईन के सामने सिग्नल रेड लाईट रूकने का संकेत है तो ग्रीन लाईट आगे बढने का संकेत व्यक्त होता है।

4.3 पतीको के भेद एवं महत्व

आर0एन0मुकर्जी (2002) विभिन्न विद्धानों ने प्रतीको के दो भेद बताये है– पहला **परिचयात्मक प्रतीकात्मकवाद तथा दूसरा संक्षिप्त प्रतीकात्मकवाद। परिचयात्मक प्रतीकात्मकवाद** में मौखिक भाषण लिखना, टेलीग्राफ कोड, राष्ट्रीय झण्डा आदि वे प्रतीक है जिनसे किसी वस्तु की सूचना या परिचय में सुगमता हो जाती है। **संक्षिप्त प्रतीकात्मकवाद** अत्यन्त सरल प्रकार के होते है जैसे– टेलीग्राम भेजने के लिए एक वि"ोष प्रकार का टिक टिक शब्द एक वि"ोष प्रकार का प्रतीक बन जाता है तथा चुप रहने के लिए हाथ की उंगुली होठो पर रख लेना इस बात का संकेत / प्रतीक करता है कि अब बोलना नी है। सामाजिक जीवन में प्रतीकों का अत्यधिक महत्व होता है क्योंकि इनका कार्य सामाजिक व व्यक्तिगत व्यवहारों का संगठन और नियन्त्रण करना होता है। प्रतीक सामूहिक चेतना के सामूहिक प्रतिनिधित्व करते है। जैसे– राष्ट्रीय जीवन में प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय झण्डा राजनीतिक भावना व राष्ट्र के प्रति समर्पित का प्रतिनिधित्व करता है आदि।

4.4 अन्तक्रिया की परिभाशा व अर्थ

जब व्यक्तियों की क्रियाएं एक दूसरे की क्रियाओं के सन्दर्भ में तथा उनसे प्रभावित होते हुए घटित होती है तो उस प्रक्रिया को अर्थात क्रिया के प्रत्युतर में क्रिया को अन्तः क्रिया कहते है। जो कि मैक्स वेबर के सामाजिक क्रिया के सिद्धान्त में विस्तार पूर्वक अध्ययन की जा सकती है।

किम्बल यंग के अनुसार ''विस्तृत रूप से परिभाषित करते हुए हम कह सकते है कि अन्तः क्रिया इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि व्यक्ति की प्रतिक्रया हाव–भाव, शब्द या स्थूल शारीरिक गति–दूसरे व्यक्ति को उत्तेजित करती है और यह दूसरा व्यक्ति अपनी बारी पर प्रथम व्यक्ति के प्रति प्रतिक्रिया करता है।

मैरिल तथा एलड्रिज के शब्दों में, ''सामाजिक अन्तःक्रिया वह सामान्य प्रक्रिया है जिसमें दो या दो से अधिक व्यक्तियों में अर्थपूर्ण सम्पर्क की स्थापना होती है और जिसके फलस्वरूप उनके व्यवहार में थोडा–बहुत परिवर्तन न आ जाता है।

अतः सामाजिक अन्तक्रिया वह है जो कि सामाजिक संदर्भ में दूसरे व्यक्तियों को प्रभावित करते हुये की जाती है और जिसका प्रत्युत्तर प्राप्त होता है।

बोध प्रश्न–1

i) प्रतीक क्या है ?

.....

.....

ii) अन्तक्रिया की कोई एक परिभाषा लिखिए ?

.....

.....

.....

iii) प्रतीकात्मक अन्तक्रिया को संक्षिप्त में बताइए ?

.....

.....

.....

iv) परिवर्तन की कोई एक परिभाषा लिखिए ?

.....

.....

v) किस विद्धान ने प्रतीकात्मक अन्तक्रिया को 'स्व की अवधारणा के रूप में परिभाषित किया है ?

.....

.....

.....

vi) समाजीकरण की प्रक्रिया में सर्वाधिक योगदान होता है

अ) परिवार

ब) पडोस

स) नातेदारी

द) विघालय संस्था

4.5 प्रतीकात्मक अन्तक्रियावाद

अमरीकी समाज मनोविज्ञान का एक सिद्धान्त जो यह बताता है कि अन्तर्क्रियाओं के किस प्रकार अर्थ की रचना होती है। यह सिद्धान्त रोजमर्रा के जीवन के अर्थों को जानने के लिये अति निकटता और घनिष्टता से सामाजिक अन्तर्क्रियाओं के अन्तर्निहित स्वरूपों को समझा जा सके।

सिम्बॉलिक इन्टरएक्शनिज्म' शब्द की रचना सन् 1937 में हरबर्ट ब्लूमर ने की। किन्तु इस सिद्धान्त की उत्पत्ति के सम्बन्ध में मतभेद हैं। कुछ लोगों ने इसे जार्ज एच. मीड की देन बताया है। कुछ भी हो, ये दोनों ही विद्वान समकालीन थे तथा शिकागों सम्प्रदाय के साथ जुड़े रहे हैं।

इस सिद्धान्त के चार प्रमुख आधार हैंः (1) मानव प्राणी विशिष्ट रूप में प्रतीक – प्रयोगकर्त्ता प्राणी है। सभी प्राणियों में से केवल मानव प्राणी ही प्रतीकों के माध्यम में संस्कृति का निर्माण करने और उसे हस्तांतरित करने में सक्षम है। अन्तर्क्रियावादी मुख्यतः उन तरीकों/ विधियों का अध्ययन करते हैं जिनके द्वारा व्यक्ति अपनी देह, अपनी भावनाओं, अपने स्व, अपने जीवन–चरित्र, अपनी परिस्थितियों और सबसे ऊपर अपने विशाल सामाजिक विश्व जिसमें वे अपना जीवन जीते हैं, को अर्थ प्रदान करते हैं। इस प्रकार के अध्ययन के लिए वे अधिकांशतः सहभागिक अवलोकन पद्धति का प्रयोग करते हैं, (2) अन्तर्क्रियावादी सामाजिक विश्व को गतिशील और एक द्वन्द्वात्मक तानाबाना मानते हैं। उनके अनुसार परिस्थितियां हमेशा अनिश्चित परिणामों सहित संघर्षों से भरी रहती हैं और जीवन और जीवन–चरित्र हमेशा फेरबदल और निर्माण की प्रक्रिया में रहते हैं जो कभी अनिश्चित और परिवर्तनीय नहीं होते; (3) अन्तर्क्रियावादी सामाजिक विश्व की अन्तर्क्रियात्मक प्रकृति पर बल देते हैं। उनकी दृष्टि से अकेला व्यक्ति जैसी कोई चीज नहीं है। मानव हमेशा 'दूसरों' से किसी न किसी रूप में संबंधित रहता है। अन्तर्क्रियावादियों के विश्लेषण की मूल इकाई

'स्व' है जो उन तरीकों पर बल देता है जिनके द्वारा व्यक्ति अपने आपको वस्तु समझने लग सकते हैं और भूमिका–ग्रहण की प्रक्रिया द्वारा दूसरों की भूमिका सम्पादित करते हैं। इसी प्रक्रिया को कूले ने 'आत्मदपर्ण' और मीड ने 'स्व' की अवधारणाओं द्वारा समझाया है। (4) अन्तर्क्रियावादी प्रतीकों के पीछे छुपी हुई प्रक्रियाओं और अन्तर्क्रियाओं की खोज करते हैं ताकि वे सामाजिक जीवन के अन्तर्निहित प्रतिमानों ओर स्वरूपों का निर्धारण कर सकें। वास्तव में, यह सिद्धान्त मूल सामाजिक प्रक्रियाओं (ऐसी प्रक्रियाऐं जो समान रूप से सभी में पाई जाती है) को खोज पर बल देता है। उदाहरणार्थ, ये लोग चिकित्सकों, मादक दवाओं के सेवन कर्त्ताओं, संगीतज्ञों और मरनासन्न व्यक्ति जैसे विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों के समूहों के जीवन–अनुभवों को मालूम कर इन सभी समूहों में पाई जाने वाली समान (कॉमन) प्रक्रियाओं का अध्ययन करते हैं।

सन् 1970 के दशक में इस सिद्धान्त की काफी आलोचना हुई। यह कहा गया कि इस सिद्धान्त ने संरचना, सत्ता/शक्ति, और इतिहास की सरासर अवहेलना की है। किन्तु आधुनिक अन्तर्क्रियावादियों जैसे शेल्डन स्ट्राइकर (सोश्यल इन्टरएक्शन–ए सोश्यल स्ट्रक्टर वर्सन, 1980) ने इस आलोचना को भ्रामक बताया है। स्ट्राइकर ने प्रतीकवादी अन्तर्क्रियावादी के एक ऐसे संस्करण को प्रस्तुत किया जो रूढ़िवादी सूक्ष्म समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य को विश्लेषण के संगठात्मक एवं समाजमूलक परिप्रेक्ष्य के साथ जोड़ता है। स्ट्राइकर का यह परिप्रेक्ष्य भूमिका सिद्धान्त को पुनर्पपरिभाषित करता है।

4.5.1 कूले का प्रतीकात्मक अन्तकियावाद का सिद्धांत

अमरीकन समाज"ाास्त्री कूले ने अपनी पुस्तक ''**Human Nature and the Social Order**'' में अपने समाजीकरण सम्बन्धी सिद्धान्त को प्रस्तुत किया है। उनका सिद्धान्त ''आत्म दर्पण द"ान का सिद्धान्त'' (Looking-glass self Theory) के नाम से जाना जाता है। कूल ने अपने सिद्धान्त का प्रतिपादन व्यक्ति और समाज के सम्बन्धों को स्पष्ट करने के सन्दर्भ में किया। उनका मत है कि समाज के सम्पर्क में आने पर ही व्यक्ति के 'आत्म का विकास होता है। समाज व्यक्ति के लिए दर्पण का कार्य करता है, वह उसमें अपनी छवि देखता है ओर समाज के लोग उसके बारे में क्या राय रखते है, उसी आधार पर वह अपने बारे में अपनी धारणा बनाता है। जिस प्रकार से हम आइना देखकर यह ज्ञात करते है कि हम अमुक पोषाक पहनने पर कैसे लगते है, बाल ठीक से संवारे हुए है या नहीं आदि, बालक भी समाज रूपी आइने में अपने आपको देखता है। समाज के लोग उसके बारे में क्या राय रखते है, इसी आधार पर वह अपने बारे में राय बनाता है। जिससे उसमें हीनता या श्रेष्ठता के भाव पैदा होते है। इस प्रकार व्यक्ति के स्वः का विकास दूसरों की प्रतिक्रिया से होता है। हारटन तथा हण्ट कहते है कि कूले ने 'Looking glass Self" शब्द

थेकरे की वेनिटी फेयर नामक कृति से लिया है। इनके अनुसार, संसार एक दर्पण है जो प्रत्येक व्यक्ति को उसका स्वयं का चेहरा प्रतिबिम्बत करता है। आप भौहें चढ़ाइये तो इसमें आप चिडचिड़े दिखायी देंगे। आप इसकी ओर तथा इसके साथ हंसिये तो यह आपका खुषमिजाज व कृपालु साथी होगा।''

कूले ने 'आत्म दर्पण द"र्ान' प्रक्रिया के तीन चरणों का उल्लेख किया है। –

- व्यक्ति यह सोचता है कि दुसरे उसके बारे में क्या सोचते है,
- दूसरों के निर्णय के आधार पर वह स्वयं अपने बारे में क्या सोचता है,
- मैं अपने बारे में सोचकर अपने को कैसा मानता हूं ,गर्व अनुभव करता हूं या ग्लानि।

इस प्रकार कूले के अनुसार व्यक्ति का दूसरों से सम्पर्क होने से 'स्व' का निर्माण होता है। स्व के निर्माण के आधार पर ही व्यक्ति अपना मूल्यांकन करता है, वह अपने को हीन या श्रेष्ठ समझता है। व्यक्ति समाज का ही प्रतिबिम्ब है, जो कि अंतक्रिया का प्रतीकात्मक आधार है। अब हम मीड के विचारों को समझने की कोि"ा"ा करते है।

4.5.2 मीड का प्रतीकात्मक अन्तकियावाद का सिद्धांत

आर0एन0मुकर्जी (2002) मीड ने अपने समाजषास्त्र को सामाजिक मानव"ाास्त्र कहा था जिसका कि प्रमुख कार्य समाज व व्यक्ति के बीच पाये जाने सम्बन्धों का अध्ययन करना है। मीड के अनुसार इन सम्बन्धों का आधार मानवीय अन्तःक्रिया है। मानवीय अन्तःक्रियाओं में सामाजिक उत्तेजना का महत्व अत्याधिक होता है। वास्तव में एक व्यक्ति की प्रतिक्रया दूसरे व्यक्ति को उत्तेजना देती है, तभी सामाजिक अन्तःक्रियाए घटित होती है। इस अर्थ में सामाजिक उत्तेजनाएं, सामाजिक अन्तःक्रियाओं का साधन या माध्यम है। ये उत्तेजनाएं दो प्रकार की होती हैं प्राथमिक तथा द्वितीयक। जब प्रत्यक्ष सम्बन्ध या सम्पर्क के आधार पर व्यक्ति किसी दूसरे को उत्तेजन प्रदान करता है तब वह प्राथमिक उत्तेजना है। इसके अन्तर्गत हाव–भाव, चेहरे की अभिव्यक्ति, स्वर–अभिव्यक्ति, शारीरिक आसन, भाषा, हंसी आदि आती है। द्वितीय उत्तेजना वे है जिनमें व्यक्ति दूर रहकर संचार के विभिन्न साधनों द्वारा दूसरों को प्रभावित करता है। मानवीय अन्तःक्रिया में ''हाव–भाव शरीर के किसी भाग की ऐसी गति को कहते है जो व्यक्ति की मानसिक स्थिति को व्यक्त करती हैं, हाव–भाव की अपनी एक भाषा होती है। इसलिए गूंगे भाषा के स्थान पर हाव–भाव की सहायता से बहुत कुछ कहते है। प्रायः हम अचेतन रूप से जिन हाव–भावों को प्रकट करते है, वे हमारे वास्तविक विचारों तथा मनोवृत्तियों को शब्दों के द्वारा अभिव्यक्ति विचारों तथा मनोवृत्तियों से भी अधिक स्पष्ट रूप में व्यक्त करते है।

उसी प्रकार मानवीय अन्तःक्रिया में चेहरे की अभिव्यक्ति एक महत्वपूर्ण उत्तेजक है। चेहरे को देखकर सुख, दुख, क्रोध, भय, आ"चर्य आदि संवेगों को पढ़ना सबसे आसान होता है। छोटे बच्चे भी अपने माता–पिता के चेहरे की विभिन्न अभिव्यक्तियों को समझने लगते हैं, इसीलिए अलग–अलग अभिव्यक्ति प्रति उसकी प्रतिक्रियाएं भी अलग–अलग होती है। विद्यार्थी भी अपने ि"ाक्षक के चेहरे की अभिव्यक्ति को समझकर उसी के अनुसार व्यवहार करते हैं। अपने प्रियजनों को चेहरे को खु"ाी से खिल उठते देखकर हम भी खु"ाी से झूम उठते है और उन्हें अपनी बाहों में भर लेते हैं। इसी प्रकार लज्जा के गाल लाल हो जाना, भय से आंखे फैल जाना, क्रोध से भौंहें तन जाना आदि चेहरे की लोकप्रिय अभिव्यक्तियों हैं, जो कि दूसरे व्यक्तियों को एक वि"ोष ढंग से अपने प्रति प्रतिक्रिया या अन्तःक्रिया करने को प्रेरित या उत्तेजित करती है।

मीड के अनुसार मानवीय अन्तःक्रिया के उत्तेजक के रूप में स्वर अभिव्यक्ति का भी अपना अलग महत्व है। स्वर के सहारे केवल अपने संवेगों को ही अभिव्यक्ति नहीं किया जाता, बल्कि दूसरे में भी उसी प्रकार के संवेग उत्पन्न किए जा सकते हैं। हम भारी और कर्कष आवाज के द्वारा केवल अपने क्रोध को ही व्यक्त नहीं करते अपितु दूसरे के क्रोध को भी भड़का सकते है। इसी प्रकार मधुर आवाज प्यार को अभिव्यक्ति करती है, और बदले में में प्यार पा भी सकती है। अपने–अपने दे"ा के देहातो में ऐसे उदाहरण मिले है, स्वतन्त्रता–संग्राम में भी जयहिन्द, वन्देमातरम ' भारत माता की जय हो' आदि नारों ने लोगों में जो"ा कूट–कूट भरा, और वे अपने प्राणों तक की बाजी लगा बैठे। इन्ही नारों ने अंग्रेज शासको के सिंहासन तक को हिलाकर रख दिया। आसनिक अभिव्यक्ति भी मानवीय अन्तःक्रिया का एक उत्तेजक है। शरीर के विभिन्न आसनों के द्वारा भी दूसरों को प्रभावित किया जा सकता है। उदाहरणार्थ प्रेम में आलिंगन, चुम्बन आदि आसनिक अभिव्यक्तियों द्वारा दूसरे को भी उसी भांति व्यवहार करने या विरोधी क्रिया करने के लिए प्रेरित क्रिया करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। इसी प्रकार हाथ मलने, मुट्ठी बांधने, तनकर खड़े होने, सिर थामकर बैठ जाना आदि से विभिन्न संवेगों का पता चलता है, जो दूसरों को भी वैसी क्रिया करने को उत्तेजित कर सकते है।

हंसी भी एक सामाजिक उत्तेजना है। हंसी दूसरों को कई प्रकार से प्रभावित करती है। सबसे पहले दूसरों पर हंसने की क्रिया को ही लीजिए। हम दूसरों को बेढंगी पोषाक में देखकर हंसते है, दुसरों की बेवकूफी पर भी हंसते हैं इस प्रकार की हंसी के द्वारा हम उस व्यक्ति को यह बता देना चाहते है कि वह जो कुछ कर रहा है वह गलत है। हम उससे भिन्न प्रकार के व्यवहार की आ"ाा करते हैं। इस पर व्यक्ति अपने को सुधारने का प्रयत्न करता है। क्योंकि कोई भी आत्मचेतन व्यक्ति दूसरों की हंसी का पात्र बनकर नहीं रहना चाहता। इसलिए हंसी सामाजिक अनु"ाासन के रूप में कार्य कर सकती हैं।

मीड का भूमिका ग्रहण का सिद्धान्त :

इस सिद्धान्त के माध्यम से मीड ने यह द"र्ाने का प्रयास किया है कि आत्म के विकास में मानवीय अन्तःक्रिया ही प्रमुख आधार है। आत्म का विकास इस बात पर निर्भर करता है कि दूसरे के साथ अन्तःक्रिया करते हुए व्यक्ति स्वयं को अपने सामने एक वस्तु के रूप में प्रस्तुत करने की कितनी योग्यता रखता हैं। इसीलिए वह जब खिलौने से खेलता है तो उन्हे भी जानदार मान लेना है और उनके प्रति वैसा ही व्यवहार करता है जैसा कि उसके प्रति उसके माता या पिता व्यवहार करते है। मीड ने अन्य विद्धानों की भाति संदे"ावाहन अर्थात भाषा, एकात्मीकरण तथा भूमिकाग्रहण को आत्म के विकास का प्रमुख कारण माना और सिद्धांत प्रस्तुत किया।

एन0 के0 सिंधी (2006) मनुष्य के विश्व को मूलरूप से प्रतीकात्मक माना गया है। मनुष्य अपने इर्द–गिर्द होने वाली सारी घटनाओं का विभिन्न नामों एवं अर्थों के आधार पर अपने व्यवहार व क्रिया का निर्माण करता है। अतः मनुष्य स्वयं को बाह्य वातावरण के भौतिक रूप से नहीं लेकिन उसके सामाजिक व सांस्कृतिक अर्थो के आधार पर सम्बन्धित करता है। अतः यह वातावरण, प्रतीकों से अर्थ ग्रहण करता है। इस दृष्टिकोण से वातावरण प्रतीकात्मक है न कि मात्र भौतिक वस्तुओं को ही सांस्कृतिक नाम प्रदान किए जाते हैं। माथे की बिन्दी, भाल में तिलक, मांग में सिंदूर से लेकर, परिचय पत्र, पासपोर्ट पुस्तक, कार, घर के भी सांस्कृतिक व सामाजिक अर्थ होते हैं। सुहागन व विधवा होने के भौतिक प्रतीक हैं। व्यक्ति के किसी सामाजिक वर्ग की पहचान भी प्रतीकों से होती है। अभिवादन के तरीके– हाथ जोड़ना, हाथ मिलाना, गले लगना, पाँव छूने के भी भिन्न–भिन्न अर्थ होते हैं। सम्बन्धों की प्रकृति इनसे ही स्पष्ट होती हैं। प्रतीकीकरण की प्रक्रिया सृजनात्मक क्रिया है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत हम हमारी इन्द्रिय क्रियाओं को एक रूपता प्रदान करते हैं जो कि अन्रूथा स्वरूपहीन अथवा अर्थहीन हो सकती है। समाज में व्यवस्था प्रतीकों से निर्मित होती है। दायें चलना या बायें, लाल बत्ती पर गाड़ी का रूकना, पुलिस की वर्दी पहने व्यक्ति के प्रतीकों के अनुरूप क्रियाए होती है। मीड (Herbert Mead) और हरबर्ट ब्लूमर (Herbert Blumer) ने अपनी लेखनियों के माध्यम से इस विचार को परिपक्व बनाने का प्रयास किया। हयूजेस (Hughes) ने इस विचार को आनुभाविक महत्व प्रदान किया। यहाँ यह कहना सही होगा कि प्रतीकात्मक अंतःक्रियावाद की विचारधारा अल्पगत की परम्परा के अंतर्गत मानी जाती है।

मीड ने जानवरों की प्रतिक्रिया एवं मनुष्य के व्यवहार में अन्तर किया। व्यवहार के लिये बुद्धि आवश्यक मानी गयी है और बुद्धि मनुष्य की विशिष्ट धरोहर है। इसके अतिरिक्त मीड ने यह भी कहा कि मनुष्य इस मायने में भी भिन्न है कि उसका 'स्व' है, वह एक ऐसा प्राणी है, जो कि विषय (Subject) व वस्तु (Object) दोनों हो सकता है अर्थात् मनुष्य अनुभव करता है और उस अनुभव के बारे में यह अनुभव करता है कि वह अनुभव कर रहा है। अतः जागरूक व सजग भी है। मीड के अनुसार जानवरों का जीवन

उत्तेजना प्रत्युत्तर (Stimulus-Response) द्वारा उत्पन्न सम्बन्धों पर निर्भर है। इन सम्बन्धों में स्वचालन का बोध होता है। जब कुछ घटित होता का व्यवहार क्रिया और अवसर के मध्य स्वचालित एवं निश्चयात्मक रूप से निर्मित नहीं होता। उनके व्यवहारों में बहुत अधिक मात्रा में लचीलापन होता है। एक मनुष्य किन्हीं परिस्थितियों में एक तरह से व्यवहार करता है और दूसरी परिस्थितियों में ठीक दूसरे रूप में। मनुष्य अपने व्यवहारों को अपेक्षाओं एवं सम्भावनाओं के आधार पर योजनाबद्ध कर सकते हैं। अपने विगत अनुभवों के आधार पर वे भविष्य के व्यवहार की योजना बना सकते हैं। अगर व्यक्तियों को भविष्य की पूर्वाभासी कल्पना करनी है, अपनी वर्तमान की क्रिया को योजनाबद्ध करना है और अतीत के व्यवहार पर चिन्तन करना है तो उनमें चिन्तन करने की क्षमता का होना आवश्यक है जिससे वे स्वयं को उसी तरह से देख सकें जिस तरह से वे किसी वस्तु को देखते हैं। उन्हें अन्य वस्तुओं अथवा व्यक्तियों के बारे में जिस तरह से सजगता होती है उसी तरह स्वयं के बारे में भी सजगता होनी चाहिये। यह स्व चेतना की क्षमता जिसके माध्यम से स्वयं के बारे में भी सजगता होनी चाहिये। यह स्व चेतना की क्षमता जिसके माध्यम से स्वयं का चिन्तन सम्भव है मनुष्य का विशिष्ट गुण बन जाता है। स्व चेतना के आधार पर व्यक्ति अपने बारे में वह धारण रख सकता है जो कि अन्य व्यक्ति उसकी ओर रखते हैं।

मीड ने बालक के विकास का उदाहरण देते हुए कहा कि बालक खेलने की प्रक्रिया में अपने इर्द–गिर्द घटित होने वाले व्यवहार की नकल करता है। कभी वह पुलिस वाला बन जाता है तो कभी पोस्स्टमैन और कभी मम्मी पापा अथवा कभी डाक्टर। खेल में वह औरों के दृष्टिकोण को समझने की क्षमता भी प्राप्त करता है। स्पर्धात्मक खेलों में हम तभी जीत सकते हैं जब हम पता लगा सकते हैं कि हमारा विरोधी किस तरह की चाल चलने वाला है। शतरंज के खेल में हमारी गोटियों को हम उसी से देखते हैं जैसे हमारा विरोधी देखता है। मीड के अनुसार बालक के अनुकरण की वृति शनैः–शनैः स्वचेतन की अभिव्यक्ति के रूप में परिवर्तित होती है जो कि माननीय विकास की साधारण व व्यापक प्रक्रिया का लघु स्वरूप है। स्वचेतन की प्रक्रिया लेखों में ही नहीं अपितु सारी सामाजिक क्रियाओं में देखी जा सकती है। कोई भी व्यक्ति यह तो नहीं जान सकता कि इस दुनिया का हर आदमी उसे किस तरह से देखता है क्योंकि दुनिया में इतने सारे आदमी है और यह कार्य बहुत कठिन हो जायेगा। इसके पहले बदले वह सामान्यीकृत अन्य (Generalized Others) के प्रति प्रतिक्रिया करता है। दूसरे अर्थों में वह साधारण प्रभावशाली एवं विशिष्ट दृष्टिकोण जो कि अन्य उसके लिए अपनाते हैं, के प्रति प्रतिक्रिया करता है। दूसरे अर्थों में वह साधारण, प्रभावशाली एवं विशिष्ट दृष्टिकोण जो कि अन्य उसके लिए अपनाते हैं, के प्रति प्रतिक्रिया करता है। औरों के विचारों एवं प्रतिक्रिया के प्रति समझ इसलिये सम्भव होती है क्योकि मनुष्य की

महत्वपूर्ण प्रतीकों की साझेदारी में भागीदारी है। अर्थात् मनुष्य एक दूसरे से भाषा व अन्य प्रतीकों के द्वारा अर्थयुक्त संचार स्थापित करने की क्षमता रखता है।

मीड के लिये एक महत्वपूर्ण दर्शनशास्त्रीय समस्या यह है कि मस्तिष्क और प्रकृति के मध्य कैसे स्थापित किये जायें। इसका अर्थ यह हुआ कि क्या वे तरीके, जिनका उपयोग प्राकृतिक विज्ञानों में होता है मनुष्य के मस्तिष्क और सामाजिक क्रियाओं को समझने में उपयोगी हो सकते हैं। मीड के अनुसार प्रकृति और मस्तिष्क में अत्यधिक भेद करना सही नहीं है क्योंकि मस्तिष्क भी प्रकृति का अंग है। मीड के अनुसार भाषा पर नियन्त्रण की क्षमता मनुष्य की शारीरिक क्रिया के विकास पर निर्भर करती है अर्थात् बोलने की क्षमता हमारे गले की भीतर कंठ अवयव के विकास पर निर्भर करती है।

मीड यह नहीं कह रहे हैं कि शारीरिक एवं जैविक विशेषताओं के आधार पर यथार्थ को समझा जाये और विचारों और भावनाओं को महत्वपूर्ण न माना जाये। उनके अनुसार विचार, चेतना एवं अनुभव सबका अध्ययन आवश्यक है। मीड ने सामाजिक जीवन की सामान्य घटनाओं के अध्ययन पर बल दिया है। मीड सामाजिक एवं प्राकृतिक विज्ञानों को निरन्तरता के आधार पर समझाते हैं। वे मस्तिष्क को वैज्ञानिक अध्ययन का उतना ही उपयुक्त विषय मानते हैं जैसा कि प्रकृति का अन्य कोई अंग। इसप्रकार आप यहा मीड के विचारों से भलीभांति परिचित हो गये होंगे।

4.5.3 हरबर्ट ब्लूमर का प्रतीकात्मक अन्तकियावाद का सिद्धांत

हरबर्ट ब्लूमर जो कि प्रो० जार्ज हरबर्ट मीड के विद्यार्थी थे, ने अपने गुरु के विचारों को और भी व्यवस्थित ढंग से विकसित करने का प्रयास किया। **ब्लूमर** के मतानुसार प्रतीकात्मक अन्तः क्रियावाद (Symbolic Interactionism) की निम्नलिखित तीन आधारभूत मान्यताएं हैं–

प्रथम (मनुष्य उन अर्थों या अभिप्रायों (Meaning) के आधार पर कार्य करते हैं जो कि वे अपने आस–पास की वस्तुओं या घटनाओं के लिए प्रयुक्त करते हैं। ऐसा नहीं है कि वे मात्र बाह्य प्रेरणा (external stimuli) जैसे सामाजिक शक्तियां अथवा आन्तरिक प्रेरणा (internal stimuli) जैसी सावयवी प्रवृति से प्रेरित होकर कार्य करते हैं।

द्वितीय, वस्तुओं या घटनाओं के जो अर्थ लगाये जाते हैं, वे अन्तःक्रिया की प्रक्रिया के दौरान पनपते हैं, न कि वे पहले से ही मौजूद होते हैं और भविष्य को प्रभावित करते हैं। कुछ हद तक ये अर्थ अन्तः क्रियात्मक परिस्थितियों के अन्तर्गत बनते, संशोधित होते, विकसित व परिवर्तित होते रहते हैं; न कि पूर्व निश्चित होते हैं।

तृतीय, इसीलिए वस्तुओं व घटनाओं का जो अर्थ वे लगाते हैं वह अन्तः क्रियात्मक सन्दर्भों के अन्तर्गत कर्ताओं के द्वारा प्रयुक्त प्रणालियों का परिणाम होता है। इसका तात्पर्य यह हुआ कि अन्तःक्रियात्मक प्रक्रिया के अन्तर्गतकर्ता दूसरों की भूमिका को ग्रहण करता है और उस रूप में दूसरों के अर्थों व इरादों (intentions) की व्याख्या करता है। साथ ही, 'आत्म–अन्तःक्रिया की कार्यविधि' (the mechanism of self-interaction) द्वारा कर्ता परिस्थिति की परिभाषा का संशोधित करता, अथवा बदलता है क्रिया के विकल्पों को ढूंढता है एवं उनके सम्भावित परिणामों के सम्बन्ध में सोचता है। इस प्रकार वे अर्थ जो कि क्रिया को निर्देशित करते हैं, व्याख्यात्मक प्रणालियों के एक जटिल श्रृंखला के माध्यम से अन्तः क्रिया के सन्दर्भ में ही उत्पन्न होते हैं।

ब्लूमर का यह अन्तःक्रियावादी दृष्टिकोण उन समाजशास्त्रियों विशेषकर प्रकार्यवादी विद्वानों के सामाजिक क्रिया सम्बन्धी सिद्धान्तों से बिल्कुल भिन्न है जो क्रिया को सामाजिक व्यवस्थाओं के प्रतिबन्धों (Constraints) के प्रति एक यंत्रवत् प्रत्युत्तर के रूप में प्रस्तुत करते हैं। ब्लूमर की मान्यता यह है कि समाज को निरन्तर चलने वाली अन्तःक्रिया की एक ऐसी प्रक्रिया के रूप में देखना चाहिए जिसके अन्तर्गत अनेक कर्ताएं एक दूसरे के साथ लगातार अनुकूल करने और परिस्थिति की व्याख्या करने में प्रयत्नशील हैं।

ब्लूमर इस बात को स्वीकार करते हैं कि मानव क्रिया कुछसीमा तक संरचित एवं नियमित होती है। उनका कहना है कि अधिकांश परिस्थितियों में जबकि लोग एक दूसरे के साथ अन्तः क्रिया कर रहे होते हैं तो उन्हें पहले से ही इस बात का स्पष्ट व दृढ़ बोध या ज्ञान होता है कि उन्हें किस भांति कार्य करना है और दूसरे लोग किस भांति कार्य करेंगे। फिर भी इस प्रकार का ज्ञान केवल सामान्य मार्गदर्शन के रूप में ही कार्य करता है क्योंकि वास्तविक परिस्थिति में क्रिया में अनेक संशोधन, आपसी तालेमेल, दांवपेच आदि की गुंजाइश, आपसी तालमेल, दांवपेच आदि की गुंजाइश सदा ही बनी रहती है।

ब्लूमर इस बात को भी स्वीकार करते हैं कि सामाजिक संस्थाएं मानव आचरण को एक सीमा के अन्दर बांधे रखती है। परन्तु संस्थागत कठोर नियमों व प्रतिबन्धों के होते हुए भी मानवीय पहल व सृजनात्मक (initiative and creativity) के गुंजाइश रहती ही है।

ब्लूमर यह चाहते हैं कि समाजशास्त्रीय अध्ययन के लिए एक ऐसा पद्धतिशास्त्र विकसित किया जाये जो कि मानवीय अन्तःक्रिया को उचित मान्यता दे सके। केवल कार्य–कारण सम्बन्ध स्थापित करना विषय को अत्यन्त सरल बना देना होगा। उदाहणार्थ, यह दावा किया जाता है कि उद्योगीकरण के संयुक्त परिवारों को एकांकी परिवारों में बदल दिया है। इस प्रकार का कार्य–कारण सम्बन्ध स्थापित करना न केवल अनुचित है, अपितु अवैज्ञानिक भी। ब्लूमर के अनुसार स्वयं उद्योगीकरण ने संयुक्त परिवार को

विघटित नहीं किया है, यह विघटन तो उद्योगीकरण के फलस्वरूप घटित हुआ है। उद्योगीकरण ने जिस परिस्थितियों को उत्पन्न किया है उनमें पारिवारिक सदस्यों के बीच होने वाली अन्तः क्रियाओं का परम्परात्मक स्वरूप बदल गया है। परिवार से बाहर सामाजिक अन्तःक्रियाओं के स्वरूप भी बदले हैं। फलतः पारिवारिक जीवन की परिभाषा भी बदली है। इस बदले हुए अर्थ या परिभाषा में संयुक्त परिवार 'फिट' नहीं बैठता है। इस कारण उसके स्वरूप को भी बदलना पड़ा है। दूसरे शब्दों में, परिवर्तित अन्तःक्रियात्मक प्रक्रिया के अन्तर्गत जब पारिवारिक जीवन की व्याख्या ही बदल जाती है तो परिवार का पुराना स्वरूप अर्थात् संयुक्त परिवार अर्थहीन हो जाता है और उसे एक नया अर्थ देने के लिए एकाकी परिवार का उदय होता है। इस प्रकार संयुक्त परिवार के स्थान पर एकाकी परिवार का आना वास्तव में बदली हुई अन्तःक्रियात्मक प्रक्रिया से सन्दर्भ में पारिवारिक जीवन को दिये गये अर्थों का ही प्रतिफल है।

अतः ब्लूमर का सुझाव है कि ''समाजशास्त्रीय शोधकर्ताओं को कुछ बने–बनाये पूर्व–निर्धारित निष्कर्ष में ही अपने अध्ययन–परिणामों को 'फिट' करने का प्रयास न करके कर्ता लगाये गये अर्थों को समझना होगा और इसके लिए उन्हें उस क्रियारत इकाई की भूमिका को अदा करना होगा जिसके व्यवहार का अध्ययन वे कर रहे हैं।'' (मुकर्जी, आर0एन0 : 2002)

इस प्रकार आप यहा प्रतीकात्मक अन्तक्रियावाद के संबध में विभिन्न विचारों से परिचित होकर अच्छी तरह से समझ गये होगें।

बोध प्रश्न–2

i) मै और मुझे की धारणा से क्या तात्पर्य है

.....

.....

.....

.....

.....

ii) प्रतीकात्मक अन्तक्रिया में मीड का क्या योगदान है

.....

.....

.....

.....

.....

iii) प्रतीकात्मक अन्तक्रिया में ब्लूमर के विचारों को संक्षिप्त में बताइए।

.....

.....

.....

.....

.....

.....

.....

4.6 सारांश

इस इकाई में आपने प्रतीकात्मक अन्तक्रियावाद के बारे में जाना है। प्रतीकात्मक अन्तक्रियावाद एक सामाजिक–मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा हम समाज के सक्रिय सदस्य बनते है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति समाज के मानदंडो और मूल्यों के आन्तरीकरण के साथ–साथ अपनी सामाजिक भूमिकाओं को सम्पादन करना सीखता है। इसी प्रक्रिया के द्वारा स्वः का विकास होता है। भाषा अथवा संकेतात्मक भाव भंगिमाओं पर आधारित संप्रेषण एवं अन्तर्क्रिया के वि"ाष्ट रूप को प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया कहते है। यह मानव व्यवहार की एक वि"ाष्टता है। मानव का संपूर्ण सामाजिक जीवन संप्रेषण की इस वि"ाष्टता पर आधारित है। इसी के साथ आपने कुले, मीड व ब्लूमर के विचारों को प्रतीकात्मक अंतक्रिया के संदर्भ में समक्षा है कि किस प्रकार व्यक्ति अपनी दिनप्रतिदिन की सामाजिक घटनाओं में प्रतीको के सहारे संक्षिप्त रूप से अंतक्रिया करता है और दूसरो को अर्थ प्रदान कर स्वयं धारणा बनाता है। इसी को समक्षाने के लिए मीड ने आगे मै, मुझे व सामान्यकृत अन्य के शब्दो का प्रयोग किया। प्रतीकात्मक अन्तःक्रिया में आपको यह समझाया गया कि किस प्रकार से व्यक्ति समाज में प्रतीकों, संकेतों व चिन्हों आदि को प्रयोग करते है और भाषा के सामाजिक पक्ष को समझाने का कार्य करते है।

4.7 पारिभाषिक शब्दावली

प्रतीक/संकेत– सामान्य अर्थो में कोई क्रिया या वस्तु जो किसी अन्य क्रिया,वस्तु या विचार का प्रतिनिधित्व करती है वो प्रतीक कहलाती है। अधिक वि"ाष्ट रूप में संस्कार, स्वप्न या मिथक के शब्दार्थ के क्षेत्रों में अति लघु अर्थ इकाई को प्रतीक कहा जाता है। मनोवि"लेषण में किसी दमित अचेतन इच्छा को प्रतिनिधित्व करने वाला व्यवहार या वस्तु को प्रतीक कहा जाता है।

प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया– भाषा अथवा संकेतात्मक भाव भंगिमाओं पर आधारित संप्रेषण एवं अन्तर्क्रिया के वि"ाष्ट रूप को प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया कहते है। यह मानव व्यवहार की एक वि"ाष्टता है। मानव का संपूर्ण सामाजिक जीवन संप्रेषण की इस वि"ाष्टता पर आधारित है।

परिवर्तन– किसी भी वस्तु में दो समय में होने वाली भिन्नता ही परिवर्तन कहलाती है।

समाजीकरण – समाजीकरण सीखने की एक आजन्म प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति समूह अथवा समाज की समय व स्थान सापेक्ष सामाजिक–सांस्कृतिक वि"ोषताओं को ग्रहण करता है, अपने व्यक्तित्व का विकास करता है जिससे वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बन सके। समाजीकरण द्वारा बच्चा सामाजिक प्रतिमानों को सीखकर उनके अनुरूप आचरण करता है इससे समाज में नियन्त्रण बना रहता है।

मैं तथा मुझे – **मैं** का अर्थ व्यक्ति द्वारा दूसरों के प्रति किये जाने वाले व्यवहार से है, तथा **मुझे** का अर्थ है व्यक्ति द्वारा किये गये व्यवहार पर दूसरों की प्रतिक्रिया जिसे व्यक्ति आन्तरीकृत करता है।

सामान्यकृत अन्य – किसी व्यक्ति की स्वयं के बारे में वह धारणा जो दूसरे लोग उसके बारे में रखते है।

4.8 अभ्यास/बोध प्रश्नों के उत्तर

बोध प्रश्न–1

i) सामान्य अर्थो में कोई क्रिया या वस्तु जो किसी अन्य क्रिया,वस्तु या विचार का प्रतिनिधित्व करती है वो प्रतीक कहलाती है।

ii) किसी क्रिया को सामाजिक क्रिया तभी कहा जा सकता है जबकि इस क्रिया को करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा लगाए गए व्यक्तिनिष्ठ अर्थ अर्थात प्रातीतिक अर्थ के कारण यह क्रिया दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार द्वारा प्रभावित हो और उसी के अनुसार उसकी गतिविधि निर्धारित हो।

iii) भाषा अथवा संकेतात्मक भाव भंगिमाओं पर आधारित संप्रेषण एवं अन्तर्क्रिया के वि"ाष्ट रूप को प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया कहते है। यह मानव व्यवहार की एक वि"ाष्टता है। मानव का संपूर्ण सामाजिक जीवन संप्रेषण की इस वि"ाष्टता पर आधारित है।

iv) किसी भी वस्तु में दो समय में दिखायी देने वाली भिन्नता ही परिवर्तन है, **किंग्सले डेविस** के अनुसार, सामाजिक परिवर्तन से हम केवल उन्हीं परिवर्तनों को समझते है जो सामाजिक संगठन अर्थात समाज के ढांचे और प्रकार्यों में घटित होते है।

v) मीड

vi) परिवार

बोध प्रश्न–2

i) मीड ने व्यक्ति में आत्म–चेतन को स्पष्ट करने के लिए मैं (I) तथा मुझे (Me) शब्दों का प्रयोग किया है। मैं का अर्थ व्यक्ति द्वारा दूसरों की प्रति किये जाने वाले व्यवहार से है, तथा मुझे का अर्थ है व्यक्ति द्वारा किये गये व्यवहार पर दूसरों की प्रतिक्रिया जिसे व्यक्ति आन्तरीकृत करता है। 'मैं' और मुझे में अन्तः क्रिया के कारण ही 'स्व' का विकास होता है।

ii) मीड ने प्रतीकात्मक अंतक्रियावाद में व्यवहारों के लिए बुद्धि को आव"यक माना है, जो कि मनुष्य की वि"ाष्ट धरोहर है। इन्होने सामाजिक जीवन की सामान्य घटनाओं के अध्ययन पर बल दिया और कहा कि एक व्यक्ति की प्रतिक्रिया दूसरे व्यक्ति को उत्तेजना देती है। व्यक्ति अपनी सामान्य जीवन में अपने प्रतीको अर्थात हाव भाव, चेहरे व हाथो आदि के द्धारा अनेक समाज में दिनप्रतिदिन अंतक्रिया करता है जिससे दूसरा व्यक्ति उसका प्रतियुत्तर लगाता है। मीड के अनुसार स्वर के सहारे केवल अपने संवेगों को ही अभिव्यक्ति नहीं किया जाता, बल्कि दूसरे में भी उसी प्रकार के संवेग उत्पन्न किए जा सकते हैं। हम भारी और कर्कष आवाज के द्वारा केवल अपने क्रोध को ही व्यक्त नहीं करते अपितु दूसरे के क्रोध को भी भड़का सकते है। इसी प्रकार मधुर आवाज प्यार को अभिव्यक्ति करती है, और बदले में में प्यार पा भी सकती है।

iii) ब्लूमर ने प्रतीकात्मक अन्तः क्रियावाद (Symbolic Interactionism) की निम्नलिखित मान्यताएं के आधार पर बताया हैं–

- मनुष्य उन अर्थों या अभिप्रायों (Meaning) के आधार पर कार्य करते हैं जो कि वे अपने आस–पास की वस्तुओं या घटनाओं के लिए प्रयुक्त करते हैं।
- वस्तुओं या घटनाओं के जो अर्थ लगाये जाते हैं, वे अन्तःक्रिया की प्रक्रिया के दौरान पनपते हैं, न कि वे पहले से ही मौजूद होते हैं और भविष्य को प्रभावित करते हैं।
- इसीलिए वस्तुओं व घटनाओं का जो अर्थ वे लगाते हैं वह अन्तः क्रियात्मक सन्दर्भों के अन्तर्गत कर्ताओं के द्वारा प्रयुक्त प्रणालियों का परिणाम होता है।

4.9 संदर्भ ग्रन्थ सूची

Young, Kimball, (1946) *Hand book of social psychology,* kegan paul, california

Aron, Raymond, (1970) *Main currents in sociological thought,* vol.1 & 2, Penguin books, London

Bottomore, T.B., (1969) *Socioloogy: A guide to problem and literature,* Allen and unvin, London

Johnson,Harry M, (1960), *Sociology,* Allied Publ., New Delhi

Mead,G.H. (1934) *Mind,Self and Society*, The University of Chicago press,chicago

गुप्ता एवं शर्मा, (2006) *समाजशास्त्र*, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा

मुकर्जी, आर0एन0, (2002) *समकालीन उच्चतर समाज"ाास्त्रीय सिद्धान्त,* विवेक प्रका"ान, दिल्ली

सिंधी, नरेन्द्र कुमार (2004) समाज"ाास्त्रीय सिद्धान्त– विवेचना एवं व्याख्या दिल्ली

कोजर लेविस ए 1971 मास्टर्स ऑफ सोि"ायॉलाजिकल थॉट : आइडियाज इन हिस्टारिकल एण्ड सो"ाल कॉनटैक्स्ट, हरकोर्ट ब्रेस जोवैनोवि"व : न्यूयार्क

4.10 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

Coser, Lewis A, (1996) *Masters of Sociological Thought,* Rawat publication, Jaipur

Mead,G.H., *"A behavioristic account of the significant symbol"* Journal of philosophy, vol.19,p.160

Giddens, Anthony, (1993) *Sociology,* polity press, Cambridge

Mitchell, G Duncan, (1979) *A New Dictionary of Sociology,* Routledge & Kegan Paul, London

Huebner, Daniel (2014), *Becoming Mead,* the University of Chicago press, chicago

सिहं,जे0 पी0, (2008) समाजशास्त्र–अवधारणाएं एवं सिद्धान्त, पीएचआई लर्निंग नई दिल्ली

श्रीनिवास,एम0एन0 (1991) आधुनिक भारत में सामाजिक परिवर्तन, राजकमल प्रका"ान, दिल्ली

4.11 निबंधात्मक प्रश्न

1. प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया से आप क्या समझते है, इसके प्रमुख सिद्धांतो की व्याख्या कीजिए ?
2. प्रतीको का अर्थ स्पष्ट करते हुये सामाजिक अन्तर्क्रिया का वर्णन कीजिए ?
3. प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया के संदर्भ में मीड के विचारों की व्याख्या कीजिए ?
4. प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया के संदर्भ में हरबर्ट ब्लूमर के विचारों का उल्लेख कीजिए ?

इकाई 5– स्वयं एवं समाज (Self and Society)

इकाई की रूपरेखा

5.0 उद्देश्य

5.1 प्रस्तावना

5.2 स्वयं एवं समाज का अर्थ

5.3 मै और मुझे का अर्थ

5.4 प्रतीको एवं अन्तकियाओं का समाज संदर्भ में अर्थ एवं महत्व

5.5 स्वयं एवं समाज

5.5.1 मीड का सिद्धान्त

5.6 सारांश

5.7 पारिभा"ाक 'ाब्दावली

5.8 अभ्यास/बोध प्रश्नों के उत्तर

5.9 संदर्भ ग्रन्थ सूची

5.10 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

5.11 निबंधात्मक प्रश्न

5.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आपके द्वारा संभव होगा–

- स्वयं व समाज की अवधारणा को समझना,
- मैं व मुझे को समझना
- सामान्यकृत अन्य को समझना,
- मीड के विचारो को स्वयं व समाज पर समाज संदर्भ में समझना,

5.1 प्रस्तावना

इस प्रस्तुत इकाई में आपको स्वयं एवं समाज के बारे में समझाया जायेगा कि किस प्रकार से व्यक्ति समाज में प्रतीकों व संकेतों आदि को प्रयोग करते हुये भाषा के सामाजिक पक्ष को समझने का कार्य करता है। समाज में ही मनुष्य अनेक अंन्तक्रियाए अन्य लोगों से अपनी जरूरतों के संदर्भ में करता है और अपनी आव"यकताओं को पूरा करता है। समाज के संपर्क से मानव का समाजीकरण होता है और वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बनता है। आगे मीड के विचारों को समाज संदर्भ में समझानें का प्रयास किया जायेगा। मीड ने स्वयं व समाज पर किस प्रकार अपने विचार व्यक्त किये तथा **मै व मुझे** की अवधारणा का प्रयोग किया व इन दोनों में भेद भी किया और **सामान्यकृत अन्य** की अवधारणा को भी समझाया। वह कहते है कि समाज के संपर्क के कारण बच्चा जो कुछ सीखता है वह पुनः अपने खेल के दौरान प्रकट करता है और अपना आत्म का विकास करता है। मीड आत्म के विकास में समाज को ज्यादा महत्व देता है कि समाज के सामान्यीकृत व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति की आत्म चेतना को प्रभावित करते है जिससे उसके स्वयं का विकास होता है।

5.2 स्वयं एवं समाज का अर्थ

यहा पर हम स्वयं एवं समाज के अर्थ के बारे में आपको अवगत करायेगें कि किस प्रकार समाज में मानव समाज में अपने व्यवहार व अन्तक्रिया के द्वारा प्रतीको, संकेतो व चिन्हो आदि द्वारा अपने भाषा के सामाजिक पक्ष को समझाने का प्रयास करता है। **स्वय** वह धारणा है जो कि व्यक्ति समाज में संपर्क करके अन्तकिया करता है और सामाजिक संबधो के आधार पर अपनी राय बनाता है कि वह समाज रूपी आईने में अपने आपको देखकर कैसा महसूस करता है– अच्छा या बुरा। मै और मुझे की धारणा द्वारा वह अपना स्व का विकास करता है। जिससे उसका आत्म का विकास होता है। और वह अपनी अंतक्रियाओं को दूसरों द्वारा आकलन करके तय करता है।

जहां जीवन होता है वहां समाज भी होता है। व्यक्ति और समाज में काफी पारस्परिक निर्भरता पायी जाती है। जहां व्यक्ति ने एक–दूसरे के साथ सामाजिक संबध स्थापित कर समाज के निमार्ण में और विकास में सहायता प्रदान की वही समाज ने व्यक्ति का समाजीकरण कर उसके व्यक्तित्व के विकास में योग दिया है। व्यक्ति को संस्कृति से परिचित कराने में समाज ने सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। समाजषास्त्र में समाज शब्द का प्रयोग वि"ोष्ट अर्थ में किया है। यहा व्यक्ति व्यक्ति के बीच पाये जाने वाले सामाजिक संबधो के आधार पर निर्मित व्यवस्था को समाज कहा गया है। कुछ विद्धानों ने इसे अपने अनुसार परिभाषित किया है।

जार्ज सिमेल के अनुसार, समाज को उन व्यक्तियों का समूह माना है जो अन्तक्रिया द्वारा संबन्धित है।

गिडिंग्स ने कहा कि समाज स्वयं संघ है, संगठन है, औपचारिक संबधों का योग है, जिसमें सहयोग देने वाले व्यक्ति एक दूसरे के साथ जुडे हुए या सम्बद्ध है।

फेयरचाइल्ड के अनुसार, समाज व्यक्तियों का एक ऐसा समूह है जो अपने बहुत से प्रमुख हितों, जिनमें अनिवार्य रूप से स्वयं की रक्षा या भरण पोषण तथा स्वयं को स्थायित्व प्रदान करना सर्मिमिलत है को पूरा करने के लिए सहयोग करते है।

मैकाइवर एवं पेज ने समाज को सामाजिक संबधों के जाल या ताने – बाने के रूप में परिभाषित किया है। मैकाइवर एवं पेज ने संबधों की इस सदैव परिवर्तित होती रहने वाली जटिल व्यवस्था को समाज माना है। इस प्रकार विभिन्न विद्वानों ने अपने अनुसार समाज को परिभाषित किया है।

अतः स्पष्ट है कि सभी समाज"ाास्त्री समाज के लिए सामाजिक संबधों को आव"यक मानते है और वे ऐसे संबधों की जटिल व्यवस्था को ही समाज कहते है। समाज में सामाजिक संबधो को प्रधानता दी जाती है। यहा सामाजिक संबधो को समझ लेना आव"यक है।

सामाजिक संबध– समाजषास्त्र में जिन संबधों को प्रधानता दी जाती है उन्हे सामाजिक संबध कहा जाता है। सामाजिक संबधो के बिना समाज नही हो सकता है। जहां सामाजिक प्राणी पारस्परिक रूप से जागरूक रहते हुये और एक–दूसरे की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए व्यवहार करते है वही समाज पाया जाता है। **सामाजिक संबधों में दो तत्व आव"यक रूप से पाये जाते है– पारस्परिक जागरूकता व सामान्य जीवन में भागीदार होने की भावना।** सामाजिक संबध कई प्रकार के होते है जैसे– पति और पत्नी का, माता और पुत्र का, भाई और बहिन का, ग्राहक व दुकानदार का आदि। सामाजिक संबध कुछ आर्थिक आधार पर, कुछ राजनीतिक व धार्मिक व कुछ व्यक्तिक प्रकार के होते है। कुछ संबध प्रत्यक्ष तो कुछ अप्रत्यक्ष, कुछ शत्रुतापूर्ण तो कुछ मित्रतापूर्ण होते है। ये विभिन्न प्रकार के संबध पारस्परिक जागरूकता के कारण ही सामाजिक संबधों की श्रेणी में आते है। सामाजिक संबध व भौतिक संबध में प्रमुख अन्तर पारस्परिक जागरूकता का पाया जाता है। भौतिक संबध में पारस्परिक जागरूकता नही पायी जाती है। जैसे– एक टेबल पेन व किताबे रखी है इन सबका टेबल के साथ एक संबध अव"य है लेकिन उसमें मानसिक द"ाा का अभाव है। इसप्रकार स्वयं व समाज एक दूसरे से संबन्धित है और एक दूसरे को लाभ पहुचांते है। मनुष्य का स्व समाज से ही विकसित होता है।

5.3 मै और मुझे का अर्थ

गुप्ता एवं शर्मा (2014) मीड ने समाजीकरण व स्व व समाज सम्बन्धी अपने विचार "Mind, Self and Society" नामक अपनी कृति में प्रकट किये हैं। मीड यह मानते है कि व्यक्ति ही समाज का निर्माता है। जन्म के समय बच्चा एक जैविकीय व्यक्ति होता है, जिसमें बुद्धि का अभाव होता है। अतः वह आन्तरिक प्रेरणाओं से प्रेरित होकर ही क्रियायं करता है। धीरे–धीरे परिवार एवं अन्य समूहों के सम्पर्क के कारण बच्चे को यह समझ पैदा होने लगती है कि उससे लोग किस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा करते हैं और उसके व्यवहारों का क्या अर्थ लगाया जाता है। इस प्रकार बच्चे का 'स्व' व्यवहार से प्रभावित होने लगता है। मीड कहते है कि व्यक्ति में आत्म–चेतन का विकास किस प्रकार से होता है, इसे वह दो शब्दो के प्रयोग से समझाता है– **मैं (I)** तथा **मुझे (Me)।** इसलिए इस सिद्धान्त को **मैं और मुझे का सिद्धान्त** भी कहते है। मैं का अर्थ व्यक्ति द्वारा दूसरों की प्रति किये जाने वाले व्यवहार से है, तथा मुझे का अर्थ है व्यक्ति द्वारा किये गये व्यवहार पर दूसरों की प्रतिक्रिया जिसे व्यक्ति आन्तरीकृत करता है। 'मैं' और मुझे में अन्तः क्रिया के कारण ही 'स्व' का विकास होता है। प्रारम्भ में ये दोनों धारणाएं एक–दूसरे से अलग होती हैं, किन्तु परिवार एवं समाज के सम्पर्क के कारण उनमें समानता स्थापित होने लगती है और वे एक ही चीज के दो पहलू हो जाते है। व्यक्तित्व के मैं पक्ष को प्रत्यक्ष रूप से जानना अथवा अनुभव करना एक व्यक्ति के लिए कठिन होता है। इसकी अनुभूति व्यक्ति को तभी होती है जब वह किसी सामाजिक घटना के प्रति अपनी कोई व्यक्तिपरक तथा रचनात्मक पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। यह समाजीकरण की उपज है और इसका विकास समुदाय के दृष्टिकोण की प्रतिक्रिया स्वरूप होता है। दूसरे व्यक्ति उसे किस प्रकार से चाहते है यह भाव मुझे को प्रतिबिम्ति करता है। मुझे स्व के सामाजिक पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। इसका विकास आन्तरीकृत सामाजिक दृष्टिकोण द्धारा होता है जो एक व्यक्ति किसी सामाजिक स्थिति में अपनाता है। इन दोनों प्रकियाओं द्धारा स्व अथवा व्यक्तित्व का विकास होता है।

5.4 प्रतीकों एवं अन्तक्रियाओं का समाज संदर्भ में अर्थ व महत्व

किसी भी वस्तु में दो समय में होने वाली भिन्नता ही परिवर्तन कहलाती है। समाज परिवर्तन के दौर से हमे"ा गुजरता है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है और यह परिवर्तन समाज में भाषा व प्रतीकों में भी होता रहता है। मनुष्य समाज में दूसरों से अपनी आव"यकताओं के लिए अन्तक्रिया करता रहता है, जिसमें वह भाषा व प्रतीाकों का प्रयोग करता है। आइए सबसे पहले प्रतीक व अन्तक्रिया को जानते है। आर0एन0मुकर्जी (2002) कोई क्रिया या वस्तु जो किसी अन्य क्रिया,वस्तु या विचार का प्रतिनिधित्व करती है वो प्रतीक कहलाती है। संस्कार, स्वप्न या मिथक के शब्दार्थ के क्षेत्रों में अति लघु अर्थ इकाई को प्रतीक

कहा जाता है। मनोवि"लेषण में किसी दमित अचेतन इच्छा को प्रतिनिधित्व करने वाला व्यवहार या वस्तु को प्रतीक कहा जाता है। विभिन्न विद्धानों ने प्रतीको के दो भेद बताये है– पहला **परिचयात्मक प्रतीकात्मकवाद** में मौखिक भाषण लिखना, टेलीग्राफ कोड, राष्ट्रीय झण्डा आदि वे प्रतीक है जिनसे किसी वस्तु की सूचना या परिचय में सुगमता हो जाती है दूसरा **संक्षिप्त प्रतीकात्मकवाद** अत्यन्त सरल प्रकार के होते है जैसे– टेलीग्राम भेजने के लिए एक वि"ोष प्रकार का टिक टिक शब्द एक वि"ोष प्रकार का प्रतीक बन जाता है तथा चुप रहने के लिए हाथ की उंगुली होठो पर रख लेना इस बात का संकेत / प्रतीक करता है कि अब बोलना नी है। सामाजिक जीवन में प्रतीकों का अत्यधिक महत्व होता है क्योंकि इनका कार्य सामाजिक व व्यक्तिगत व्यवहारों का संगठन और नियन्त्रण करना होता है (मुकर्जी, आर0एन0: 2002)। अब थोडा अन्तक्रिया को जानते है। जब व्यक्तियों की क्रियाएं एक दूसरे की क्रियाओं के सन्दर्भ में तथा उनसे प्रभावित होते हुए घटित होती है तो उस प्रक्रिया को अर्थात क्रिया के प्रत्युतर में क्रिया को अन्तः क्रिया कहते है। **मैरिल तथा एलड्रिज के अनुसार**, ''सामाजिक अन्तःक्रिया वह सामान्य प्रक्रिया है जिसमें दो या दो से अधिक व्यक्तियों में अर्थपूर्ण सम्पर्क की स्थापना होती है और जिसके फलस्वरूप उनके व्यवहार में थोडा–बहुत परिवर्तन न आ जाता है।

बोध प्रश्न–1

i) पुस्तक "Mind, self and society" किसकी है ?

.....

.....

ii) अन्तक्रिया क्या है ?

.....

.....

.....

.....

iii) स्व क्या है ?

.....

.....

.....

iv) समाज की कोई एक परिभाषा लिखिए ?

.....

.....

.....

5.5 स्व एवं समाज

मीड का सिद्धान्त

गुप्ता एवं शर्मा (2004) अमेरिका के ि"ाकागो वैचारिक परम्परा के एक अग्रणी दा"ार्निक और अर्थक्रियावादी मीड को समाजषास्त्र के क्षेत्र में एक नवीन परम्परा की आधारि"ाला रखने का गौरव प्राप्त है। मीड की प्रसिद्ध पुस्तक **"Mind, Self and Society"** सन् 1934 में उनकी मृत्यु के बाद प्रकाि"ात हुयी, उन्होनें सामाजिक मनोविज्ञान की एक नवीन समाज"ाास्त्रीय ढंग से व्याख्या की। इस पुस्तक में मीड ने पुर्णत समाज पर आधारित अनुभव, मानवीयसमूह जीवन में भाषा प्रतीक और संप्रेषण का महत्व भूमिका धारण की प्रक्रिया के माध्यम से उन तरीकों का जिनसे हमारे शब्द और मुखाभाव दूसरों में प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करती है स्व की परावर्ती और प्रतिवर्ती प्रकृति तथा क्रिया की मुख्यता जैसे विषयों का गूढ वर्णन वि"लेषण किया है। मीड ने वेबर की क्रिया की धारणा तथा इसके समाज वैज्ञानिक बोध को समझाने के लिये आवेगों, स्थितियों की परिभाषाओं और निष्पादन के रूपों के आधार पर निर्मित विभिन्न प्रकार की क्रियाओं में अन्तर को भी स्पष्ट किया है। मीड एक दा"ार्निक के साथ साथ मनोवैज्ञानिक भी थे। एक दा"ार्निक के रूप में वे स्व के उदभव को समझने और समझाने में रूचि रखते थे। इसके लिए इन्होंनें स्व की उत्पत्ति की सामाजिक अन्तर्क्रियावादी व्याख्या प्रस्तुत की। एक मनोवैज्ञानिक के रूप में वे प"ाु और मानवीय व्यवहार की बेजौडता और अनूठेपन के लिए उसकी अन्तर्निहित सांकेतिक प्रवृति को महत्वपूर्ण बताया। व्यक्ति के समाजीकरण में मीड ने समाज की महत्ती भूमिका को इंगित करते हुए लिखा कि बालक को अपने बारे में सामाजिक अन्तर्क्रिया के द्धारा ही बोध होता है। इसी के द्धारा स्व की उत्पत्ति होती है। स्व का ज्ञान उसे दूसरे व्यक्तियों की भूमिकाओं को ग्रहण करने से ही होता है। मीड ने इन्हे सामान्यकृत अन्य कहा है।

मीड के अनुसार, **मै** एक ऐसे असमाजीकृत ि"ा"ाु को इंगित करता है जो नैसर्गिक जरूरतों और इच्छाओं का एक पूंज होता है। **मै** व्यक्ति के जैवकीय पक्ष को अभिव्यक्त करता है। इसके विपरीत **मुझे** सामाजिक स्वचेतन व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। जिसकी उत्पत्ति दूसरों के द्धारा स्वयं को देखने की

जानकारी से होती है अर्थात दूसरे व्यक्ति उसे किन निगाहों से देखते है उसी रूप में वह स्वयं को देखने लगता है। मीड ने मुझे की अवधारणा का प्रयोग सामाजिक **स्व** के लिये किया है। मीड के स्व संबधी विचार सी0एच0कूले से मिलते जुलते है जो उनके एक सहकर्मी रहे है। कूले की भांति मीड यह जानने के इच्छुक थे कि **स्व का** निमार्ण कैसे होता है। यह कैसे कार्य करता है तथा इसके निर्माण में दूसरे व्यक्तियों की क्या भूमिका है। जहां कूले ने इस प्रक्रिया को समझने के लिये **स्व के आत्मदर्पण** की अवधारणा का प्रयोग किया है वही मीड ने इसके लिये **मै, मुझे और मानस** की अवधारणाओं का प्रयोग किया है।

मीड के योगदान के प्रमुख आयाम उनकी पुस्तक माइण्ड, सेल्फ व सोसाइटी में प्रस्तुत किए गए हैं।

(1) **प्रतीकीकरण (Symbolization) :** क्रिया व अंतःक्रियाओं का निर्वाह प्रतीको के माध्यम से होता है। ये प्रतीक अर्मूत, मूर्त, मौखिक–भाषायी, लिखित भाषायी, सावयवी–अभाषायी, होते हैं।

(2) **'स्व' निर्माण** : स्व के निर्माण का प्रक्रियात्मक स्वरूप है। औरों की धारणा के अनुसार स्व की धारणा, स्थिति अनुरूप स्व की धारणा स्व द्वारा स्व की धारणा ये आयाम स्व को प्रवाही मानते हैं न कि उसे संरचनात्मक स्थायित्व। 'स्व' बदलता रहता है, वह प्रवाही है।

(3) **स्व–बोध व स्व नियन्त्रण** : व्यक्ति की अपनी पहचान होती है जो कि स्व–धारणा अथवा स्व बोध है। स्व बोध के अनेक स्तर हैं, भावगत (Emotive), विचारगत (Mental), शरीरगत (Pyhsical) स्थितिगत, (Situational), सोपानगत (Stages of life, Career)

(4) व्यक्ति अपनी क्रियाओं को स्वयं नियन्त्रित करता है। एक सी और एक ही स्थिति में विभिन्न व्यक्तियों के उसके नियन्त्रण का गुण, शैली व प्रकृति अलग–अलग होती हैं।

मीड (Mead) के योगदान को तीन अभ्युपगों के आधार पर समझा जा सकता है।

(1) सामाजिक यथार्थ को व्यक्ति, प्रतीकात्मक स्वरूप के माध्यम से समझता है।

(2) सामाजिक यथार्थ मनुष्य के नये प्रत्यक्षण के आधार बदलता रहता है।

(3) यह विश्व वस्तुपरक घटना है जो कि स्थायित्व के प्रतिमान व परिवर्तन की प्रक्रिया को चलाने व रोकने का कार्य करती है।

मीड में सोचने वाले व्यक्ति एवं सामाजिक शक्तियों के मध्य द्विभाजन को पाटने का प्रयास : किया गया है। मीड ने इस विचार का प्रतिपादन किया कि **स्व** एक सामाजिक इकाई है। जो कि सामाजिक अन्तक्रिया के माध्यम से निर्मित होती है। व्यक्ति समाज के माध्यम से मूल्यों और विचारों को आत्मसात

करते है। इन मूल्यों को वह अपने स्वप्रत्यक्षण का इस प्रकार अंग बना देता है कि उपयुक्त अवसरों पर वे सहज भाव से उभरते है और उपयुक्त भावनाओं के निर्माण के आधार पर उपयुक्त क्रिया कराने में मदद करते हैं। मनुष्य का स्व होता है जो कि समाजीकरण की प्रकिया में समाज में अन्तक्रिया द्धारा निर्मित होता है। और स्वं के बारे में अपनी धारणा बनाता है। इसलिए स्वं के लिए समाज महत्वपूर्ण है *(सिंधी,एन0के0: 2004)।* अतः आप यहा स्वं व समाज को मीड के विचारों की दृष्टि से समझ गये होगें।

बोध प्रश्न–2

i) मै और मुझे की धारणा से क्या तात्पर्य है

.....

.....

.....

.....

.....

ii) सामाजिक संबधों में कौन से दो तत्व पाये जाते है

.....

.....

.....

.....

.....

iii) मीड के योगदान को स्व व समाज संदर्भ में संक्षिप्त मे समझाइए।

.....

.....

.....

.....

5.6 सारांश

इस इकाई में आपने स्वयं व समाज के बारे में जाना है। कि किस प्रकार मीड स्वयं व समाज के बारे में विचार करके इसे समझाते है मीड ने **स्व व समाज** संबधी अपने विचार **"Mind, Self and Society"** नामक अपनी कृति में प्रकट किये हैं। मीड ने इस विचार का प्रतिपादन किया कि **स्व** एक सामाजिक इकाई है। जो कि सामाजिक अन्तक्रिया के माध्यम से निर्मित होती है। व्यक्ति समाज के माध्यम से मूल्यों और विचारों को आत्मसात करते है। इन मूल्यों को वह अपने स्वप्रत्यक्षण का इस प्रकार अंग बना देता है कि उपयुक्त अवसरों पर वे सहज भाव से उभरते है और उपयुक्त भावनाओं के निर्माण के आधार पर उपयुक्त क्रिया कराने में मदद करते हैं। मनुष्य का स्व होता है जो कि समाजीकरण की प्रकिया में निर्मित होता है। **स्व** के अन्तर्गत इगो, स्वबोध व सावयवी होते है। इसके माध्यम से व्यक्ति स्वयं की क्रिया के लिए वस्तु बन जाता है। वह स्वयं से ऐसे क्रिया कर सकता है जैसे किसी अन्य से करता है। अतः स्व विषय व वस्तु दोनों ही बन जाता है। यह अन्तर उसे जानवर से अलग करता है। व्यक्ति में अनेक स्व हो जाते है। स्व की कोई स्थायी संरचना नही होती है। उसकी अंतक्रियाओं में गत्यात्मकता होती है। हालांकि उसके व्यवहार में एक सीमा तक एकरूपता भी होती है। मीड ने **मै और मुझे** का भेद करके यह स्पष्ट किया कि मैं पूर्णरूपेण सामाजिक नही होता है। न ही वह पूर्ण निष्क्रिय अथवा स्वचालित होता है। मै स्थिति वि"व को परिवर्तित करता है। व्यक्ति हर स्थिति में वि"व को अपने ढंग से परिभाषित व निर्मित करता है। वह सीमित होता है। इस दृष्टि से हर क्रिया में एक तरह की मौलिकता है। मुझे सामाजिक स्व है मै आन्तरिक वास्वविक स्व है। मुझे में सामाजिक नियन्त्रण है वह मानदण्डों से निर्मित है एवं संचालित है। संगठित समुदाय व्यक्ति के स्व को एकता प्रदान करता है। जिसे सामान्यीकृत अन्य के आधार पर समझा जा सकता है। मीड यह मानते है कि 'स्व' के जन्म के बाद ही व्यक्ति सामाजिक अनुभव करता है। मीड ने उस प्रक्रिया का भी उल्लेख किया है जिसके द्वारा 'स्व' का विकास होता है और व्यक्ति तब दूसरों के विचारों को ग्रहण करता है। जन्म के समय बच्चा एक जैविकीय व्यक्ति होता है, जिसमें बुद्धि का अभाव होता है। अतः वह आन्तरिक प्रेरणाओं से प्रेरित होकर ही क्रियायें करता है। धीरे–धीरे परिवार एवं अन्य समूहों के सम्पर्क के कारण बच्चे को यह समझ पैदा होने लगती है कि उससे लोग किस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा करते हैं और उसके व्यवहारों का क्या अर्थ लगाया जाता है। इस प्रकार बच्चे का 'स्व' व्यवहार से प्रभावित होने लगता है। इसे ही वह '**सामान्यकृत अन्य (Generalized others)** कहता हैं सामान्यकृत अन्य का अर्थ है कि – किसी व्यक्ति की स्वयं के बारे में वह धारणा जो दूसरे लोग उसके बारे में रखते है। मीड ने बताया कि व्यक्ति में आत्म–चेतन का विकास किस प्रकार से होता है, **मैं (I)** तथा **मुझे (Me)** शब्दों का प्रयोग किया है। 'मैं' और मुझे में अन्तः क्रिया के कारण ही 'स्व' का विकास होता है। प्रारम्भ में

ये दोनों धारणाएं एक–दूसरे से अलग होती हैं, किन्तु परिवार एवं समाज के सम्पर्क के कारण उनमें समानता स्थापित होने लगती है और वे एक ही चीज के दो पहलू हो जाते है। अनुकरण, संकेत व भाषा के माध्यम से बच्चा दूसरों के व्यवहारों को ग्रहण करता है और उसमें विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं को निभानें की क्षमताएं पैदा हो जाती है। जिसको मीड आत्म का विकास कहता है। इसप्रकार आप इस इकाई में स्व व समाज के संबध को भली भाति जान गये होगें।

5.7 पारिभाषिक शब्दावली

स्व– **स्व** वह धारणा है जो कि व्यक्ति समाज में संपर्क करके अन्तकिया करता है और सामाजिक संबधो के आधार पर अपनी राय बनाता है कि वह समाज रूपी आईने में अपने आपको देखकर कैसा महसूस करता है– अच्छा या बुरा। मै और मुझे की धारणा द्धारा वह अपना स्व का विकास करता है। जिससे उसका आत्म का विकास होता है। और वह अपनी अंतक्रियाओं को दूसरों द्धारा आकलन करके तय करता है।

अन्तक्रिया– कोई क्रिया जिसमें एक कर्ता की क्रिया से दूसरे कर्ता की क्रिया में अथवा उसमें परिवर्तन उत्पन्न होता है, तब वह अन्तक्रिया कहलाती है।

प्रतीक/संकेत– सामान्य अर्थो में कोई क्रिया या वस्तु जो किसी अन्य क्रिया,वस्तु या विचार का प्रतिनिधित्व करती है वो प्रतीक कहलाती है। अधिक वि"ाष्ट रूप में संस्कार, स्वप्न या मिथक के शब्दार्थ के क्षेत्रों में अति लघु अर्थ इकाई को प्रतीक कहा जाता है। मनोवि"लेषण में किसी दमित अचेतन इच्छा को प्रतिनिधित्व करने वाला व्यवहार या वस्तु को प्रतीक कहा जाता है।

प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया– भाषा अथवा संकेतात्मक भाव भंगिमाओं पर आधारित संप्रेषण एवं अन्तर्क्रिया के वि"ाष्ट रूप को प्रतीकात्मक अन्तर्क्रिया कहते है। यह मानव व्यवहार की एक वि"ाष्टता है। मानव का संपूर्ण सामाजिक जीवन संप्रेषण की इस वि"ाष्टता पर आधारित है।

परिवर्तन– किसी भी वस्तु में दो समय में होने वाली भिन्नता ही परिवर्तन कहलाती है।

समाजीकरण – समाजीकरण सीखने की एक आजन्म प्रक्रिया है जिसके द्धारा व्यक्ति समूह अथवा समाज की समय व स्थान सापेक्ष सामाजिक–सांस्कृतिक वि"ोषताओं को ग्रहण करता है, अपने व्यक्तित्व का विकास करता है जिससे वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बन सके। समाजीकरण द्धारा बच्चा सामाजिक प्रतिमानों को सीखकर उनके अनुरूप आचरण करता है इससे समाज में नियन्त्रण बना रहता है।

मैं तथा मुझे – **मैं** का अर्थ व्यक्ति द्धारा दूसरों के प्रति किये जाने वाले व्यवहार से है, तथा **मुझे** का अर्थ है व्यक्ति द्धारा किये गये व्यवहार पर दूसरों की प्रतिक्रिया जिसे व्यक्ति आन्तरीकृत करता है।

सामान्यकृत अन्य – किसी व्यक्ति की स्वयं के बारे में वह धारणा जो दूसरे लोग उसके बारे में रखते है।

5.8 अभ्यास/बोध प्रश्नों के उत्तर

बोध प्रश्न–1

i) जी0 एच0 मीड

ii) कोई क्रिया जिसमें एक कर्ता की क्रिया से दूसरे कर्ता की क्रिया में अथवा उसमें परिवर्तन उत्पन्न होता है, तब वह अन्तक्रिया कहलाती है। तथा इस क्रिया को सामाजिक क्रिया तभी कहा जा सकता है जबकि इस क्रिया को करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा लगाए गए व्यक्तिनिष्ठ अर्थ अर्थात प्रातीतिक अर्थ के कारण यह क्रिया दूसरे व्यक्तियों के व्यवहार द्वारा प्रभावित हो और उसी के अनुसार उसकी गतिविधि निर्धारित हो।

iii) स्व मौलिक रूप से एक सामाजिक संरचना है और यह सामाजिक अनुभवों के कारण पैदा होता है।

iv) फेयरचाइल्ड के अनुसार, समाज व्यक्तियों का एक ऐसा समूह है जो अपने बहुत से प्रमुख हितों, जिनमें अनिवार्य रूप से स्वयं की रक्षा या भरण पोषण तथा स्वयं को स्थायित्व प्रदान करना सम्मिलत है को पूरा करने के लिए सहयोग करते है।

बोध प्रश्न–2

i) मीड ने व्यक्ति में आत्म–चेतन को स्पष्ट करने के लिए **मैं (I) तथा मुझे (Me)** शब्दों का प्रयोग किया है। मैं का अर्थ व्यक्ति द्वारा दूसरों की प्रति किये जाने वाले व्यवहार से है, तथा मुझे का अर्थ है व्यक्ति द्वारा किये गये व्यवहार पर दूसरों की प्रतिक्रिया जिसे व्यक्ति आन्तरीकृत करता है। 'मैं' और मुझे में अन्तः क्रिया के कारण ही 'स्व' का विकास होता है।

ii) सामाजिक संबधों में दो तत्व आव"यक रूप से पाये जाते है– **पारस्परिक जागरूकता व सामान्य जीवन में भागीदार होने की भावना।**

iii) मीड ने समाजषास्त्र में कई प्रमुख सिद्धान्त दिये है। जिसमें स्व व समाज के संबध में उन्होनें अपनी पुस्तक "Mind Self and Society" में बताया कि व्यक्ति ही समाज का निर्माता है जिसमें दिमाग और 'स्व' होता है। जन्म के समय बच्चा एक जैविकीय व्यक्ति होता है। धीरे–धीरे परिवार एवं अन्य प्राथमिक व द्वितीयक समूहों के सम्पर्क के कारण बच्चा यह समझने लगता है कि उससे लोग किस प्रकार के व्यवहार

की अपेक्षा करते हैं और उसके व्यवहारों का क्या अर्थ लगाया जाता है। इस प्रकार बच्चे का 'स्व' व्यवहार से प्रभावित होने लगता है। इसे ही वह 'सामान्यकृत अन्य (Generalized others) कहता हैं। वह अपना स्व का विकास, समाज में अन्तक्रियाओं व उनके व्यवहार द्धारा निधार्रित करता है।

5.9 संदर्भ ग्रन्थ सूची

Young, Kimball, (1946) *Hand book of social psychology,* kegan paul, california

Aron, Raymond, (1970) *Main currents in sociological thought,* vol.1 & 2, Penguin books, London

Bottomore, T.B., (1969) *Socioloogy: A guide to problem and literature,* Allen and unvin, London

Johnson,Harry M, (1960), *Sociology,* Allied Publ., New Delhi

Mead,G.H. (1934) *Mind,Self and Society*, The University of Chicago press,chicago

गुप्ता एवं शर्मा, (2006) *समाजशास्त्र*, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा

मुकर्जी, आर0एन0, (2002) *समकालीन उच्चतर समाज"ाास्त्रीय सिद्धान्त,* विवेक प्रका"ान, दिल्ली

सिंधी, नरेन्द्र कुमार (2004) समाज"ाास्त्रीय सिद्धान्त– विवेचना एवं व्याख्या दिल्ली

कोजर लेविस ए 1971 मास्टर्स ऑफ सो"ायॉलाजिकल थॉट : आइडियाज इन हिस्टारिकल एण्ड सो"ाल कॉनटैक्स्ट, हरकोर्ट ब्रेस जोवैनोवि"व : न्यूयार्क

5.10 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

Coser, Lewis A, (1996) *Masters of Sociological Thought,* Rawat publication, Jaipur

Mead,G.H., "*A behavioristic account of the significant symbol*" Journal of philosophy, vol.19,p.160

Giddens, Anthony, (1993) *Sociology,* polity press, Cambridge

Mitchell, G Duncan, (1979) *A New Dictionary of Sociology,* Routledge & Kegan Paul, London

Huebner, Daniel (2014), *Becoming Mead,* the University of Chicago press, chicago

सिहं,जे0 पी0, (2008) समाजशास्त्र–अवधारणाएं एवं सिद्धान्त, पीएचआई लर्निंग नई दिल्ली

5.11 निबंधात्मक प्रश्न

5. अन्तर्क्रिया से आप क्या समझते है, इसकी विस्तार से व्याख्या कीजिए ?
6. प्रतीको का अर्थ स्पष्ट करते हुये सामाजिक अन्तर्क्रिया का वर्णन कीजिए ?
7. स्व व समाज के संदर्भ में मीड के विचारों की व्याख्या कीजिए ?
8. मीड के सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए ?

इकाई 6– समाजीकरण

(Socialization)

इकाई की रूपरेखा

6.0 उद्देश्य

6.1 प्रस्तावना

6.2 समाजीकरण का अर्थ, परिभाषा एवं उद्देश्य

6.3 समाजीकरण के स्तर एवं प्रकिया

6.4 समाजीकरण के प्रमुख अभिकरण

6.5 समाजीकरण के प्रमुख सिद्धांत

6.5.1 कूले का सिद्धांत

6.5.2 मीड का सिद्धांत

6.5.3 फायड का सिद्धांत

6.5.4 दुर्खीम का सिद्धांत

6.6 सारांश

6.7 पारिभाषिक शब्दावली

6.8 अभ्यास/बोध प्रश्नों के उत्तर

6.9 संदर्भ ग्रन्थ सूची

6.10 सहायक/उपयोगी पाठ्य सामग्री

6.11 निबंधात्मक प्रश्न

6.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद आपके द्वारा संभव होगा–

- समाजीकरण के अर्थ एवं परिभाषा को समझना,
- समाजीकरण एक आजन्म प्रक्रिया है इसके उददे"यों को जानना,
- समाजीकरण के प्रमुख स्तर एवं प्रक्रिया को समाज संदर्भ में समझना,
- समाजीकरण के प्रमुख अभिकरणों को जानना,
- समाजीकरण के प्रमुख सिद्धांतो को समाज संदर्भ में समझना।

6.1 प्रस्तावना

इस प्रस्तुत इकाई में आपको समाजीकरण के बारे में समझाया जायेगा कि किस प्रकार मानव f"i"u जन्म से लेकर मृत्यू तक उसका समाजीकरण होता है। समाजीकरण एक आजन्म समय व स्थान सापेक्ष सीखने की प्रक्रिया है जिसमें उसे एक संस्कृति से दूसरी संस्कृति से परिचित कराया जाता है और इस आजन्म प्रक्रिया में व्यक्ति को अपने समूह एवं समाज के मूल्यों, जनरीतियों, लोकाचारों, आद"ोर्ा एवं सामाजिक उदद"ेयों को सीखता है। समाज के संपर्क से मानव का समाजीकरण होता है और वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बनता है। सामाजिक संपर्क के अभाव में मानव की शरीर रचना कितनी ही सुन्दर क्यों न हो वह विकसित नहीं हो सकती। समाजीकरण के द्धारा ही शरीर रचना सामाजिक–सांस्कृतिक वि"ोषताओं को ग्रहण करने एवं उनसे अनुकूलन करने की क्षमता का विकास कर पाती है। इस इकाई में आगे समाजीकरण को स्पष्ट करते हुये इसके स्तर एवं प्रक्रिया तथा समाजीकरण किन प्रमुख संस्थाओं द्धारा होता है उससे परिचित कराया जायेगा साथ ही समाजीकरण के प्रमुख सिद्धांतो के बारे में भलिभांति आपको जानकारी दी जायेगी, जिससे आप समाजीकरण को समाज संदर्भ में समझ सके।

6.2 समाजीकरण का अर्थ एवं परिभाशा

यहा पर हम आपको समाजीकरण के अर्थ एवं परिभाषा के बारे में अवगत करायेगें कि किस प्रकार समाज में मानव f"i"u का जन्म से लेकर मृत्यू तक समाजीकरण होता है। समाजीकरण एक आजन्म प्रक्रिया है। जैसे मानव में भाषा का प्रयोग करने की क्षमता होती है जो समाज के संपर्क के कारण ही व्यक्ति समाज के रीति–रिवाजों, प्रथाओं, मूल्यों, वि"वासों, संस्कृति एवं सामाजिक गुणों को सीखता है और एक सामाजिक प्राणी का दर्जा प्राप्त करता है। सामाजिक सीख की इस प्रक्रिया को समाजीकरण कहते है समाजीकरण की प्रक्रिया प्राणी"ास्त्रीय प्राणी को सामाजिक प्राणी में बदल देती है। समाजषास्त्र में समाजीकरण नामक अवधारणा का प्रयोग उन प्रक्रियाओं के लिए किया जाता है जिनके द्धारा व्यक्ति को सामाजिक–सांस्कृतिक संसार से परिचित कराया जाता है। इस प्रक्रिया में संस्कृति को एक पीढी से दूसरी पीढी को हस्तान्तरित

किया जाता है इसमें व्यक्ति अपने समूह एवं समाज के मूल्यों, जनरीतियों, लोकाचारों, आद"ार्ों एवं सामाजिक उदद"ेयों को सीखता है। समाजीकरण को विभिन्न विद्धानों ने परिभाषित किया है–

टालकॉट पारसन्स के अनुसार, व्यक्ति द्धारा सामाजिक मूल्यों को सीखने और उन्हें आन्तरीकृत करने को ही समाजीकरण कहते है।

हेनरी जॉन्सन के अनुसार, समाजीकरण एक प्रकार की सीख है जो सीखने वाले को सामाजिक कार्य को करने के योग्य बनाती है।

हारालाम्बोस के अनुसार, वह प्रक्रिया जिसके द्धारा व्यक्ति अपने समाज की संस्कृति को सीखते है समाजीकरण के नाम से जानी जाती है।

ग्रीन के अनुसार, समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्धारा बच्चा सांस्कृतिक वि"ोषताओं, आत्मपन और व्यक्तित्व को प्राप्त करता है।

गिलिन एवं गिलिन के अनुसार, समाजीकरण से हमारा तात्पर्य उस प्रक्रिया से है जिसके द्धारा व्यक्ति, समूह में एक क्रिया"ाील सदस्य बनता है, समूह की कार्यविधियों से समन्वय स्थापित करता है, उसकी परम्पराओं का ध्यान रखता है और सामाजिक परिस्थितियों से अनुकूलन करके अपने साथियों के प्रति सहन"ाक्ति की भावना विकसित करता है।

अतः उपरोक्त उल्लेखित परिभाषाओं से स्पष्ट है कि समाजीकरण सीखने की एक आजन्म प्रक्रिया है जिसके द्धारा व्यक्ति समूह अथवा समाज की समय व स्थान सापेक्ष सामाजिक–सांस्कृतिक वि"ोषताओं को ग्रहण करता है, अपने व्यक्तित्व का विकास करता है जिससे वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बन सके। समाजीकरण द्धारा बच्चा सामाजिक प्रतिमानों को सीखकर उनके अनुरूप आचरण करता है इससे समाज में नियन्त्रण बना रहता है। अब हम समाजीकरण के उदद"ेयों के बारे में बात करते है।

समाजीकरण के उददेश्य–

ब्रूम तथा सेजनिक ने समाजीकरण के संदर्भ में **चार प्रमुख उददेश्यों** का उल्लेख किया जो कि निम्न है–

अ) आधारभूत नियमबद्धता का विकास– समाजीकरण का उदद"ेय समाज के भावी लक्ष्यों और सामाजिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुये व्यवहार करना सीखना होता है। मानव की प्राकृतिक प्रेरणाएं उसे नियमहीन व्यवहार करने को प्रोत्साहित करती है लेकिन समाजीकरण के द्धारा उसको नियमबद्धता और

अनु"ाासन में रहना सीखाया जाता है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति तत्काल ही करने पर जोर नहीं देती अपितु परिस्थिति के अनुसार लक्ष्यों को आगे के लिए स्थगित करना, छोड देना अथवा सं"ाोधित करना भी सिखाती है।

ब) आंकाक्षाओं की पूर्ति–समाजीकरण नियमबद्धता के साथ ही आंकाक्षाओं की पूर्ति भी करता है, अनु"ाासन व्यक्ति को कोई पुरस्कार नहीं देकर आंकाक्षाओं की पूर्ति में सहायक होता है। समाज सामान्य सांस्कृतिक मूल्यों का ही संचारण नहीं करता है वरन वि"ाष्ट आंकाक्षाओं भी पैदा करके व्यक्ति का समाजीकरण करता है। जैसे– धर्म कुछ लोगो में पुरोहित बनने की इच्छा पैदा करता है।

स) सामाजिक भ्मिकाओं को निभाने की सीख– समाजीकरण द्धारा व्यक्ति को अपनी सामाजिक भूमिका निभाने और उससे संबन्धित अभिवृतियों को सीखाने का कार्य भी किया जाता है। समूह की सदस्यता की मांग है कि व्यक्ति सामान्य योग्यता के साथ–साथ वि"ाष्ट भूमिकाओं को निभाने की योग्यता भी प्राप्त करें। व्यक्ति समाज में अनेक पद ग्रहण करता है तो कई लोगो के संपर्क में वह आता है प्रत्येक प्रस्थिति के अनुसार व्यक्ति को एक वि"ोष प्रकार की भूमिका निभानी होती है जो समाजीकरण के द्धारा ही सीखी जाती है।

द) क्षमताओं का विकास– समाजीकरण का उददे"य व्यक्ति में ऐसी क्षमताओं को पैदा करना होता है जिससे कि वह अपने को समाज के अनुकूलन बना ले। सरल समाजों के परम्परागत व्यवहार पीढी दर पीढी हस्तान्तरित होते रहते है और सामान्यतः अनुकरण के द्धारा उन्हें सीखा एवं दैनिक जीवन में प्रयोग में लाया जाता है किन्तु उच्च तकनीकी ज्ञान से परिपूर्ण समाजों में औपचारिक ि"ाक्षा द्धारा सामाजिक क्षमताओं का विकास करना समाजीकरण का प्रमुख कार्य है।

अतः आप यहा पर समाजीकरण के अर्थ, परिभाषा एवं उददे"य से भलिभाति परिचित हो गये होगें। अब हम आपको समाजीकरण के स्तर एवं प्रक्रिया के बारे में बताते है।

6.3 समाजीकरण के स्तर एवं प्रकिया

समाजीकरण के स्तर एवं प्रकिया–

गुप्ता एवं शर्मा (2014)समाजीकरण की प्रकिया बच्चे के जन्म के बाद से ही प्रारम्भ हो जाती है। पारसन्स कहते है कि बच्चा उस पत्थर के समान है जिसे जन्म के समय सामाजिक तालाब में फेक दिया जाता है जिसमें रहकर वह अपना समाजीकरण करता है और समाज का अंग बन जाता है। मानव शरीर की रचना अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ है विकसित मस्तिष्क केन्द्रित की जाने वाली दृष्टि घुमायी जा सकने वाली गर्दन हाथ

की रचना और अंगूठे की वि"िाष्ट स्थिति आदि के कारण मानव में ही सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण की क्षमता है उसकी इसी वि"िाष्ठ संरचना के कारण ही उसमें सीखने के गुण पाये जाते है और सामाजिक सीख के द्वारा वह अपने व्यकित्व का विकास करता है सीखने का कार्य केवल समाज में ही संभव है। बच्चे का मस्तिष्क इतना कोमल होता है कि उसे किसी भी दि"ाा में मोडा जा सकता है। विभिन्न समयो व स्तरों में बच्चा विभिन्न प्रकार की बाते सिखता है और यह कार्य परिवार, पडौस, मित्र मंडली, स्कूल व द्वितीयक संस्थाओं द्वारा किया जाता है। समाजीकरण का कार्य विभिन्न स्तरो व सोपानो मे होता है जिनका उल्लेख विभिन्न विद्धानों ने निम्न किया है–

1. मौखिक अवस्था–

इस अवस्थाा मे f"ाु"ा अपना सुख दुख मुंह के माध्यम से व मुंह के हाव भाव से प्रकट करता है इसलिए इसे मौखिक अवस्था कहते है। इस अवस्था में बच्चा अपनी मां के संपर्क में रहता है। जब गर्भ में भ्रूण गर्म और आरामपूर्वक रहता है। जन्म के समय f"ाु"ा प्रथम संकट का सामना करता है, उसे सांस लेनी होती है पेट भरने के लिए काफी श्रम करना पडता है, उसे सर्दी गीलेपन और अन्य असुविधाओं से पीडा होती है वह रोता व चिल्लाता है, समाजीकरण का यह प्रथम चरण है जिसमें बच्चा मौखिक रूप से दूसरों पर निर्भर है। इस सोपान की अवधि लगभग एक डेढ वर्ष तक की होती है। पारसन्स कहते है कि परिवार के अन्य सदस्यों के लिए बच्चा एक संपदा से थोडा अधिक होता है इस अवस्था में बच्चा अपनी व अपनी मां की भूमिका में अन्तर नही कर पाता है। वह अपनी मां को पृथक नही समझता है इसमे माता और f"ाु"ा परस्पर मिले रहते है इस स्थिति को फ्रायड प्राथमिक परिचय कहते है।

2, शौच अवस्था –

यह समाजीकरण की दूसरी अवस्था है जिसमें यहा आयु लगभग डेढ–दो वर्ष की आयु से प्रारम्भ होकर तीन चार वर्ष की आयु तक चलती है। इस अवस्था में बच्चे से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने आपको थोडा बहुत स्वयं संभाले। इस अवस्था में उसे शौच प्र"िाक्षण दिया जाता है। साथ ही हाथ साफ करना, कपडे मैले न करना आदि की भी उसे f"ाक्षा दी जाती है। इस अवस्था में बच्चा अपनी और अपनी मां की भूमिका को आन्तरीकृत करता है। सही व्यवहार करने पर उसे मां से प्यार और गलत व्यवहार करने पर दण्ड मिलता है। इस अवस्था में बच्चे के लिए वह साधक नेता के रूप में होती है। वह बच्चे को अपने परिवार व समाज के सामान्य मूल्यों से परिचित करवाती है तथा प्रेम भाव द्वारा उसे सीखाती चली जाती है। इसमें बच्चा परिवार व अन्य सदस्यों के संपर्क में आकर प्यार, क्रोध, स्नेह, विरोध और सहयोग के अनुसार अपने को ढालना सीखता है जिससे बच्चे में व्यक्तित्व के विविध गुण उत्पन्न होतें है। समाजीकरण की इस अवस्था में बच्चे को दूध छुडाते समय, शौच प्र"िाक्षण देते समय तथा उसे कष्ट उठाते देखकर मां को आनन्द नही मिलता, फिर भी उसके अन्तिम परिणामों को सोचकर वह अपने को सान्त्वना देती है। माता

की दुहरी भूमिका होने के कारण वह कुछ हद तक बालक को परिवार के अन्य सदस्यों के दबाव से बचा पाती है और वह अपनी भावात्मक भूमिका निभाती है इस अवस्था में बच्चा थोडा बहुत बोलने व चलने फिरने लगता है और उसके सामाजिक संबन्धों का विकास हो जाता है क्योंकि वह अब मां के अतिरिक्त अन्य सदस्यों के संपर्क में भी आता है।

3, इडिपल या तादात्मीकरण अवस्था–

यह अवस्था लगभग चार वर्ष की आयु से प्रारम्भ होकर बारह –तेरह वर्ष की आयु तक चलती है। इसमें बच्चा पूरे परिवार का सदस्य हो जाता है। इस अवस्था में वह यौनिक भेद देख लेता है उसे इसके बारे में थोडा ज्ञान होता है लेकिन उसे इसका पूरा ज्ञान नही होता है। धीरे–धीरे उसमें यौन भावना अव्यक्त रूप से विकसित होने लगती है। बच्चे से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपने लिंग के अनुसार अपने को ढाले। बच्चे को दिये जाने वाले खिलौने व वस्त्र उनके लिंग के अनुसार ही तय होते है। जिससे बच्चा लिंगभेद करना सीखता है। और अपने हमजोलियो के समूह में जाता है।

जानसन ने सफल तादात्मय के लिए निम्न परिस्थितियों का होना बताया है– 1. लडके को पिता व लडकी को मां का पूरा स्नेह मिले, 2. बच्चा परिवार या समूह में जिस सदस्य को अपना आद"र्ा मानता है उसका बच्चे से धनिष्ठ संबन्ध हो, 3. अन्य महत्वपूर्ण व्यक्ति वि"ोष रूप से माता लडके को अपने पिता को आद"र्ा मानने के लिए प्रोत्साहित करे, 4. पिता का मा से सम्मानपूर्ण व्यवहार हो। जानसन कहते है कि ये परिस्थितिया बच्चे में भावात्मक सुरक्षा उत्पन्न करेंगी और उसे कुण्ठा तथा तनावों से बचायेगी जो कि सफल समाजीकरण के लिए आव"यक है। तादात्मीकरण स्थापना दो रूपों में होती है– एक सामाजिक भूमिका से तादात्मीकरण और दूसरा सामाजिक समूह से तादात्मीकरण। सामाजिक भूमिका से तादात्मीकरण करने के लिए वह अपनी भूमिका को आन्तरीकृत करता है। उससे संबन्धित योग्यता को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है जैसे– बालक पिता, भाई, संबन्धियों तथा परिवार के अन्य सदस्यों की आ"ाओं के अनुरूप भूमिका निभाना सीखता है। समूह से तादात्मीकरण करने के लिए वह परिवार, अपने लिंग के साथियों, स्कूल के साथियों व मित्रों के अनुरूप कार्य करता है।

4. कि"ाोरावस्था– कि"ाोरावस्था भारी तनाव का काल होती है। यह अवस्था प्रायः यौवनारम्भ के समय से शुरू हो जाती है जिसमें युवा बालक अथवा बालिका अपने माता पिता के नियन्त्रण से अधिकाधिक स्वतन्त्रता चाहते है वि"ोष रूप से यौन संबधी गतिविधियों में। क्योंकि बालक या बालिका के शरीर में कुछ स्वष्ट शारीरिक परिवर्तन होने लगते है। इन शारीरिक परिवर्तनों के कारण कि"ाोर के मन में एक तरफ स्वतन्त्रता की कामना त्रीव होती जाती है तथा दूसरी ओर वह स्वतन्त्रता से भयभीत होने लगता है। वह जीवन साथी का चुनाव और अपने व्यवसाय का चुनाव आदि के निर्णय उसे स्वयं ही लेने हो तो उसके सामने दुविधा अव"य आ जाती है क्योंकि उसके बाद उसे नयी स्थिति के अनुसार नये कार्य करने होते है।

उससे यह अपेक्षा भी की जाती है कि वह निर्णय करते समय पारिवारिक परम्पराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखे। कि"ाोर पर लगाये गये इस प्रकार के नियन्त्रण उसके मनोभावों के अनुकूल होते है जिससे तनाव बराबर बना रहता है। कि"ाौरावस्था में बच्चा परिवार के अतिरिक्त पडोस, विद्यालय, खेल के साथियों और नवागन्तुकों के संपर्क में आता है इन सभी के विचारों एवं व्यवहारों से उसे समायोजन करना होता है। वह अपनी संस्कृति के अनेक निषेधों एवं यौन संबन्धी निषेधों का पालन करना सीखता है। इस अवस्था में उसे अनेक नयी परिस्थितियों का सामना करना पडता है और उसे कई नये–नये अनुभव होते है। कई समाजों में तो कि"ाोर को आर्थिक क्रियाओं में भी भाग लेना होता है। अपने आर्थिक जीवन में सफलता बहुत कुछ उसके समाजीकरण पर निर्भर है। इस अवस्था में सांस्कृतिक मूल्यों एवं व्यक्तिगत अनुभवों के द्वारा कि"ाोर में आत्म नियत्रंण की क्षमता पैदा होती है।

5. युवावस्था– युवावस्था में व्यक्ति को अनेक नये पद प्राप्त होते है और उनसे संबन्धित भूमिकाओं को उसे निभाना होता है। उसे एक पति, पिता, दामाद, अधिकारी आदि की प्रास्थितियां प्राप्त होती है और उनके अनुरूप भूमिकाएं भी निभानी होती है। इस अवस्था में वह परिवार तथा वाहय जगत में कई महत्वपूर्ण दायित्वों को निभाता है कभी कभी उसे भूमिका संघर्ष की स्थिति का सामना करना पडता है।

6. प्रौढावस्था– प्रौढावस्था में व्यक्ति पर सामाजिक दायित्व और बढ जाते है उस पर अपने बच्चों की ि"ाक्षा दीक्षा एवं विवाह आदि का भार पडता है उसे मां बाप के रूप में एवं आफिस में वरिष्ठ अधिकारी या सेवक के रूप में नये उत्तरदायित्व संभालने होते है।

7. वृद्धावस्था– वृद्धावस्था में व्यक्ति में शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दृष्टि से कई परिवर्तन आ जाते है अब वह दादा, परदादा, श्वसुर, नाना आदि के रूप में कई नये पद ग्रहण करता है और उसके अनुरूप भूमिका भी निभाता है अगर नौकरी करता है तो वह सेवानिर्वत होकर नयी जीवन शैली में नयी चुनौतियों का सामना करना पडता है और पीढीगत चुनौतियों का भी सामना करना पडता है। अतः व्यक्ति का समाजीकरण आजन्म चलता है। आप यहा पर समाजीकरण के सोपानों को समक्ष गये होगें।

बोध प्रश्न–1

i) समाजीकरण का क्या अर्थ है ?

.....

.....

ii) समाजीकरण की कोई एक परिभाषा लिखिए ?

.....

.....

.....

iii) समाजीकरण प्रक्रिया का एक प्रमुख उददे"य लिखिए ?

.....

.....

.....

iv) समाजीकरण के प्रमुख स्तरों को लिखिए ?

.....

.....

.....

v) किस विद्धान ने समाजीकरण को 'समाज के नियमों के अनुसार सीख' के रूप में परिभाषित किया है ?

.....

.....

.....

vi) समाजीकरण की प्रक्रिया में सर्वाधिक योगदान होता है

अ) परिवार

ब) पडोस

स) नातेदारी

द) विघालय संस्था

हॉ / नही बताइए ?

vii) क्या समाजीकरण की प्रक्रिया आजन्म प्रक्रिया है ?

.....

6.4 समाजीकरण के प्रमुख अभिकरण

समाजीकरण के प्रमुख अभिकरण

मानव के समाजीकरण की प्रक्रिया आजन्म चलती रहती है इस प्रक्रिया में अनेक प्राथमिक व द्वितीयक संस्थाओं का योगदान होता है जिससे उसका समाजीकरण सही दि"ाा में हो सके। मानव समय समय पर अनेक बाते अपने जीवन में सीखता चला जाता है। विभिन्न विद्धानों द्धारा समाजीकरण के प्रमुख अभिकरण निम्न बताए गये है–



समाजीकरण के प्रमुख अभिकरण का उल्लेख निम्न है–

1. **परिवार**
2. **पडौस**
3. **कीडा समूह**
4. **नातेदारी समूह**
5. **विवाह**
6. **ि"ाक्षण संस्थाए**
7. **धार्मिक संस्थाए**
8. **आर्थिक संस्थाए**
9. **राजनीतिक संस्थाए**
10. **व्यवसाय समूह आदि**

उपरोक्त का विवरण निम्न प्रकार से है–

1. **परिवार**– परिवार का बच्चे का समाजीकरण करने में महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि बच्चा परिवार के संपर्क में ही सबसे पहले आता है। परिवार में ही उसे समाज के रीतिरिवाजों, लोकाचारों, प्रथाओं व संस्कृति का ज्ञान होता है साथ ही पति– पिता, पत्नी –माता, पुत्र– भाई व पुत्री–बहिन आदि का

ज्ञान होता है। परिवार एक सार्वभौमिक संस्था है। जैल्डिज ने छप्पन समाजों का मानव"ाास्त्रीय अध्ययन करके समाजीकरण में माता एवं पिता की भूमिका का उल्लेख किया और कहा कि माता – भावात्मक नेतृत्व व पिता– साधक नेतृत्व प्रदान करते है। पिता से बच्चा खेत व्यवसाय व नौकरी आदि के बारे में ज्ञान करता है और माता से घर आदि भावात्मक चीजें सीखता है जब पिता किसी गलत बात के लिए बच्चे को दण्ड देता है तो उस समय मां भावात्मक लगााव रखकर उसका समाजीकरण करती है। इस प्रकार बच्चे पर मां व पिता का प्रभाव सर्वाधिक पडता है। परिवार के अन्य सदस्य जैसे– भाई व बहनों का भी बच्चे के समाजीकरण पर गहरा प्रभाव पडता है। सदस्यों के पारस्परिक प्रेम, सहयोग, त्याग, अधिकार, बलिदान, सेवा, भाषा व आद"ार्ा आदि से बच्चे में भी सदगुण जन्म लेते है। अधिकार व दायित्व बच्चा परिवार में ही सीखता है। परिवार में जो कुछ बच्चा सीखता है वह उसके जीवन की स्थायी पूंजी होती है। लेकिन अगर परिवार विघटित है तो उसका बच्चे पर प्रतिकुल प्रभाव पडता है। अतः परिवार ही सर्वप्रथम बच्चे के समाजीकरण में महत्वपूर्ण है। अतः कहा जा सकता है कि परिवार ि"ा"ाू की प्रथम पाठ"ाला है।

2. कीडा समूह–

परिवार के बाद बच्चे का संपर्क कीडा समूह से होता है वह अपने मित्रों के साथ खेलता है, हॅसता है, बोलता है और कभी कभी समूह में लडाई भी करता है। कीडा के दौरान वह कभी जीतता है तो वह कभी हारता है। इस दौरान वह समूह के साथ अनुकूलन करना सीखता है कि दुसरो के साथ वह कैसा व्यवहार करे। अपनी प्रं"ासा व अपनी अवहेलना भी सुनना सीखता है। इस प्रकार कीडा समूह की प्रकिया समाजीकरण की प्रक्रिया को सफल बनाने में सहायक होती है। रिजमैन कहते है कि खेल समूह वर्तमान समय में समाजीकरण करने वाला एक महत्वपूर्ण समूह है क्योंकि आजकल व्यक्ति मार्ग द"ार्न एवं दि"ाानिर्दे"ा के लिए अपने हम उम्र के लोगों पर अधिक निर्भर करता है इसलिए व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए मित्रों की सलाह को अधिक महत्व देता है।

3. **पडोस**– समाजीकरण में बच्चे के पडोस का महत्वपूर्ण स्थान होता है बच्चा जब चलना फिरना जान जाता है तो वह पडोस में भी जाना शुरू करता है पडोस के सदस्यों के द्धारा वह प्यार स्नेह व्यवहार करना सीखता है बच्चे अनजाने में ही पडोस से कई बाते सीख जाते है जैसे बच्चे के व्यवहार व प्यार द्धारा उसकी पडोस से प्रं"ासा व निन्दा भी होती है जिससे उसके समाजीकरण में आचरण की भावना पैदा होती है।
4. **नातेदारी समूह**– समाजीकरण में नातेदारी का स्थान महत्वपूर्ण होता है। व्यक्ति की नातेदारी दो संबधो– रक्तसंबधी व वैवाहिक संबधी होती है। इसमें बच्चा माता–पिता, चाचा–चाची, दादा दादी, भाई–बहिन आदि रि"तों को जानकर उनके प्रति कैसे व्यवहार किया जाता है उसको सीखता है।

तथा वैवाहिक नातेदारी में मामा–मामी, मौसी, नाना नानी आदि जो नातेदारी होती है उनको जानकर उनके प्रति अपनी अपेक्षा व व्यवहार को सीखता है। किसी नातेदारी में घनिष्ठ व हंसी मजाक संबध व किसी नातेदारी में परिहार संबध होतें है । अतः नातेदारी भी बच्चे के अच्छे समाजीकरण में अगर सही दि"ाा की ओर अपने कर्तव्य करे तो बच्चे का समाजीकरण अच्छा होता है।

5. **विवाह**– विवाह का भी व्यक्ति के समाजीकरण पर गहरा प्रभाव पडता है। विवाह के बाद लडके व लडकी को पति व पत्नी की भूमिका निभानी होती है। विवाह के बाद दोनो पर नये दायित्व आ जाते है तथा एक दूसरे के प्रति प्रेम व सम्पर्ण का भाव होता है आगे चलकर यही दोनो माता पिता, दादा दादी व नाना नानी आदि प्रस्थितियां ग्रहण करते है साथ ही दोनो वर व वधू पक्ष की नातेदारी को भी निभाना सीखता है। इस प्रकार व्यक्ति विवाह के माध्यम से प्रत्येक प्रस्थिति को आत्मसात कर उसकी भूमिका को निभाना सीखता है। जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति का समाजीकरण होता रहता है।

उपरोक्त प्राथमिक संस्थाओं के अतिरिक्त अनेंक द्वितोयक संस्थाऐं भी व्यक्ति के समाजीकरण में अपना योगदान करती है। आइए अब हम द्वितीयक संस्थाओं के योगदान को जानते है–

6. **f"ाक्षण संस्थाएं**– f"ाक्षण संस्थाओं का समाजीकरण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। f"ाक्षण संस्थाओं में– स्कूल, कालेज एवं वि"वविधालय आदि संस्था आती है। f"ाक्षण संस्थाओं में बच्चा अपने अध्यापको के संपर्क में आकर कठिन परिश्रम करके ज्ञान व f"ाक्षा अर्जित करता है तथा किसी एक अध्यापक को अपना आद"ा मानता है उसके अनुसार अपने को ढालने की कौf"ा"ा करता है। साथ ही सहपाठियों के साथ व्यवहार व नवीन किताबों से ज्ञान अर्जित करता है। f"ाक्षा ही व्यक्ति की एक मात्र कुंजी होती है जो उसका चहुमुंखी विकास करती है। अतः बच्चे के समाजीकरण में f"ाक्षा उसे रोजगार देने के साथ ही उसे कैसे व्यहार व कैसा ज्ञान अर्जित करना है वह सीखाती है। जिससे उसका समाज में सही दि"ाा की ओर समाजीकरण होता है।
7. **धार्मिक संस्थाए**– व्यक्ति के जीवन पर धर्म का गहरा प्रभाव पडता है अपने धर्म के अनुरूप व्यक्ति आचरण, पूजा, पाठ, श्रद्धा, व्यवहार आदि सीखता है और अन्य धर्म के ग्रन्थ व उस धर्म से संबधित जानकारी प्राप्त करता है। धर्म व्यक्ति को अनु"ाासन में रहना सीखाता है। ई"वरीय भय एवं श्रद्धा के कारण वह नैतिकता तथा अन्य गुणों को ग्रहण करता है। स्वयं मैलोनॉवस्की कहते है कि संसार में मनुष्यों का कोई भी समूह धर्म के बिना नही रह सकता चाहे वह कितना भी जंगली क्यों

न हो। सभी धार्मिक संगठन अपने अनुयायियों में मानवीय गुणों को बढाने का कार्य करते है। इसप्रकार धार्मिक संस्थाए मनुष्यों का धर्म संदर्भ में समाजीकरण करती है।

8. **राजनीतिक संस्थाए**– राजनीतिक संस्थाओं के माध्यम से व्यक्ति राजनीति की बाते सिखता है। राज्य, सरकार, कानून, दल व पंचायत आदि राजनीति के संबध में व्यक्ति का समाजीकरण होता है। ताना"ाही व प्रजातन्त्रीय शासन में भिन्न –भिन्न प्रकार का समाजीकरण होता है। ताना"ाही सरकार में व्यक्ति के जीवन में सुरक्षा की भावना कम होती है जबकि प्रजातान्त्रिक राज्य में सरकार लोगो की भलाई के लिए अनेक कार्य करती है जिससे समाज में उन्नति हो सके और व्यक्तियों को व्यक्तित्व निर्माण के सुअवसर प्राप्त हो सके। जिससे व्यक्ति समाज व राजनीति के महत्वपूर्ण पहलुओ की सही जानकारी प्राप्त कर समाज में अपनी भूमिका निभाता है।
9. **आर्थिक संस्थाए**– व्यक्ति को आर्थिक संबधी जानकारी आर्थिक संस्थाओं के माध्यम से होती है। यह संस्थाए व्यक्ति को जीवन यापन के लिए समर्थ बनाती है। आर्थिक जीवन में प्रवे"ा करते ही व्यक्ति को अपने कारखानों, कार्यालय, व्यापारिक प्रतिष्ठान एवं दूसरे संगठनों में ऐसे बहुत से व्यक्तियों से अनूकुलन करना होता है जिनके आर्थिक उददे"य एक दूसरे से भिन्न होते है। इन समूहो के बीच सहयोग और समायोजन के साथ व्यक्ति को प्रतिस्पर्धा में भी कु"ाल बनना आव"यक होता है। वर्तमान में सामाजिक स्थिति का निर्धारण व्यक्ति की आर्थिक स्थिति से होने लगा है। व्यक्ति अपनी आर्थिक गतिविधियों जैसे– बाजार, मूल्य प्रणाली, रूपया व उत्पादन आदि की जानकारी प्राप्त कर सीखता है। जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक संस्थाओं के द्धारा उसका समाजीकरण होता है।
10. **व्यवसाय समूह**– व्यक्ति जिस व्यवसाय में लगा होता है उसके मूंल्यों को भी ग्रहण करता है। वह व्यवसाय के दौरान अनेक व्यक्तियों के पदानुसार संपर्क में आता है। जिससे वह व्यावसायिक ज्ञान व गुण ग्रहण करता है तथा प्र"ाासनिक ढांचे से परिचित होता है और अपना समाजीकरण करता जाता है।*(अग्रवाल, जी0के0: 2016)*

अतः स्पष्ट है कि व्यक्ति का समाजीकरण अनेक संस्थाओं के द्धारा होता है जिससे उसके जन्म लेते ही उसका समाजीकरण शुरू हो जाता है और जीवन के विभिन्न पडाओं पर वह सीखता जाता है। वह जन्म से मृत्यू तक उसका समाजीकरण होता है जिसमें समाज द्धारा परिवार, पडौस, क्रीडा समूह, नातेदारी, विवाह, ि"ाक्षण संस्था, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक व व्यावसायिक आदि संस्थाए अपनी भूमिका निभाती है। स्वयं डेविस कहते है कि व्यक्ति दो भिन्न प्रकार के संचरण की उपज होता है– आनुवं"ाक व सामाजिक। आनुवं"ाक में माता पिता के वाहकाणुओं, गुणसूत्रों एवं प्रजनन की क्रिया द्धारा व्यक्ति को शरीर एवं शारीरिक क्षमताएं प्राप्त होती है। वही दूसरी ओर सामाजिक में

सामाजिक सांस्कृतिक सीख तथा प्रतीकात्मक संवहन द्धारा व्यक्ति की सामाजिक वि"ोषताएं प्राप्त होती है। आनुवं"ाक व सामाजिक के द्धारा ही व्यक्ति का समाजीकरण होता जाता है। इसप्रकार आप यहा पर बच्चे का विभिन्न स्तरों पर समाजीकरण प्रमुख अभिकरणों अथवा संस्थाओं द्धारा होता है, से भलिभाति परिचित हो गये होगें।

6.5 समाजीकरण के प्रमुख सिद्धान्त

समाजीकरण के संदर्भ में विभिन्न विद्धानों ने व्यक्ति का समाजीकरण कैसे होता है उस संदर्भ में विद्धानों ने अपने विचारो द्धारा निम्न सिद्धान्त प्रतिपादित किये है, जिनका उल्लेख निम्न है–

1. कूले का सिद्धान्त (Cooley's Theory)

अमरीकरन समाज"ाास्त्री कूले ने अपनी पुस्तक ''**Human Nature and the Social Order**'' में अपने समाजीकरण सम्बन्धी सिद्धान्त को प्रस्तुत किया है। उनका सिद्धान्त ''आत्म दर्पण द"ार्न का सिद्धान्त'' (Looking-glass self Theory) के नाम से जाना जाता है। कूल ने अपने सिद्धान्त का प्रतिपादन व्यक्ति और समाज के सम्बन्धों को स्पष्ट करने के सन्दर्भ में किया। उनका मत है कि समाज के सम्पर्क में आने पर ही व्यक्ति के 'आत्म का विकास होता है। समाज व्यक्ति के लिए दर्पण का कार्य करता है, वह उसमें अपनी छवि देखता है ओर समाज के लोग उसके बारे में क्या राय रखते है, उसी आधार पर वह अपने बारे में अपनी धारणा बनाता है। जिस प्रकार से हम आइना देखकर यह ज्ञात करते है कि हम अमुक पोषाक पहनने पर कैसे लगते है, बाल ठीक से संवारे हुए है या नहीं आदि, बालक भी समाज रूपी आइने में अपने आपको देखता है। समाज के लोग उसके बारे में क्या राय रखते है, इसी आधार पर वह अपने बारे में राय बनाता है। जिससे उसमें हीनता या श्रेष्ठता के भाव पैदा होते है। इस प्रकार व्यक्ति के स्वः का विकास दूसरों की प्रतिक्रिया से होता है।

हारटन तथा हण्ट कहते है कि कूले ने 'Looking glass Self" शब्द थेकरे की वेनिटी फेयर नामक कृति से लिया है। इनके अनुसार, संसार एक दर्पण है जो प्रत्येक व्यक्ति को उसका स्वयं का चेहरा प्रतिबिम्बत करता है। आप भौहें चढ़ाइये तो इसमें आप चिडचिड़े दिखायी देंगे। आप इसकी ओर तथा इसके साथ हंसिये तो यह आपका खुषमिजाज व कृपालु साथी होगा।''

कूले ने 'आत्म दर्पण द"ार्न' प्रक्रिया के तीन चरणों का उल्लेख किया है। –

- व्यक्ति यह सोचता है कि दुसरे उसके बारे में क्या सोचते है,

- दूसरों के निर्णय के आधार पर वह स्वयं अपने बारे में क्या सोचता है,
- मैं अपने बारे में सोचकर अपने को कैसा मानता हूं ,गर्व अनुभव करता हूं या ग्लानि।

इन तीनों बातों को स्पष्ट करने के लिए हॉर्टन व हण्ट ने एक उदाहरण द्वारा समक्षाया, मान लीजिए आप एक कमरे में प्रवे"ा करते हैं जहां कुछ व्यक्ति एक समूह में परस्पर बातें कर रहे हैं। आपके आते ही वे बहाना बनाकर वहां से चले जाते हैं ओर ऐसा कई बार होता है तो आपकों अपने बारे में हीनता की भावना महसूस होगी। इसके विपरीत, आपके कमरे में प्रवे"ा करने पर सभी व्यक्ति आपको घेर लेते है और आपसे चर्चा करना चाहते हैं तो आपको गर्व महसूस होगा। इस प्रकार दूसरे व्यक्ति हमारे प्रति जिस प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं हम अपने बारे में वैसी धारणा बनाते है। लेकिन कई बार ऐसा भी होता है कि दूसरे हमारे बारे में जो राय बनाते है उसे जिस रूप में हम सोचतें है उसमें तथा वास्तव में दूसरों द्वारा हमारे प्रति बनायी गयी धारणा में अन्तर होता है।

इस प्रकार कूले के अनुसार व्यक्ति का दूसरों से सम्पर्क होने से 'स्व' का निर्माण होता है जो कि समाजीकरण का प्रमुख आधार है। स्व के निर्माण के आधार पर ही व्यक्ति अपना मूल्यांकन करता है, वह अपने को हीन या श्रेष्ठ समझता है और समाजीकरण की दि"ाा तय करता है। व्यक्ति समाज का ही प्रतिबिम्ब है।

2. मीड का सिद्धान्त (Mead's Theory) –

मीड ने समाजीकरण सम्बन्धी अपने विचार "Mind, Self and Society" नामक अपनी कृति में प्रकट किये हैं। मीड यह मानते है कि व्यक्ति ही समाज का निर्माता है जिसमें दिमाग और 'स्व' होता है। 'स्व' मौलिक रूप से एक सामाजिक संरचना है और सामाजिक अनुभवों के कारण ही पैदा होता है। 'स्व' के जन्म के बाद ही व्यक्ति सामाजिक अनुभव करता है। मीड ने उस प्रक्रिया का भी उल्लेख किया है जिसके द्वारा 'स्व' का विकास होता है और व्यक्ति तब दूसरों के विचारों को ग्रहण करता है। जन्म के समय बच्चा एक जैविकीय व्यक्ति होता है, जिसमें बुद्धि का अभाव होता है। अतः वह आन्तरिक प्रेरणाओं से प्रेरित होकर ही क्रियायं करता है। धीरे–धीरे परिवार एवं अन्य समूहों के सम्पर्क के कारण बच्चे को यह समझ पैदा होने लगती है कि उससे लोग किस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा करते हैं और उसके व्यवहारों का क्या अर्थ लगाया जाता है। इस प्रकार बच्चे का 'स्व' व्यवहार से प्रभावित होने लगता है। इसे ही वह '**सामान्यकृत अन्य (Generalized others)** कहता हैं सामान्यकृत अन्य का अर्थ है कि – किसी व्यक्ति की स्वयं के बारे में वह धारणा जो दूसरे लोग उसके बारे में रखते है।

मीड ने बताया कि व्यक्ति में आत्म–चेतन का विकास किस प्रकार से होता है, **मैं (I)** तथा **मुझे (Me)** शब्दों का प्रयोग किया है। इसलिए इस सिद्धान्त को **मैं और मुझे का सिद्धान्त** भी कहते है। मैं का अर्थ व्यक्ति द्वारा दूसरों की प्रति किये जाने वाले व्यवहार से है, तथा मुझे का अर्थ है व्यक्ति द्वारा किये गये व्यवहार पर दूसरों की प्रतिक्रिया जिसे व्यक्ति आन्तरीकृत करता है। 'मैं' और मुझे में अन्तः क्रिया के कारण ही 'स्व' का विकास होता है। प्रारम्भ में ये दोनों धारणाएं एक–दूसरे से अलग होती हैं, किन्तु परिवार एवं समाज के सम्पर्क के कारण उनमें समानता स्थापित होने लगती है और वे एक ही चीज के दो पहलू हो जाते है। अनुकरण, संकेत व भाषा के माध्यम से बच्चा दूसरों के व्यवहारों को ग्रहण करता है और उसमें विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं को निभानें की क्षमताएं पैदा हो जाती है। जिसको मीड आत्म का विकास कहता है। कूले अपने सिद्धान्त में व्यक्ति व समाज को समान रूप से महत्वपूर्ण मानते है लेकिन मीड समाज को ज्यादा महत्व देते है। कूले आत्म को एक धारणा मानते है जबकि मीड आत्म को स्वयं के बारे में चेतना मानते है। मीड का सिद्धांन्त समाजीकरण के लिए ज्यादा स्पष्ट प्रतीत होता है।

3. फायड का सिद्धान्त (Freud's Theory) –

फ्रायड नाम मनोवैज्ञानिक ने समाजीकरण का सिद्धान्त मानसिक क्रियाओं के आधार पर समझाया है। इनके अनुसार, मानव का समस्त व्यवहार लिबिडो अर्थात काम–प्रवृत्तियों से तय होता है। फ्रायड ने समाजीकृत आत्म की समाज"ास्त्रियों की अवधारणा को चुनौती दी और कहा कि 'स्व' एवं समाज में कोई ताल–मेल नहीं होता है। वह यह मानते हैं कि मानव व्यवहार का तार्किक पक्ष उसी प्रकार है जिस प्रकार किसी समुद्र में हिमखण्ड का बाहरी भाग होता हैं, जिस प्रकार हिमखण्ड का अधिकां"ा भाग पानी में रहता है उसी प्रकार मानव व्यवहार का अधिकां"ा भाग भी अनदेखा व अचेतन शक्तियों द्वारा संचालित होता है। फ्रायड ने 'स्व' को 'इड (Id), 'अहम' (Ego) और 'पराअहम्' (Super ego) इन तीन भागों में बांटा। 'इड' अहम् की मूल–प्रवृत्तियों, प्रेरणाओं, असमाजीकृत इच्छाओं एवं स्वार्थो का योग है। इड के सामने नैतिक–अनैतिक, अच्छे–बुरे का कोई प्रष्न नहीं होता है। यह पा"ाविक प्रवृति के निकट है जो किसी न किसी प्रकार सन्तुष्टि चाहता हैं 'अहम' (Ego) स्व का चेतन एवं तार्किक पक्ष है जो व्यक्ति को समाजिक परिस्थितियों के अनुकूल व्यवहार करने का निर्दे"ा देता है और 'इड' पर नियन्त्रण रखता है। 'अहम्' भी 'इड' के समान नैतिक–अनैतिक, प्रेम व घृणा को अधिक महत्व तो नहीं देता फिर भी यह अधिक व्यावहारिक है क्योंकि यह 'इड' को परिस्थितियों के अनुकूल होने पर ही अपनी इच्छा की पूर्ति की स्वीकृति देता हैं। पराअह्म (Super ego) सामाजिक मूल्यों एवं आाद"ोर्ा का संयोग है जिसे व्यक्ति ने आत्मसात् कर रखा है और जो उसकी आन्तरात्मा का निर्माण करते है। जैसें– यदि एक व्यक्ति बहुत भूखा है उसे खाना चाहिए तो यह भूख इड कहलाती है, अब अहम् कहेगा कि यदि खाना चाहिए तो मेहनत कर पैसा कमाकर

खाओ और न मिले तो चोरी करके खाओं लेकिन पराअह्म कहेगा कि चोरी करना पाप है अनैतिक है व सामाजिक मूल्यों के विपरीत है। अत : ऐसा मत करो। इसप्रकार अहम् व इड सामाजिक परिस्थितियों में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयत्न करता है लेकिन पराअह्म विवके और सामाजिक मूल्यों को प्रकट करता है। जो कि व्यक्ति के समाजीकरण का प्रमुख आधार है।

फ्राइड कहते है कि इड और पराअहम् में सदैव संघर्ष पाया जाता है, क्योंकि समाज यौन इच्छाओं और आक्रमण भावनाओं पर प्रतिबन्ध लगाता है। सामान्यतः इड उस संघर्ष में हार जाता है, किन्तु कभी–कभी वह पराअहम् की अवहेलना भी कर देता है और व्यक्ति समाज–विरोधी कार्य कर बैठता है। इस प्रकार फ्रयड स्व और समाज को एक–दूसरे के पूरक न मानकर परस्पर विरोधी मानता है। फ्राइड के अनुसार 'इड– व –पराअहम् के पारस्पकि संघर्ष की प्रक्रिया से ही व्यक्ति का समाजीकरण होता है। बचपन में व्यक्ति जब सामाजिक व्यवहार से परिचित नहीं होता है तो 'इड' से प्रभावित होकर व्यवहार करता है। दूसरे लोगों के संपर्क में आने पर उसे इस बात का ज्ञान होता है कि अपनी आव"यकता किस प्रकार पूरी की जानी चाहिऐं, यही अहम् के विकास की स्थिति हैं अन्य व्यक्ति के सम्पर्क से ही वह सामाजिक मूल्यों एवं आद"र्ो से परिचित होता है, वह यह जानने लगता है कि समाज किस प्रकार के व्यवहार को स्वीकार व अस्वीकार करता है। नैतिक व अनैतिक समझता है। वइ 'इड' ओर 'अहम' की बात को ठुकरा कर जितना पराअहम् आचरण करता है, उतना ही उसका समाजीकरण सफल माना जाता है। इस प्रकार आप यहा यह समझ गये होंगे कि कूले व मीड आत्म को सामाजिक अन्तक्रिया का परिणाम मानते है लेकिन फ्रायड समाजीकरण को मानसिक क्रियाओं का परिणाम मानते है। फ्रायड ने मानव व्यक्तित्व को इड अहम् व पराअहम् में जिस प्रकार विभाजित किया है उसे हम आनुभाविक प्रयोग के आधार पर सिद्ध नहीं कर सकते। अतः यह सभ्यता से परे एवं काल्पनिक अधिक लगता है।

4, दुर्खीम का सिद्धान्त – दुर्खीम ने समाजीकरण संबधी विचार **"Sociology and philosophy" कृति** में प्रतिपादित किये। दुर्खीम ने समाजीकरण संबधी विचारों को **सामूहिक प्रतिनिधित्व तथा सामूहिक चेतना** के आधार पर स्पष्ट किया और बताया कि व्यक्ति द्धारा सामाजिक प्रतिनिधानों का आन्तरीकरण करना ही समाजीकरण है। प्रत्येक समाज में कुछ विचार, धारणाएं व भावनाएं ऐसी होती है जिसे सभी सदस्य स्वीकार करते है क्योंकि ये सभी के द्धारा मान्य होते है और सारे समूह का प्रतिनिधित्व करते है शुरूआत में इनका संबध व्यक्तित्व चेतना से होता है लेकिन सभी लोगों की पारस्परिक अन्तक्रिया के कारण सामूहिक चेतना का निर्माण होता है जो कि सामूहिक प्रतिनिधिानों को जन्म देती है जैसे– सामाजिक परम्परा, धर्म, रीतिरिवाज, प्रथाएं, मूल्य एवं आद"र्ा सामूहिक आद"र्ा है। समूह के सभी लोग इनका पालन करते है। सामूहिक प्रतिनिधानों का पालन करना व्यक्ति अपना दायित्व समक्षते है इनके पीछे

नैतिकता का दबाव होता है इनकी अवहेलना करने पर सामूहिक प्रतिक्रिया होती है, दण्ड की व्यवस्था की जाती है। व्यक्ति द्धारा सामूहिक प्रतिनिधानों को सीखता है आत्मसात् करता है और उनके अनुरूप आचरण करता है जिससे परिणामस्वरूप व्यक्ति का समाजीकरण होता जाता है। सामूहिक प्रतिनिधान वे विचार या व्यवहार है जिन्हें सारे समूह की स्वीकृति प्राप्त होती है जो सामूहिक चेतना के प्रतीक हो, संपूर्ण समाज में समान रूप से व्यापत हो तथा जो व्यक्तियों पर नियंत्रण बनाए रखते हो। सामाजिक प्रतिनिधानों का दवाब उसमें सामाजिक गुणों का विकास करता है *(गुप्ता एवं शर्मा: 2014)* । इस प्रकार आप यहा पर समाजीकरण के प्रमुख सिंद्धान्तो को व्यक्ति के समाजीकरण के संदर्भ मे भलीभाति समक्ष गये होगें।

बोध प्रश्न–2

i) समाजीरण से क्या तात्पर्य है

.....

.....

.....

.....

.....

ii) समाजीकरण के स्तर में परिवार का क्या योगदान है

.....

.....

.....

.....

.....

iii) समाजीकरण में शैक्षिणिक संस्थाओं का क्या योगदान है

.....

.....

.....

.....

iv) मीड का समाजीकरण सिद्धांत संक्षिप्त मे बताइए।

.....

.....

.....

.....

v) कुछ प्रमुख समाजीकरण के सिद्धांतो के नामों का उल्लेख संक्षिप्त में कीजिए।

.....

.....

.....

6.6 सारांश

इस इकाई में आपने समाजीकरण के बारे में जाना है। समाजीकरण एक सामाजिक–मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसके द्धारा हम समाज के सक्रिय सदस्य बनते है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति समाज के मानदंडो और मूल्यों के आन्तरीकरण के साथ–साथ अपनी सामाजिक भूमिकाओं को सम्पादन करना सीखता है। इसी प्रक्रिया के द्धारा स्वः का विकास होता है। इस प्रक्रिया में परिवार, क्रीडा समूह, नातेदारी, विद्यालय आदि संस्थाओं द्धारा अपने जीवन के विभिन्न समयान्तरालों पर व्यक्ति सीखता जाता है। व्यक्ति को सीखने की क्षमता सामाजिक संपर्क से ही संभव होती है। स्वयं स्टीवर्ट एवं गिलिन ने समाजीकरण के तीन आव"यक तत्व बताये है–अन्तक्रिया, भावात्मक स्वीकृति और संचार या भाषा। समाजीकरण एक आजन्म प्रक्रिया है। जिसमें समाजीकरण के सोपानों में मौखिक अवस्था, शौच अवस्था, तादात्मीकरण अवस्था, कि"ाोरावस्था, युवावस्था, प्रौढावस्था व वृद्धावस्था आदि जीवन के सोपान होते है जिसमें व्यक्ति प्रत्येक सोपानो पर सीखता जाता है। साथ ही आपको समाजीकरण के विभिन्न विद्धानों द्धारा प्रतिपादित सिद्धांन्तों के बारे में बताया गया है। जिसमें बताया गया कि व्यक्ति अपने स्वं का विकास, व्यवहार व दूसरों की प्रतिक्रिया से कैसें प्रभावित होता है। इस प्रकार हम समझ सकते है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और वह समाजीकरण की प्रक्रिया द्धारा समूह अथवा समाज की सामाजिक–सांस्कृतिक वि"ोषताओं को ग्रहण करता है अपने व्यक्तित्व का विकास करता है और समाज का क्रिया"ाील सदस्य बनता है। समाजीकरण द्धारा बच्चा सामाजिक प्रतिमानों को सीखकर उनके अनुरूप आचरण करता है जिससे समाज में नियन्त्रण बना रहता है। लेकिन अगर

व्यक्ति का समाजीकरण गलत तरीको या गलत संगत आदि कारणों से घटित हो तो समाजीकरण की दि"ाा भी बदल जाती है। इसलिए सफल समाजीकरण के लिए समाज में विभिन्न संस्थाए अपना योगदान देती है।

6.7 पारिभाषिक शब्दावली

समाजीकरण – समाजीकरण सीखने की एक आजन्म प्रक्रिया है जिसके द्धारा व्यक्ति समूह अथवा समाज की समय व स्थान सापेक्ष सामाजिक–सांस्कृतिक वि"ोषताओं को ग्रहण करता है, अपने व्यक्तित्व का विकास करता है जिससे वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बन सके। समाजीकरण द्धारा बच्चा सामाजिक प्रतिमानों को सीखकर उनके अनुरूप आचरण करता है इससे समाज में नियन्त्रण बना रहता है।

आजन्म प्रक्रिया – आजन्म प्रक्रिया वह है जो जन्म से लेकर मृत्यू तक चलने वाली प्रक्रिया है।

मौखिक अवस्था– ि"ा"ाू अपना सुख–दुख मुंह के माध्यम से व मुंह के हाव–भाव से प्रकट करता है उस अवस्था को मौखिक अवस्था कहते है। इस अवस्था में बच्चा परिवार में मां के अतिरिक्त किसी को नही जानता है।

नातेदारी– नातेदारी दो प्रकार से बनती है– रक्त संबधी व विवाह संबधी, रक्त संबधी में भाई–बहिन, माता पिता आदि होते है जो कि रक्त व वं"ा के आधार पर बनती है तथा विवाह संबधी में वर व वधु का विवाह होने के उपरान्त दोनो पक्ष की बनती है जैसे– जीजा, साली व श्वसुर तथा नन्द व देवर आदि।

मैं तथा मुझे – **मैं** का अर्थ व्यक्ति द्धारा दूसरों के प्रति किये जाने वाले व्यवहार से है, तथा **मुझे** का अर्थ है व्यक्ति द्धारा किये गये व्यवहार पर दूसरों की प्रतिक्रिया जिसे व्यक्ति आन्तरीकृत करता है।

सामान्यकृत अन्य – किसी व्यक्ति की स्वयं के बारे में वह धारणा जो दूसरे लोग उसके बारे में रखते है।

परिवर्तन– किसी भी वस्तु में दो समय में होने वाली भिन्नता ही परिवर्तन कहलाती है।

नकारात्मक समाजीकरण– व्यक्ति कई बार समाज द्धारा अस्वीकृत व्यवहारों को सीखता है जैसे– एक बच्चा चोरी करना व गाली देना अगर सीखता है तो उसे नकारात्मक समाजीकरण कहते है।

6.8 अभ्यास/बोध प्रश्नों के उत्तर

बोध पश्न–1

i) समाजीकरण सीखने की एक आजन्म प्रक्रिया है जिसके द्धारा व्यक्ति समूह अथवा समाज की समय व स्थान सापेक्ष सामाजिक–सांस्कृतिक वि"ोषताओं को ग्रहण करता है, अपने व्यक्तित्व का विकास करता है जिससे वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बन सके।

ii) ग्रीन के अनुसार, समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्धारा बच्चा सांस्कृतिक वि"ोषताओं, आत्मपन और व्यक्तित्व को प्राप्त करता है।

iii) समाजीकरण के प्रमुख उदद"ोयों में से एक उदद"ोय बच्चे के अन्दर आधारभूत नियमबद्धता का विकास करना है।

iv) समाजीकरण में प्रमुख स्तर– मौखिक अवस्था, शौच अवस्था, इडिपल या तादात्मीकरण, कि"ाोरावस्था, युवावस्था, प्रौढावस्था व वृदावस्था है।

v) हेनरी जॉन्सन

vi) परिवार

vii) हॉ

बोध प्रश्न–2

i) समाजीकरण सीखने की एक आजन्म प्रक्रिया है जिसके द्धारा व्यक्ति समूह अथवा समाज की समय व स्थान सापेक्ष सामाजिक–सांस्कृतिक वि"ोषताओं को ग्रहण करता है, अपने व्यक्तित्व का विकास करता है जिससे वह समाज का क्रिया"ाील सदस्य बन सके। समाजीकरण द्धारा बच्चा सामाजिक प्रतिमानों को सीखकर उनके अनुरूप आचरण करता है इससे समाज में नियन्त्रण बना रहता है।

